

भारतीय क्रिकेट टीम अभी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने गुरुवार को भारतीय टीम से मुलाकात करके खिलाड़ियों से बात की और उनके साथ सेल्फी भी ली।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 328 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## अमित शाह नींद से जागे और जिम्मेदारी निभाएं: अरविंद केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली के प्रशांत विहार इलाके में गुरुवार सुबह तेज धमाके से सनसनी फैल गई। हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। वहीं इस घटना पर दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया- दिल्ली में मर्डर, रंगदारी, लूट और लगातार बढ़ते क्राइम से जनता पहले से ही डर के साये में है और आज एक धमाका भी हो गया। दिल्ली में आराम से और सुरक्षित जीने का सबको अधिकार है। गृहमंत्री अमित शाह जी, कृपया नींद से जागिए और अपनी जिम्मेदारी निभाइए। पुलिस के मुताबिक, सुबह 11:47 बजे डीडी नंबर 46ए के जरिए बंसीवाला स्वीट, प्रशांत विहार के सामने विस्फोट और भीड़ इकट्ठा होने के संबंध में एक कॉल आई। कॉल मिलने पर स्थानीय पुलिस, एफएसएल टीम, क्राइम टीम, फायर टेंडर और एम्बुलेंस तुरंत पीवीआर रोड, प्रशांत विहार स्थित घटनास्थल पर पहुंची।

# झारखंड: हेमंत सोरेन की हुई 'ताजपोशी'

- झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने रांची में झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली



**शपथ ली**

**इंडिया ब्लॉक के दिग्गज बने साक्षी, मंच पर राहुल, केजरीवाल, ममता समेत 10 पार्टियों के नेता मौजूद रहे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**रांची:** रांची के मोरहाबादी मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने रांची में झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। हेमंत सोरेन चौथी बार राज्य के मुख्यमंत्री बने हैं। हेमंत सोरेने के शपथ ग्रहण समारोह में उनके पिता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन और उनकी मां रूपी सोरेन भी मंच पर मौजूद रहीं। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी मंच पर मौजूद थे। विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन ने भाजपा के गमलियाल हेम्ब्रोम को 39 हजार 791 मतों के अंतर से हराकर बरहेट सीट बरकरार रखी थी। जबकि झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में 56 सीटें हासिल कर शानदार जीत हासिल की, जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को 24 सीटें मिलीं। बता दें कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने गठबंधन में सिर्फ 43 सीटों पर चुनाव लड़ा और 34 सीटें हासिल की थी। राजद नेता तेजस्वी यादव, सपा प्रमुख अखिलेश यादव और अन्य नेता झारखंड के मनोनीत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और अन्य नेता झारखंड के मनोनीत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए रांची पहुंचे।

### हेमंत सोरेन ने अकेले ही ली शपथ

**हेमंत** सोरेन ने अकेले ही राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली है। मामले में कांग्रेस महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि विधानसभा में विश्वास मत के बाद मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाएगा। वहीं हेमंत सोरेन के शपथग्रहण समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू शामिल हुए हैं। शपथ ग्रहण समारोह में अन्य प्रमुख दलों के नेता भी



शामिल हुए, इनमें भाकपा (माले) लिबरेशन महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, आम आदमी पार्टी (आप) नेता अरविंद केजरीवाल, शिवसेना (उबाठा) नेता उद्धव ठाकरे, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) नेता महबूबा मुफ्ती, तमिलनाडु से उदयनिधि स्टालिन, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार शामिल हुए।

### पढ़ाई बीच में छोड़ी, पहला ही चुनाव हार गए; अब रिकॉर्ड चौथी बार सीएम बने हेमंत



**टीम एक्शन इंडिया**
**रांची: झारखंड** में गुरुवार को नई सरकार की ताजपोशी हो गई। हालिया विधानसभा चुनावों में जीत दर्ज करने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन ने गुरुवार को चौथी बार राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। सोरेन को इसी साल 31 जनवरी को जमीन घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था जिसके बाद उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। हालांकि, जेल से बाहर आने पर हेमंत ने 4 जुलाई को चंपई सोरेन की जगह ली। 23 नवंबर को आए नतीजों के बाद फिर वह मुख्यमंत्री बन गए हैं।

**कौन हैं हेमंत सोरेन?**
झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन चौथी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बन गए हैं। वे राज्य के तीन बार के सीएम शिबू सोरेन के बेटे हैं। हेमंत सोरेन के प्रारंभिक जीवन को देखें तो उनका जन्म 10 अगस्त 1975 को शिबू सोरेन और रूपी सोरेन के घर हुआ था। हेमंत ने 1990 में पटना के एमजी हाई स्कूल से मैट्रिक की पढ़ाई की। इसके बाद 1994 में पटना हाई स्कूल से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की। उन्होंने रांची के बीआईटी (मेसरा) में मैकेनिकल इंजीनियरिंग में दाखिला लिया, लेकिन कुछ कारणों से पढ़ाई पूरी नहीं कर पाए। पढ़ाई के बाद हेमंत ने इंजीनियरिंग फर्मों के साथ काम किया। हेमंत की शादी कल्पना सोरेन से हुई है और उनके दो बेटे हैं।

# प्रियंका गांधी ने लोकसभा में ली सांसद की शपथ

**प्रियंका गांधी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे, अपनी मां सोनिया गांधी और राहुल से आशीर्वाद लिया**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली/लखनऊ:** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रियंका गांधी के सांसद के रूप में शपथ लेने पर बृहस्पतिवार को प्रदेश मुख्यालय में खुशी मनाई। इस अवसर पर नेताओं व कार्यकर्ताओं ने प्रियंका गांधी का लाइव शपथ ग्रहण देखा साथ ही एक दूसरे को मिठाई और लड्डू खिलाकर खुशी जाहिर की। कार्यकर्ताओं ने पटाखे भी फोड़े। शपथ ग्रहण के दौरान प्रियंका गांधी ने अपने हाथ में संविधान की एक प्रति ले रखी थी। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा केरल की वायनाड सीट से सांसद चुनी गई हैं। इसके साथ ही अभी तक प्रचार तक ही सीमित रहने वाली प्रियंका गांधी के राजनीतिक जीवन का भी आगाज हो गया। इसके पहले तक वह कांग्रेस के लिए चुनाव प्रचार जरूर करती थीं लेकिन चुनाव नहीं लड़ीं। लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान भी उनके रायबरेली से चुनाव लड़ने की खबरें थीं लेकिन इस सीट पर राहुल गांधी चुनाव मैदान में उतरे और बड़ी जीत दर्ज की।

हालांकि, इस दौरान भी प्रियंका गांधी ने प्रचार की जिम्मेदारी संभाली थी। (प्रियंका गांधी को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आशीर्वाद दिया।) कांग्रेस कार्यकताओं ने कहा कि प्रियंका गांधी के सक्रिय राजनीति में आने से कांग्रेस मजबूत होगी। जो कि देश और प्रदेश के लिए अच्छा होगा।

**खुशी मनाई**

**शपथ ग्रहण के दौरान प्रियंका गांधी ने अपने हाथ में संविधान की एक प्रति ले रखी थी**

# दिल्ली: लागू रहेंगी ग्रैप-4 की पाबंदियां

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर में लागू ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के चरण चार को लागू रखा है। कोर्ट ने फिलहाल इसे हटाने की अनुमति नहीं दी है। सुनवाई के दौरान कहा कि स्कूलों को छोड़कर शेष सभी स्थानों पर ग्रैप-4 के उपाय सोमवार (2 दिसंबर) तक जारी रहेंगे। इसके अलावा वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (उअदट) को एक बैठक कर ग्रैप-4 से ग्रैप-3 या ग्रैप-2 में जाने के बारे में सुझाव देने को कहा है। कोर्ट ने आगे कहा कि ग्रैप-4 पर अंकुश लगाने में गंभीर चूक करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई में तेजी लाई जानी चाहिए।



**सुप्रीम आदेश**

**स्कूलों को छोड़कर सभी स्थानों पर ग्रैप-4 के उपाय सोमवार (2 दिसंबर) तक जारी रहेंगे**

**दिल्ली सरकार को लगा चुकी है फटकार**
इससे पहले 18 नवंबर को ग्रैप-4 लागू कहते हुए कोर्ट ने दिल्ली सरकार को फटकार लगाते हुए कहा था कि वह बिना पूर्व अनुमति के प्रदूषण रोकने या कम करने के उपायों को हटाने या कम करने की अनुमति नहीं देगी। जस्टिस अभय एस. ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा था कि राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के खतरनाक स्तर पर पहुंचने के बाद भी ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के चरण 4 के तहत निवारक उपायों के कार्यान्वयन में देरी हुई।

## लश्कर-ए-तैयबा आतंकी सलमान खान प्रत्यर्पित कर लाया गया भारत

**नई दिल्ली:** लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक प्रमुख भगोड़े आतंकी सलमान रहमान खान को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) सीबीआई के साथ समन्वय करते हुए गुरुवार को रवांडा से प्रत्यर्पित कर भारत ले आई। एनआईए के मुताबिक सलमान को 27 नवंबर को रवांडा जांच ब्यूरो (आरआईबी), इंटरपोल और एनसीबी की सहायता से एनआईए ने हिरासत में लिया और आज सुबह भारत लाया गया। बेंगलुरु की एनआईए स्पेशल कोर्ट ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी का गैर-जमानती वारंट जारी किया था। इंटरपोल के रेड नोटिस के बाद सलमान को किगाली, रवांडा में अधिकारियों ने पकड़ा था।



प्रियंका गांधी के लिए राहुल गांधी बने फोटोग्राफर, बहन को संसद की सीढ़ियों पर रोककर तस्वीरें लीं।

## 687 जिलों में लागू हुई कर्मचारी राज्य बीमा निगम योजना

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) योजना अब देश के कुल 788 जिलों में से 687 जिलों में लागू हो चुकी है। वर्ष 2014 में यह 393 जिलों में ही लागू थी लेकिन पिछले 10 वर्षों में इस प्रक्रिया में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के साथ सहयोग करके ईएसआईसी योजना को अब शेष 101 जिलों में भी विस्तारित किया जाएगा। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के मार्गदर्शन में काम करते हुए ईएसआईसी आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) की सुविधाओं के साथ कर्मचारियों और उनके आश्रितों तक स्वास्थ्य सेवा की पहुंच बढ़ाने पर काम कर रहा है। स्वास्थ्य लाभ और चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करने की दिशा में काम करना सरकार की प्राथमिकता है।

## इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने से बांग्लादेश कोर्ट का इंकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**ढाका:** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ जारी हिंसा के बीच वहां के उच्च न्यायालय ने इस्कॉन की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने से इनकार कर दिया है। बांग्लादेश इस्कॉन के प्रमुख चिन्मय कृष्ण दास की देशद्रोह मामले में गिरफ्तारी के बाद से ही बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इन विरोध प्रदर्शनों के दौरान ही एक वकील सैफुल इस्लाम की हत्या कर दी गई। जिसके बाद बांग्लादेश में इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने की मांग उठ गई। इस्कॉन पर बांग्लादेश में प्रतिबंध लगाने की मांग की गई थी
बुधवार को ढाका उच्च न्यायालय में पेश हुए सुप्रीम कोर्ट के वकील मोहम्मद मोनिरउद्दीन ने इस्कॉन के बारे में कुछ समाचार पत्रों की रिपोर्ट पेश की और इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही चटगांव, रंगपुर और दिनाजपुर में धारा 144 लागू करने का आदेश देने की मांग की।
इस पर उच्च न्यायालय ने अटॉर्नी जनरल से इस्कॉन की हालिया गतिविधियों के बारे में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी मांगी।




**प्रदर्शन**

**चिन्मय कृष्ण दास की देशद्रोह मामले में गिरफ्तारी के बाद से ही हिंदू समुदाय के लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे**

## उप्र पुलिस को और ज्यादा संजीदा होने की जरूरत: सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस के रवैये पर सवाल उठाया है।

गुरुवार को जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस अपने अधिकार का गलत इस्तेमाल कर रही है। उत्तर प्रदेश पुलिस को और ज्यादा संजीदा होने की जरूरत है। कोर्ट ने ये टिप्पणी प्रदेश में कई मुकदमों का सामना कर रहे अनुराग दुबे की याचिका पर सुनवाई के दौरान की। अनुराग दुबे को सुप्रीम कोर्ट से गिरफ्तारी से राहत मिली हुई है। राज्य सरकार की ओर से पेश वकील ने बताया कि अनुराग जांच में शामिल नहीं हो रहा है। तब जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि वो इसलिए पेश नहीं हो रहा है क्योंकि उसे डर है कि आप उसके खिलाफ दूसरा झूठा केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लेंगे।

**मानव सेवा** मुख्यमंत्री ने महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा में 15 करोड़ रुपये की लागत से बने खेल परिसर और कन्या छात्रावास का किया उद्घाटन

# अग्रोहा की महान विरासत को राखीगढ़ी की तर्ज पर करेंगे संरक्षित

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा के** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को हिसार के महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा में बने खेल परिसर और कन्या छात्रावास का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महाराजा अग्रसेन को नमन करते हुए कहा कि यह कॉलेज महाराजा अग्रसेन जी के मानव सेवा के अभियान को निरंतर जारी रखेगा। ओपी जिंदल ने जो पौधा लगाया था, वो आज वट वृक्ष बन गया है, ये हमारे लिए गर्व की बात है। यह मेडिकल कॉलेज हर व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के हमारे लक्ष्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में ये दो नई सुविधाएं विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी रहेंगी। 4 एकड़ में बने खेल परिसर में तीन मल्टी पर्पस हॉल, स्विमिंग पूल, एक जिम, योग कक्ष व रेस्टोरेंट बनाए गए हैं। इस पर 10 करोड़ रुपये की लागत आई है। 5 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से तीन एकड़ में बने छात्रावास में 54 कमरे बनाये गये हैं, जिससे छात्राओं को बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संस्थान को अपने ऐच्छिक कोष से 31 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अग्रोहा के पुरातात्विक स्थल की खुदाई की मंजूरी दी है। इससे अग्रोहा की प्राचीन विरासत के जल्द की उजागर होने की उम्मीद जगी है। इस महान विरासत को राखीगढ़ी की तर्ज पर संरक्षित करेंगे। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने हरियाणा की धरती से 'एक रुपया-एक ईंट' का सिद्धांत देकर समाजवाद और गणतंत्र को साकार किया। आज जब हम अपने गणतंत्र का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, तो अग्रोहा गणतंत्र पर हमें विशेष गर्व है। महाराजा अग्रसेन का यह गणतंत्र वर्तमान समय में दुनिया के सबसे बडे गणतंत्र भारत की नींव है। हरियाणा सरकार ने महाराजा अग्रसेन की शिक्षाओं और सिद्धांतों को याद रखते हुए हिसार हवाई अड्डे का नाम महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर रखा है।




**महत्वपूर्ण योगदान**

**ओपी जिंदल ने जो पौधा लगाया था, वो आज वट वृक्ष बन गया है, स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने में दे रहा योगदान**

# संभल हिंसा: मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक की गिरफ्तारी, फैलाई थी अफवाह

**टीम एक्शन इंडिया**
**संभल:** संभल में 24 नवंबर को हुए पथराव और हिंसा के मामले में पुलिस ने अफवाह फैलाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि उसकी पहचान फरहत के रूप में हुई है। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने दावा किया था कि हिंसा के बाद उन्हें धमकियां मिल रही हैं। उन्होंने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी, संभल के सांसद जियाउर्रहमान बर्क, एसपी मीडिया सेल और ज्ञानवापी मस्जिद समिति के सचिव पर गलत जानकारी फैलाने का आरोप लगाया। जैन ने स्पष्ट किया कि उन्होंने मौके पर कोई नारेबाजी नहीं की और एएसआई सर्वे के बाद पुलिस के संरक्षण में वहां से लौटे थे। उन्होंने कहा, "मेरे खिलाफ आरोप लगाए गए कि मैं जय श्रीराम के नारे लगाते हुए वहां भीड़ लेकर गया और हिंसा भड़काई थी।



# महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा, कौशल विकास व स्वयं सहायता समूह महत्वपूर्ण- प्रो.टंकेश्वर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में वूमेन एस केटालिस्ट्स फोर इकोनॉमिक डेवलपमेंट इन पंजाब एंड हरियाणा ए स्टेप टुवर्ड्स विकसित भारत एट 2047 विषय पर केंद्रित राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा उपस्थित रही। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की जबकि मुख्य वक्ता के रूप में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली के प्रो. सुरजीत मजूमदार उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में एक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
महेंद्रगढ़। गांव गुलावला के पास हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपित गाड़ी चालक के खिलाफकेस दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। गांव गुलावला निवासी शेरसिंह ने सदर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खेती-बाड़ी का काम करता हैं। बीती 26 नवंबर को वह व सुनिल गांव गुलावला से एक शादी में निहालावास गए थे, वापिसी में हमारे गांव के बस स्टैंड के नजदीक पहुंचे तो मेरा भतीजा संदीप कुमार व दलीप मोटरसाईकिल पर सवार होकर हमारे से आगे-आगे चल रहें थे। मोटरसाईकिल भतीजा संदीप चला रहा था, जैसे ही मोटर साईकिल से महेंद्रगढ-नारनौल रोड़ से गुलावला बस स्टैंड कट से गांव की तरफ मुड़ रहे थे तो नारनौल कि तरफ से एक गाड़ी का चालक अपनी गाड़ी को तेज रफ्तार, गफलत व लापरवाही से चलाता हुआ आया और संदीप की मोटरसाईकिल में सीधी टक्कर मार दी, जिससे मोटरसाईकिल पर सवार भतीजा संदीप व दलीप दोनों सड़क पर गिर गए। दोनों को काफी चोटें आई हैं। इसके बाद गाड़ी चालक अंधेरे का फायदा उठाकर कहीं चला गया। एक्सीडेंट की सूचना पाकर राजेश, कृष्ण निवासी गांव गुलावला मौके पर आ गए। इसके बाद साधन का इंतजाम करके भतीजे संदीप कुमार को सरकारी अस्पताल नारनौल लेकर गए, जहां पर चिकित्सकों ने संदीप को मृत घोषित कर दिया है।

## सड़क हादसे में एक की मौत, गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। कुक्सी रोड पर अज्ञात वाहन चालक एक व्यक्ति को टक्कर** मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को अस्पताल ले जाते वक्त व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने अज्ञात चालकके खिलाफ केसदर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।
गांव डेरोली अहीर निवासी दीपक कुमार ने सदर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह मेहनत-मजदूरी करता हैं। बीती 26 नवंबर को वह अपने घर पर था। शाम करीब 7:30 बजे सूचना मिली कि मेरे पिता महेंद्र कुमार कुक्सी रोड स्थित एक नीजि स्कूल के पास सड़क पर एक्सीडेंट में लगी चोट के कारण घायल होकर पड़ा हैं। इस सूचना पर वह मौके पर पहुंचा तो देखा कि पिता सड़क पर मोदा पड़ा हुआ था। फिर उसने भाई आनंद के पास फोन किया। भाई गाड़ी लेकर मौके पर पहुंचा, इसके बाद पिता को गाड़ी में नारनौल के सरकारी अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने पिता की जांच करने के बाद मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि उसके पिता का एक्सीडेंट किसी नाम पता ना मालूम अज्ञात वाहन के चालक ने तेज स्पीड और लापरवाही से चलाकर किया है।

## 30 नवम्बर को होगा फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के तहत कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन-डॉ० पवन

**सोनीपत, 28 नवम्बर।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप-निदेशक डॉ० पवन शर्मा ने बताया कि बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम 2024-25 के तहत जिला के 584 कृषि यंत्रों के लिए जिन किसानों ने 30 सितंबर तक विभागीय पोर्टल ६६६.ॅ१ँ१८ल्लं.्रूङ्ग पर बिल अपलोड किए है, उन कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन 30 नवंबर को प्रातः 10:00 बजे किया जाएगा । कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा किया जाएगा उप-निदेशक ने बताया कि राजीव गांधी विश्वविद्यालय राई के मेन गेट पर राई, मुरथल तथा सोनीपत ब्लॉक के 167 कृषि यंत्रों, खरखोदा ब्लॉक के 80 कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन का कार्य मटिंडू रोड खरखोदा स्थित आईटीआई परिसर में किया जाएगा। इसी प्रकार नई सब्जी मंडी गोहाना में गोहाना, मुंडलाना और कथूरा ब्लॉक के 254 कृषि यंत्रों तथा गन्नौर ब्लॉक के 82 कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन बीएसटी ग्राउंड गन्नौर में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सफल भौतिक सत्यापन होने के बाद कृषि यंत्रों की अनुदान राशि किसानों के खातों में डीवीटी के माध्यम से डाली जाएगी।

## हकेंवि में हुआ रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो.टंकेश्वर कुमार की प्रेरणा व मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों की बीस टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें प्रत्येक टीम में दो सदस्य शामिल रहे।
विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संतोष हुलगाबाली ने इस आयोजन के लिए पुस्तकालय टीम को अपनी शुमकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि कि रंग हमारे चारों ओर के वातावरण के प्रति प्रतिक्रिया उत्पन्न करने में कैसे सहायक होते हैं और हमारे दृष्टिकोण तथा इंद्रियों को प्रभावित कर सकते हैं। प्रतियोगिता के निर्णायकों में भौतिक एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव और प्रो. नीलम सिंह सांगवान ने पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए।
इस कार्यक्रम की समंवयक, सूचना वैज्ञानिक डॉ. विनीता मलिक ने भी रंगों के भावनाओं और मनोदशाओं को व्यक्त करने की शक्ति पर जोर दिया। उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. राजीव वशिष्ठ ने कार्यक्रम का संचालन किया और बताया कि रंग जीवन को व्यवस्थित करने और उसे संजोकर रखने में कैसे मदद करते हैं।

### उत्तर रेलवे
#### निविदा सूचना

उप मुख्य अभियंता निर्माण–II, शिवाजी ब्रिज, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित करता है। निविदा समापन तिथि **20.12.2024 को 15:00 बजे**। मूल/संशोधित निविदा की अंतिम तिथि एवं समय तक ही जमा कर सकेंगे। इस निविदा के विरुद्ध मैन्युअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और नजरअंदाज कर दिया जाएगा। निविदा से संबंधित शुद्धिपत्र आदि सहित सभी विवरण **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

| |
|---|
| **निविदा:** (ई– निविदा दो पैकेट) (खुली निविदा)। |
| **निविदा सूचना संख्या:** 140-W-Dy CE/C-II/CSB दिनांक 28.11.2024 |
| **कार्य:** दिल्ली डिवीजन के गाजियाबाद (GZB) – सहारनपुर (SRE) सेक्शन में सखोती टांडा–खतौली स्टेशन के बीच किमी 96/13–14 पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 42 के स्थान पर बो–स्ट्रिंग गर्डर/धनुष आकार वाले ट्रस के साथ ओवर ब्रिज का निर्माण एवं पुशिंग विधि द्वारा सीमित उच्चाई सब्वे (LHS) का निर्माण एवं संबंधित कार्य। |
| **अनुमानित लागत:** रु. 21,52,22,730/– (रु. इक्कीस करोड़ बावन लाख बाइस हजार सात सौ तीस मात्र)। |
| **सुरक्षा राशि:** रु. 12,26,100/– (रु. बारह लाख छब्बीस हजार एक सौ मात्र)। |
| **पूर्णता अवधि:** 24 माह। |
| **निविदा की उपलब्धता:** निविदा आईआरईपीएस वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर निविदाकर्ता द्वारा निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेब साइट पर दिनांक 20.12.2024 तक अपलोड किए जा सकते हैं। |
| **निविदाएं अपलोड करने की तिथि:** 28.11.2024. |
| **निविदा समापन तिथि:** 20.12.2024 को 15:00 बजे। |
| **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 20.12.2024 को 15:00 बजे। |

3680/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सीता राम, निवासी:** एफ–137, मायापुरी, नई दिल्ली, ने **FIR No. 5590/2022, U/s 138 NI Act, पुलिस स्टेशन विकासपुरी, पश्चिम जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सीता राम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सीता राम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 5590/2022, U/s 138 NI Act, पुलिस स्टेशन विकासपुरी, पश्चिम जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **सीता राम** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.12.2024** को या इससे पहले हाज़िर हों।

**आदेशानुसार**
**सुश्री नंदिनी शर्मा**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट), डिजिटल कोर्ट–09, दक्षिण–पश्चिम, द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली**
**DP/15702/WD/2024 (Court Matter)**

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संदीप कुमार गुप्ता, पुत्र** राजेन्द्र गुप्ता, **निवासी:** आई–1/165, सेक्टर–11, रोहिणी, दिल्ली–110085, ने **CC No. 14619/2017, U/s 138 NI Act, पुलिस स्टेशन उत्तर रोहिणी, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संदीप कुमार गुप्ता** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संदीप कुमार गुप्ता** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 14619/2017, U/s 138 NI Act, पुलिस स्टेशन उत्तर रोहिणी, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **संदीप कुमार गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.01.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री ईब्बानी अग्रवाल**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03, उत्तर–पश्चिम, कोर्ट नं0–107, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**
**DP/15148/RD/2024 (Court Matter)**

### उत्तर रेलवे
#### निविदा सूचना
**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदो की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप–135002 द्वारा फर्मो को निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है:–

| क्र0सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 61246406A | किट फॉर मॉडिफिकेशन ऑफ जंक्शन बॉक्स असेंबली | 161 सेट्स | 19 दिसम्बर 2024 |

**निविदा शर्तें**–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी। **टेंडर नोटिस सं: 61246406A**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3677/24

### उत्तर रेलवे
#### खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/समन्वय मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दिल्ली डिवीजन पर समूह 'सी' मार्गो पर ट्रैक आधारित गेज फेस रेल स्नेहक की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और संचालन (5 वर्षों के हेतु कार्य/निविदा संख्या 24–वर्क्स समन्व–24–25) | रु. 5,55,42,121.20 | रु. 4,27,700.00 | 60 माह | 20.12.2024 |
| 2 | दिल्ली डिवीजन पर समूह 'डी' मार्गो पर ट्रैक आधारित गेज फेस रेल स्नेहक की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और संचालन (5 वर्षों के हेतु कार्य/निविदा संख्या 27–वर्क्स समन्व–24–25) | रु. 8,27,68,651.20 | रु. 5,63,900.00 | 60 माह | 20.12.2024 |

सुचना: निविदा रेलवे की वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा इसी वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है तथा इसी वेबसाइट पर 20.12.2024 15.00 बजे तक ही भरी जायगी।
पपत्र 128–डब्ल्यू/व.मं.अधि./सं/निविदा–24 और 27–24–25 डब्ल्यूसी
दिनांक 27.11.2024 3668/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे
#### खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | 1. सहायक मंडल अभियंता/करनाल के तहत 11x30.50 स्पैन के ब्रिज नंबर 225 डीएन के स्टील ट्रफ गर्डर पर ट्रफ को हटाना और एच–टाइप स्लीपर का प्रावधान। 2. सहायक मंडल अभियंता/पानीपत के तहत एसएसई/डब्ल्यू/पानीपत के अनुभाग में 2024–25 के लिए ट्रैक कार्य के रखरखाव के लिए सफीदा–वार्षिक क्षेत्र। |
| अनुमानित लागत | 1. ₹3,26,56,533.27 2. ₹71,17,869.51 |
| धरोहर राशि | 1. ₹3,13,300.00 2. ₹1,42,400.00 (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान गेटवे के रूप में होना चाहिए। नोटः एफ.डी.आर. या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई–1/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| समापन अवधि | क्र.सं. 1 एवं 2 के लिए: 12 महीने |
| ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 20.12.2024 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 20.12.2024 को 15:00 बजे |
| निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |
| इस कार्य के लिए समान प्रकार के कार्य हैं | 1. रनिंग ट्रैक में चैनल स्लीपरों का निर्माण एवं बिछाना। 2. किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य |

नोटः शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तो के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी सलंग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए।
सं.: 128–डब्ल्यू/280/निविदा सूचना/24–25/डब्ल्यू–I (NIT-56 & 57)
दिनांक: 27.11.2024 3666/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शिल्पा अरोड़ा, पुत्री:** श्री देश दीपक अरोड़ा, **पता:** खसरा नं.–123/6, बी ब्लॉक, संत नगर, बुराड़ी, राधे कृष्ण मंदिर के पास, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 337/18, U/s 498A/406/34 IPC, थाना: जगतपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शिल्पा अरोड़ा** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शिल्पा अरोड़ा** फरार हो गई है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 337/18, U/s 498A/406/34 IPC, थाना: जगतपुरी, दिल्ली** की उक्त अभियुक्त **शिल्पा अरोड़ा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री श्रुति शर्मा–I
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, महिला कोर्ट–01
कमरा सं. 55, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/15455/SHD/2024 (Court Matter)

### उत्तर रेलवे
#### TENDER NOTICE

Sr. Divisional Materials Manager, Northern Railways, Ambala Cantt-133001 for and behalf of the President of India, invites Tender through E-Procurement System (**www.ireps.gov.in**) for the supply of the below item.

| S. N. | E-Tender No. | Description | Qty. | Tender Closing date & Time | EMD (IRs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 98245686 | आरडीएसओ विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/2013/ईएम/स्पेक/0016 के अनुसार प्लेटफॉर्म से एफओबी तक यात्रा करने के लिए यात्री एलिवेटर (लिफ्ट) मशीन रूमलेस (जी+1) का डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग सभी प्रकार से पूर्ण है। (रेव.1)–2019 या नवीनतम। लिफ्ट का विस्तृत विवरण अनुलग्नक–ए के रूप में संलग्न किया गया है। वारंटी अवधि: लिफ्ट की आवश्यकता इस प्रकार है: डिलीवरी की तारीख से 30 महीने या कमीशनिंग की तारीख से 24 महीने, जो भी पहले हो। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख के 24 महीने बाद) (निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्टर: नहीं, स्टेज: 0) | 03 Nos. | 27.12.2024 एवं 11:00 hrs | 132860.00 |
| 2 | | स्थापित लिफ्टों का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी)। सीएएमसी तीन वर्षों के लिए आवधिक सर्विसिंग, रखरखाव, लिफ्टों की मरम्मत, जिसमें सभी स्पेयर, सामग्री और श्रम लागत शामिल होगी, को कवर करेंगी। आरडीएसओ विशिष्टता संख्या के अनुसार, RDSO Spec. No. RDSO/2013/EM/SPEC/0016 (Rev. '1')-2019 या नवीनतम। सीएएमसी की विस्तृत शर्तें अनुलग्नक–बी के रूप में संलग्न की गई हैं। वारंटी अवधि पूरी होने के बाद सीएएमसी शुरू हो जाएगी। सीएएमसी दरें प्रति लिफ्ट के लिए हैं। 3 साल के लिए, **(वारंटी अवधि** : डिलीवरी की तारीख के बाद के महीने, **एएमसी अवधि**: 3 वर्ष, **छूट की दर**: 8% वर्ष के बाद शुरू: 2) (इंसेक्शन एजेंसी: CONSG, स्टेज इंस्पेक्टर: NA, स्टेज: 0) | | | |

Note: -1) Vendors may visit the IREPS website i.e. www.ireps.gov.in for details. 2) No manual offer will be entertained. E-Tender Notice सं0 98245686 Dated: 28.11.2024 3673/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे
#### ई–निविदा (ई–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण ।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/दिल्ली के तहत वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/दिल्ली/लाइन व वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/दिल्ली/स्टेशन के अनुभाग में और सहायक मंडल अभियंता/नई दिल्ली के तहत वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/नई दिल्ली/लाइन, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/आनंद विहार/स्टेशन व वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/नई दिल्ली/स्टेशन के अनुभाग में एक वर्ष के लिए सर्विस स्टेशन भवन को रहने योग्य स्थिति प्रदान करने के लिए रखरखाव गतिविधियों की आउटसोर्सिंग। |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) | Rs. 3,97,47,348.3/– (तीन करोड़ सत्तानवे लाख सैंतालीस हजार तीन सौ अड़तालीस रुपये और तीन पैसे मात्र ।) |
| 3. | बयाना राशि (रूपये) | Rs. 3,48,700.00 (तीन लाख अड़तालीस हजार सात सौ रुपये मात्र) |
| 4. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | Rs. 0.00 |
| 5. | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 17.12.2024 को 15.00 तक। |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

• ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जाएगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं: **128-W/280/ई–निविदा सूचना/GEM/2024/B/5587260/37/2024-25/W-3 दिनांक: 26.11.2024**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3667/24

### उत्तर रेलवे
#### शुद्धिपत्र

**संदर्भ: निविदा सूचना संख्या 63/2024–2025 दिनांक 16.10.2024.**
**क्र.सं. 08**
**निविदा संख्या 77245433A खुलने की तिथि 29.11.2024**
उपरोक्त संदर्भित निविदा में, निविदा खोलने की तिथि 29.11.2024 से बढ़ाकर 12.12.2024 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है। नोटः उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह पहला शुद्धिपत्र है। दिनांक: 27.11.2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3656/24

### उत्तर रेलवे
#### ई–निविदा सूचना

**निविदा संख्या: 33A-क.वि.-नई दिल्ली-2024-25** **दिनांक : 27.11.2024**
वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | दादरी और चिपयाना बुजुर्ग के बीच चौथी मुख्य लाइन में शेड की प्रस्थान लाइन के विलय के बाद ईएमयू कार शेड जीजेडबी के बुनियादी ढांचे के उन्नयन के संबंध में आवश्यक अतिरिक्त/परिवर्तन कार्य के लिए 25 केवी एसी ओएचई की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 2,88,68,681.69/- |
| 3 | बयाना राशि | रु. 2,94,400/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 12.12.2024 (10:30 बजे) से 26.12.2024 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 26.12.2024 (15:00 बजे) |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

3672/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे
#### ई–नीलामी सूचना

**सं. : 7PUB/TN/Pay&UseToilets/Auction/2022** **दिनांक: 28.11.2024**
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा डीलक्स पे एंड यूज शौचालय BOT और ROMT के आधार पर अनुबंध लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल **(https://ireps.gov.in/)** पर ई–बोली "जैसा है जहां है" के आधार पर निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है।

| ई–कैटलॉग संख्या | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/साइट |
|---|---|---|
| PaynUse 08-2024 | दिनांक 13.12.2024 को 12:00 बजे | ओखला (OKA)-1 साइट, पटेल नगर (PTNR)-1, पानीपत (PNP) 1 साइट, शिवाजी ब्रिज (CSB) 1 साइट कुल –4 साइट्स/स्थल |
| वेबसाइट विवरण जहाँ ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | https://ireps.gov.in/ | |
| ई–नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ | **आईआरईपीएस के ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सभी ठेकेदारों को अपनी बोलियां जमा करने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए:** – ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस पर पंजीकरण – ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए सक्रिय आईआरईपीएस उपयोगकर्ता खाता; एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान; भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता; आईआरईपीएस खाते के साथ एसबीआई बैंक खाते का एकीकरण; फंड का लियन मार्किंग; कारोबार का अद्यतन विवरण; जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए अपना ऑनलाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। ई–ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के लिए अब वर्चुअल अकाउंट नंबर (वीएएन) नामक एक नया तंत्र शुरू किया गया है, जिसका उपयोग बोलीदाताओं द्वारा लियन मार्किंग तंत्र के विकल्प के रूप में किया जा सकता है। बोली लगाने हेतु प्रवेश करने से पहले किसी भी समय लियन मार्किंग मैकेनिज्म (यदि सक्रिय हो) और वैन मैकेनिज्म के बीच स्विच करने के लिए स्वतंत्र हैं। VAN तंत्र के लिए बोली लगाने वाले का भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता होना आवश्यक नहीं है। उपयोगकर्ता किसी भी बैंक में अपने किसी भी मौजूदा बैंक खाते से अपने VAN खाते में धन स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र हैं, जो उन्हें IREPS ई–नीलामी में भाग लेने में सक्षम बनाता है। | |
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055 **Email: sanitationcell@gmail.com** Tel: 011-23743084 | |

**वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली**
3679/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**
**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**
**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**
**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## Change of Name

This is to inform that in the birth certificate issued by MCD there was a spelling mistake in my daughter's name but we applied for the name correction in the certificate, so according to the certificate the (Previous name was: Sanigdha Rao) and after the correction in name spelling the (Current name is: Snigdha Rao)
**D/O: Naresh kumar.**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।



यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः।
स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते॥
भगवद्गीता 3.21

हरियाणा सरकार | कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड | भागीदार प्रदेश ओडिशा | भागीदार देश संयुक्त गणराज्य तंजानिया

## अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024


**28 नवम्बर – 15 दिसम्बर**
**कुरुक्षेत्र, हरियाणा**



### मुख्य कार्यक्रम

स्थान – पुरुषोतमपुरा बाग, कुरुक्षेत्र
समय – सायं 6:30 बजे

| तिथि | कार्यक्रम | प्रस्तुति |
|---|---|---|
| 5 दिसम्बर | कोरियोग्राफी | तंजानिया व हरियाणा के कलाकारों द्वारा |
| 7 दिसम्बर | नाटक 'हमारे राम' | श्री आशुतोष राणा एवं दल |
| 9 दिसम्बर | महाभारत पर आधारित रेत की कलाकृति | श्रीमती मनीषा |
| 9 दिसम्बर | कवि सम्मेलन | डॉ. कुमार विश्वास व अन्य कवियों द्वारा |
| 11 दिसम्बर | महाभारत पर आधारित नाटक 'द्रोपदी' | श्रीमती मीनाक्षी शेषाद्रि एवं दल |



"सभी देशवासियों को गीता जयंती की अनंत शुभकामनाएं। श्रीमद्भगवद्गीता सदियों से मानवता का मार्गदर्शन करती आई है। अध्यात्म और जीवन-दर्शन से जुड़ा यह महान ग्रंथ हर युग में पथ प्रदर्शक बना रहेगा।"

**- नरेन्द्र मोदी**

www.internationalgitamahotsav.in
www.48koskurukshetra.com

@igmkkr
InternationalGitaMahotsav

**सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा** | www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipharyana

## न्यूज फ्लैश

### हकेंवि में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस इकाई व भारत स्कॉउट एंड गाइड द्वारा इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी व एचडीएफसी बैंक महेंद्रगढ़ के सहयोग से विश्वविद्यालय में मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि रक्तदान अत्यंत पुनीत कार्य है। रक्तदान बहुत आवश्यक है क्योंकि आपके द्वारा दान किया गया रक्त किसी का जीवन बचा सकता है। कार्यक्रम में मुख्यातिथि विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और कहा कि उनके द्वारा किए गए रक्तदान से किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। इसलिए रक्तदान आवश्यक है। कुलपति ने रक्तदान के संबंध में भ्रम को दूर करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। विश्वविद्यालय की चिकित्सा अधिकारी डॉ. हीना यादव ने बताया कि मंगलवार को आयोजित रक्तदान शिविर के माध्यम से 51 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। उन्होंने इस आयोजन में सहभागिता के लिए इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी का भी आभार व्यक्त किया। डॉ. हीना ने बताया कि रक्तदान करने वालों में धर्मेंद्र विशेष रक्तदाता रहे जिन्होंने 53वीं बार रक्तदान किया। आयोजन में उपस्थित प्रो. दिनेश चहल ने आयोजन में सहयोग करने वाले यूथ रेडक्रॉस और भारत स्कॉउट एंड गाइड के स्वयंसेवक व सहयोगी की इस सफल आयोजन के लिए सराहना की। आयोजन में विश्वविद्यालय के शोध अधिष्ठाता प्रो. पवन शर्मा, डॉ. पूजा यादव एचडीएफसी बैंक की ओर से रिटेल क्लस्टर हेड विकास शर्मा, शाखा प्रमुख देवेंद्र शर्मा, मनोज शर्मा, धर्मेंद्र कुमार, जोगिंद्र भारद्वाज व बबलू भी उपस्थित रहे।

### स्लम एरिया के बच्चों के लिए लगाया कैंप

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। झुग्गी-झोपड़ियों** में रह रहे बच्चों के उत्थान के लिए लगाए जा रहे मेगा कैंप की कड़ी बुधवार को राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला माजरा खुर्द में 44 बच्चों की स्वास्थ्य जांच की व इनके जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व अन्य कागजात बनवाए गए। जिला बाल संरक्षण अधिकारी संदीप सिंह ने बताया कि मेगा कैंप में अब तक 212 बच्चों की स्वास्थ्य जांच व कागजात बनवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा के निदेर्शानुसार बच्चों के उत्थान के लिए लगाए जा रहे मेगा कैंप की कड़ी में 28 को बाल भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर रोड नांगल चौधरी में, 29 को मदर्स च्वाईस प्ले स्कूल खोड मोड अटेली में तथा 2 दिसंबर को यदुवंशी स्कूल बाढडा रोड़ सतनाली में सुबह 9 से सांय 5 बजे तक कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर बीईओ अलका, रोजगार विभाग से जितेंद्र सिंह व राकेश कुमार, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. संदीप सैनी, डॉ. उषा कुमारी, महिला एवं बाल विकास विभाग से सुपरवाइजर अनीता, क्रीड विभाग से अनिल कुमार व अनीता सैनी, बाल भवन से लिपिक नवीन कुमार के अलावा अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# अधिकारी प्रति-माह स्कूलों की करें मॉनिटरिंग: पार्थ गुप्ता

### मूलभुत शिक्षा व संख्यात्मक गुणवत्ता में वृद्धि लाते हुए उन्हें निपुण बनाने का काम किया जाए: पार्थ गुप्ता

**निपुण**

**स्कूलों का चयन कर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें मकसद निपुण हरियाणा मिशन के तहत अंबाला को जल्द निपुण बनाना है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि निपुण हरियाणा मिशन के तहत संबंधित अधिकारी हर महीने स्कूलों की मॉनिटरिंग करें और कम परफॉर्मिंग स्कूलों का चयन कर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें मकसद निपुण हरियाणा मिशन के तहत अंबाला को जल्द निपुण बनाना है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता अपने कार्यालय में हरियाणा मिशन के तहत स्ट्रिंग समिति की बैठक की अध्यक्षता करने के दौरान संबंधित अधिकारी को निर्देश दे रहें थे। इससे पहले उन्होंने निपुण हरियाणा मिशन के तहत अंबाला को निपुण बनाने को लेकर कार्यों की विस्तार से जानकारी हासिल की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि निपुण हरियाणा मिशन के तहत जो भी बच्चे इसके अंतर्गत आते हैं उनकी मूलभुत शिक्षा व संख्यात्मक गुणवत्ता में वृद्धि लाते हुए उन्हें निपुण बनाने का काम किया जाए और इसके साथ-साथ उनके बैठने की अच्छी व्यवस्था व साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि निपुण के तहत जिन अध्यापको को ट्रेनिंग दी जानी है उन्हें ट्रेनिंग दी जाए ताकि उनके द्वारा बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जा सके।

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालडा ने उपायुक्त को अवगत कराते हुए बताया कि निपुण हरियाणा मिशन की शुरूआत जुलाई 2021 में की गई थी जिसमें सरकारी स्कूलों के फर्स्ट से थर्ड क्लास के बच्चों की मूलभूत शिक्षा में गुणवत्ता में सुधार लाने के दृष्टिगत कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा स्कूलों की चैकिंग कर निपुण हरियाणा मिशन के तहत बच्चों का शिक्षा स्तर की भी जानकारी समय पर ली जा रही है। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि निपुण मिशन के अंतर्गत आने वाले विद्यार्थियों को शिक्षा विभाग के सौजन्य से पुस्तकें भी उपलब्ध करवाई जाती है ताकि उनकी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सके। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त सचिन गुप्ता, एसीयूटी रवि मीणा, नगराधीश पूजा कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालडा, सिविल सर्जन डा0 राकेश सहल, एफएलएन डिस्ट्रीक कोर्डिनेटर मनोज कुमार, एलएलएफ के रविन्द्र कुमार व तुषार पुण्डीर, सम्पर्क फाउंडेशन से पूनम के साथ-साथ सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# सफाई कर्मचारियों की बैठक आयोजित

**चर्चा**

**शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के नियमित व अस्थाई कर्मचारियों की समस्याओं एवं सुझावों को भी सुना**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम.वेंकटेशन ने कहा कि हमें जो भी जिम्मेवारी एवं डयूटी सौंपी गई है उसे हमें पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ करना है। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष पंचायत भवन अम्बाला शहर के सभागार में सम्बन्धित विभागाध्यक्षों व ग्राम पंचायतों के सफाई कर्मचारियों के साथ आयोजित बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचने के दौरान बोल रहे थे। इससे पहले उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने उनका यहां पहुंचने पर अभिनंदन किया।

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम.वेंकटेशन ने आयोजित बैठक के दौरान शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के नियमित व अस्थाई कर्मचारियों की समस्याओं एवं सुझावो को भी सुना और उन्हें जो सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है उसकी समीक्षा भी की। इस दौरान अस्थाई तौर पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में लगे सफाई कर्मचारियों ने समान वेतन व अन्य लाभ दिए जाने बारे उनसे आग्रह करते हुए एक मांग पत्र भी उन्हें सौंपा। उन्होंने कहा कि जो मांगपत्र उन्हें दिया गया है वे आयोग के समक्ष रखकर उस पर साकारात्मक सोच के साथ कार्य करेंगे ताकि सम्बन्धित कर्मचारियों को भी लाभ मिल सके। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने आयोग के अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि जो कर्मचारियों की मांग रखी गई है उस पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और प्रयास रहेगा कि कर्मचारियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा सके। ग्रामीण क्षेत्र से सम्बन्धित सफाई कर्मचारियों की जो समस्याएं आज रखी गई है वे इस संबध में जिला परिषद के सीईओ मिलकर उन्हें अवगत करवाएं ताकि बेहतर समन्वय बनाकर समस्याओं का निदान करवाया जा सके।

बैठक के दौरान नगर निगम के अंतर्गत आने वाले सफाई कर्मचारी ने अपनी मैडिकल बिल के भुगतान की समस्या को रखा।

# छात्राओं ने खेल एवं प्रतिभा खोज, टैलेंट सर्च सांस्कृतिक कार्यक्रम में किया प्रथम स्थान हासिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/इस्माईलाबाद :** पढ़ाई के साथ-साथ खेल एवं प्रतिभा खोज, टैलेंट सर्च सांस्कृतिक कार्यक्रम में खंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इस्माईलाबाद की छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई। सांस्कृतिक प्रतिभा खोज कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी श्याम सुंदर आहूजा व विजेंद्र सिंह प्राचार्य ने की। उल्लेखनीय है कि ऐसे आयोजनों से बच्चों के अंदर प्रतिभा का निखार होता है। जिसके



फल स्वरुप उनकी प्रतिभा निखर कर बार आती है, उनकी प्रतिभा के अनुसार उनका मार्गदर्शन किया जाता है ताकि भविष्य में वे शिखर की ऊंचाइयों तक पहुंच सके।

# गीता जयंती महोत्सव का शुभारंभ, पुलिस ने संभाली सुरक्षा व्यवस्था: पुलिस

**तैयारी**

**धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में स्थित ब्रह्मसरोवर का पावन तट इस महोत्सव का केन्द्र बिन्दू होता है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** जिला कुरुक्षेत्र में हर वर्ष गीता जयंती महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जाता है। धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में स्थित ब्रह्मसरोवर का पावन तट इस महोत्सव का केन्द्र बिन्दू होता है। इस महोत्सव के दौरान ब्रह्मसरोवर के चारों ओर बनी दूकानों में विभिन्न राज्यों से आये कला शिल्पकारों द्वारा पर्यटकों के लिए अनेक प्रकार की कलाकृतियां रखी जाती हैं। इस महोत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेवारी जिला पुलिस कुरुक्षेत्र की होती है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गीता जयंती महोत्सव का शुभारंभ वीरवार को हो गया है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 28 नवम्बर से 15 दिसम्बर 2024 तक ब्रह्मसरोवर पर आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव को लेकर जिला पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया है। इस अवसर पर विभिन्न जिला पुलिस की महिला एवं पुलिस जवानों को सुरक्षा डयूटियों पर तैनात किया गया है। महोत्सव के दौरान सुरक्षा डयूटियां दिन व रात की शिफ्टों में तैनात रहेंगी। महोत्सव में सीसीटीवी की नजर से सभी आपराधिक गतिविधियों पर निगरानी रखी जाएगी। इन सुरक्षा डयूटियों की जांच करने पश्चाचात पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिंगला ने संबोधित करते हुए सुरक्षा व्यवस्था हेतु जरुरी दिशा निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक महोदय ने अधिकारियों /कर्मचारियों को आदेश देते हुए कहा कि महोत्सव के दौरान सुरक्षा में लगे कर्मचारी अपनी डयूटी को सचेत रहकर करें। इस दौरान किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महोत्सव के दौरान शहर में किसी तरह के जाम की स्थिति न बने इसके लिए यातायात व्यवस्था में लगे कर्मचारियों को विशेष हिदायत दी गई हैं। सभी थाना प्रभारी अपने अपने एरिया में गस्त करें व संदिग्ध व्यक्तियों व शरारती तत्वों पर नजर रखे।

# पुलिस की पाठशाला में छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा हरियाणा उदय सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम द्वारा दुर्गाशक्ति टीम नारायणगढ ने बस स्टैंड नारायणगढ पर पुलिस की पाठशाला के माध्यम से छात्र/छात्राओं/शिक्षकों को महिला सुरक्षा, महिला विरुद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, साईबर अपराध से बचाव व यातायात के नियमों की पालना बारे जागरूक किया। इस कार्यक्रम में दुर्गाशक्ति टीम ने महिला



सुरक्षा/साईबर अपराध बारे जानकारी दी। डायल 112 एप्प बारे छात्र/छात्राओं/शिक्षको को विस्तृत जानकारी देकर मौका पर ही डायल 112 एप्प डाउनलोड करवा कर रजिस्ट्रेशन करवाया।

हरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशालाह्व के माध्यम से

**अवगत कराया**

**आत्म सुरक्षा, साईबर अपराध से बचाव व यातायात के नियमों की पालना बारे जागरूक किया**

छात्राओं/शिक्षकों को महिला सुरक्षा, महिला विरुद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, साईबर अपराध से बचने, अपने व दूसरों के अमूल्य जीवन की सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों की पालना करने बारे जागरूक किया जा रहा है। वह हरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशाला के माध्यम से छात्राओं/महिलाओं/शिक्षको को डायल 112 एप्प, ट्रिप मॉनिटरिंग सर्विस व यातायात के नियमों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक करें। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला विरुद्ध अपराधों की रोकथाम, महिला सुरक्षा सुनिश्चित करके डायल 112 एप्प, ट्रिप मॉनिटरिंग सर्विस, साईबर अपराध व यातायात के नियमों की विशेष जानकारी देना हैं।

# सदस्यता अभियान को गति देने प्रदेश महामंत्री भाजपा डा अर्चना पहुंची बापौली

### शक्ति प्रमुख बूथ समिति को साथ ले घर घर जाकर सदस्य बनाए

**टीम एक्शन इंडिया**
**बापौली, (कमाल हुसैन)**

भाजपा देश की सबसे बड़ी पार्टी है साथ ही राष्ट्रवादी पार्टी है । भाजपा के शासन में देश का मान सम्मान दुनिया भर में बढ़ा है।साथ ही विकास के नए नए आयाम स्थापित हुई।हरियाणा में भी भ्रष्टाचार पर नकेल कसी गई। देश के सतत विकास ,संस्कृति के संवर्धन तथा भ्रष्टाचार की रोकथाम के लिए भाजपा का बार बार सत्ता में आना जरूरी है ।इस काम को भाजपा का संगठन तथा भाजपा के सदस्य ही कर सकते इसलिए सदस्यता अभियान के लक्ष्य को पूरी गंभीरता से पूरा करना है ये शब्द भाजपा की प्रदेश महामंत्री डा अर्चना गुप्ता ने बापौली में शक्ति केंद्र प्रमुखों की बैठक को संबोधित करते हुए कहे। विदित रहे डा अर्चना गुप्ता पानीपत जिले की सदस्यता अभियान की पर्यवेक्षक भी है।बैठक में पहुंचने पर मंडल अध्यक्ष शिव कुमार रावल ने पुष्प गुच्छ दे तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर डा अर्चना गुप्ता स्वागत किया।

डा अर्चना गुप्ता ने कहा कि सभी शक्ति केंद्रप्रमुख घर घर जाकर सदस्य बनाए।डा अर्चना गुप्ता ने कहा 30 नवंबर तक लक्ष्य को हर हाल में प्राप्त करना है। डा अर्चना गुप्ता ने सदस्यता अभियान में अच्छा काम करने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रीतम प्रधान,सुभाष अतोलापुर,रत्न बेहराम पर। डा मनोज, सोम सिंह, लक्ष्मण नंबरदार,आदि मौजूद थे।

# डॉ सुनील थ्को स्वर्गीय कलीराम मेमोरियल राष्ट्रीय अवॉर्ड से नवाजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** पूर्व सैनिक और नायक कली राम खिप्पल की पुण्यतिथि पर करनाल मानव सेवा संघ में राष्ट्रीय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल कुरुक्षेत्र में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत डॉ सुनील थुआ को कलीराम राष्ट्रीय देकर सम्मानित किया गया। उन्हें यह पुरस्कार शिक्षा व सामाजिक जागरूकता के प्रचार प्रसार करने के लिए दिया गया है। खासतौर पर जरूरतमंद लोगों व दिव्यांगजनों के उत्थान के लिए पिछले कई सालों से कार्यरत हैं।

# शब्दावली-अनुवाद विषयों पर कार्यशाला आयोजित

**कार्यान्वयन**

**व्यावहारिक रूप से राजभाषा हिंदी का क्रियान्वयन सफलता के साथ किया जा सकता है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। हरियाणा** केंद्रीय विश्वविद्यालय में राजभाषा अनुभाग व नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) महेंद्रगढ़ की ओर से हिंदी टिप्पण एवं प्रारूपण तथा प्रशासनिक शब्दावली और अनुवाद विषय पर केंद्रित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा तथा विषय विशेषज्ञ के रूप में केंद्रीय हिंदी निदेशालय, शिक्षा मंत्रालय के सहायक निदेशक डॉ. दीपक पांडेय एव डॉ. नूतन पांडेय सहायक निदेशक केंद्रीय हिंदी निदेशालय शिक्षा मंत्रालय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। नराकास अध्यक्ष कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला के अवसर पर विश्वविद्यालय के हिंदी अधिकारी डॉ. कमलेश कुमारी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के नेतृत्व में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए विश्वविद्यालय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन करता है। मंच संचालन हिंदी विभाग के शोधार्थी योगेश कुमार ने किया। कार्यशाला की शुरूआत दीप प्रज्जवलन एवं विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। तत्पश्चात विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने पुष्पगुच्छ, शॉल व स्मृति चिह्न भेंटकर विशिष्ट अतिथि एवं विशेषज्ञों का स्वागत किया। हिंदी अधिकारी डॉ. कमलेश कुमारी ने विषय विशेषज्ञ, कार्यशाला अध्यक्ष, नराकास के सदस्यों एवं विश्वविद्यालय के सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए विषय विशेषज्ञों केंद्रीय हिंदी निदेशालय शिक्षा मंत्रालय के सहायक निदेशक डॉ. दीपक पांडेय एवं डॉ. नूतन पांडेय का परिचय प्रस्तुत किया।

कार्यशाला में विशिष्टवक्ता के रूप में उपस्थित सहायक निदेशक डॉ. दीपक पांडेय एव डॉ. नूतन पांडेय ने हिंदी टिप्पण एवं प्रारूपण विषय पर रोचक जानकारी के साथ प्रशिक्षण दिया। विशेषज्ञ वक्ता ने प्रतिभागियों को बताया कि किस तरह से व्यावहारिक रूप से राजभाषा हिंदी का क्रियान्वयन सफलता के साथ किया जा सकता है। डॉ. नूतन पाण्डेय ने राजभाषा के महत्त्व और उसके उपयोग के लिए कार्यशाला में सम्मिलित प्रतिभागियों को प्रेरित किया।

# श्री कृष्ण ने पूरे विश्व को पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेश दिए: बेदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के सामाजिक, न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि गीता उपदेश स्थली कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर भगवान श्री कृष्ण ने अवतार के रुप में आकर पूरे विश्व को पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेश दिए। इन उपदेशों के माध्यम से ही पूरे विश्व को शांति पथ पर चलने का संदेश मिला है। इस पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों को जीवन में धारण करके हर समस्या का समाधान संभव हो सकता है। इन्ही तमाम पहलुओं को जहन में रखकर पूरी मानवता को गीता उपदेशों के प्रति जागरूक करने के लिए ही कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव जैसे कार्यक्रमों का आयोजन सरकार की तरफ से बड़े



स्तर पर किया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी वीरवार को ब्रह्मसरोवर के पुरुषोत्तमपुरा बाग में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड व जिला खेल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 पर आयोजित गीता रन कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी पुरुष वर्ग की 10 किलोमीटर और महिला वर्ग की 5 किलोमीटर दौड़ को हरी झंडी देकर रवाना किया। इसके उपरांत केबिनेट मंत्री ने पुरुष और महिला वर्ग में पहले 10 स्थानों पर आने वाले खिलाडि ?ों को सम्मानित किया। केबिनेट मंत्री ने दोनों वर्गों में प्रथम स्थान पर आने वाले खिलाड़ी को 31 हजार रुपए, द्वितीय को 21 हजार रुपए, तृतीय को 11 हजार रुपए और अगले 7 स्थानों पर रहने

**सम्मेलन**

**इस महोत्सव का आयोजन 5 देशों में भी किया जा चुका है और आने वाले समय में महोत्सव के स्वरुप को ओर बड़ा किया जाएगा।**

वाले खिलाड़ियों को 2100-2100 रुपए की नगद राशि देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में ही अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को भी सम्मान दिया गया।

कैबिनेट मंत्री ने प्रदेश वासियों को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अवतार के रुप में कुरुक्षेत्र की धरा पर पहुंचकर महाभारत युद्ध से पहले अर्जुन के माध्यम से पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेश दिए। यह उपदेश पूरी मानवता जाति के लिए आज भी पूरी तरह प्रासंगिक है। इस विषय को केंद्र और प्रदेश सरकार पूरी गंभीरता से लेकर स्कूली पाठ्यक्रम में भी गीता के उपदेशों को शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के स्वरुप को ओर बड़ा किया गया है। इस महोत्सव का आयोजन 5 देशों में भी किया जा चुका है और आने वाले समय में महोत्सव के स्वरुप को ओर बड़ा किया जाएगा। इस प्रकार के कार्यक्रमों को युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और संस्कारों से जुडने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों ने भी बढ़ चढकर भाग लिया।

# हकेंवि में ग्लोबल यंग अकैडमिशियन नेटवर्किंग इनिशिएटिव की हुई शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में युवाओं के बीच ज्ञान और सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्लोबल यंग अकैडमिशियन नेटवर्किंग इनिशिएटिव (ज्ञानी) की शुरूआत हुई है। इस प्रयास के अंतर्गत विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग द्वारा विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस पहल को विद्यार्थियों के लिए वैश्विक विज्ञान समुदाय से जुड़ने और आगे बढ़ने में मददगार बताया और कहा कि अवश्य ही विश्वविद्यालय के विद्यार्थी, शोद्यार्थी इससे लाभांवित होंगे। कार्यक्रम में स्कूल ऑफ इंटरडिस्प्लिनरी एंड एप्लायड साइंसेस के डीन, प्रो. दिनेश कुमार गुप्ता और विभिन्न विभागों के शिक्षकों, विद्यार्थियों व शोद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। बायोटेक्नोलॉजी विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. रूपेश देशमुख ने कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्यातिथि का स्वागत किया और कार्यक्रम का परिचय दिया। मुख्यवक्ता डॉ. रोशन कुमार यादव, जोकि नेपाल के वन और पर्यावरण मंत्रालय में सलाहकार और नेपाल के यूनेस्को राष्ट्रीय आयोग के पूर्व सदस्य हैं, ने अपने शोध अनुभव प्रतिभागियों से साझा किए। उन्होंने नेपाल के प्राकृतिक संसाधनों, आयुर्वेदिक दवाओं और कृषि में उनके उपयोग पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए द्विपक्षीय आदान-प्रदान कार्यक्रम की जरूरत पर जोर दिया।

ज्ञानी नेटवर्क में अब तक अमेरिका, कनाडा और यूरोप से 20 शोधकर्ता जुड़ चुके हैं। इस वर्ष वैश्विक स्तर पर लगभग 100 युवा शोधकताओं को इसमें शामिल किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के विद्यार्थी, शिक्षक और शोधार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रो. दिनेश कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों को वैश्विक शोध अवसरों से परिचित कराने और उनके विकास के लिए ऐसे कार्यक्रम की आवश्यकता पर जोर दिया।

# जनता समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का होगा सौ प्रतिशत समाधानः उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब** सिंह के निर्देशों पर आम जन की समस्याओं का निदान करने को लेकर जिला व उपमंडल स्तर पर जनता समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इनमें जो समस्याएं नागरिक लेकर पहुंचते है उनका समाधान सौ प्रतिशत होना तय है। उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया ने वीरवार को जनता समाधान शिविर में पहुंचे शिकायतकताओं कि समस्याओं का निस्तारण करते हुए कहा कि इन शिविरों में समस्याएं लेकर पहुंच रहे आम जन मानस को अधिकारी गुमराह न करें व जल्द से जल्द उनकी समस्याओं का निदान करें। उपायुक्त ने बताया कि समाधान शिविर के 2 घंटे की अवधि में कोई भी मीटिंग नहीं होगी बल्कि अधिकारी समाधान शिविर में ही



समय निकाल कर मीटिंग करेंगे। उपायुक्त ने शिविर में पहुंचे अधिकारियों की उपस्थिति संबंधी भी अलग से रजिस्टर लगवाया हुआ है जिसमें अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। जो अधिकारी देरी से पहुंचते है उन पर लाजमी रूप से कार्यवाही होगी। उपायुक्त ने बताया कि जो समस्याएं जनता समाधान शिविर में पहुंच रही है उनका रिव्यू भी रोजाना हो रहा है। शिविर का उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान करना व जनता को यह विश्वास दिलाना जरूरी है कि इन समाधान शिविरों का अपना महत्व है। इसमें किसी भी तरह की अनदेखी न करें क्योंकि मुख्यमंत्री लगातार इन शिविरों पर निगरानी रख रहे है। उपायुक्त ने कहा कि इन शिविरों की रिपोर्ट भी तैयार की जा रही है। शिविर में पहुंची एक महिला श्वेता वासी सैक्टर 13-17 ने उपायुक्त से प्रार्थना की कि उनका बिजली का बिल 1 लाख 29 हजार 89 रुपए आया हुआ है जो पिछले बिलों की अपेक्षा बहुत ज्यादा है। उन्होंने बताया कि यह स्थिति तब है जब वह सोलर का भी इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने बिजली बिल ठीक करवाने का अनुरोध किया। शिविर में उपायुक्त के समक्ष सुनिता वासी राजनगर ने गुहार लगाई कि उन्होंने अपनी रजिस्ट्री पर मकान बनाने के लिए लोन लिया था। अब इनके पति की मृत्यु हो चुकी है व उनका कोई अन्य सहारा नहीं है। बीमार होने की स्थिति में वे लोन अदा करने में असमर्थ है। उन्होंने लोन माफ करने की अपील की। उपायुक्त ने संबंधित बैंको को इस मामले को गंभीरतापूर्वक अध्ययन करने के निर्देश दिए। एक शिकायतकर्ता अंकित वासी मतलौडा ने उपायुक्त से गुहार लगाई कि उनका अभी तक इंतकाल नहीं चढ़ा है। उनके कार्य को लेकर लीपा पोती हो रही है। उपायुक्त ने आदेश दिए कि ऐसे कार्यो के लिए भी उन्हें मगजमारी करनी पड़ेगी। उपायुक्त ने डीआरओ को निर्देश दिए कि वे इस तरह के कार्यो के प्रति पटवारियों को सख्त करें ताकि आम जन को परेशानी का सामना न करना पड़े। एक अन्य शिकायतकर्ता समरजंघ वासी वार्ड 7 अशोक विहार ने उपायुक्त से उनके परिवार पहचान पत्र में दिव्यांग प्रमाण पत्र लगवाने की अपील की ताकि उनकी दिव्यांग पैंशन बन सकें। उपायुक्त ने संबंधित विभाग को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। एक अन्य शिकायतकर्ता नीलम वासी बाबरपुर ने राशनकार्ड बंद करवाने की प्रशासन अपील की। उपायुक्त ने डीएफएससी को इस पर संज्ञान लेने के निर्देश दिए। एक अन्य शिकायतकर्ता प्रताप सिंह ने फैमली आईडी में इनकम ठीक करवाने की अपील की।

# स्काई लार्क पर्यटन केंद्र में जिला स्तरीय नेटवर्किंग मीटिंग का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**जिला विविध सेवा** प्राधिकरण और ब्रेकथ्रू संस्था के तत्वावधान में वीरवार को स्काई लार्क पर्यटन केंद्र में जिला स्तरीय नेटवर्किंग मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए सीजेएम एवं जिला विधिक प्राधिकरण की सचिव मीनू ने कहा कि हम सभी का दायित्व बनता है कि हम अपने बेटों को अच्छे संस्कार दे ताकि अच्छे समाज का निर्माण किया जा सकें। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चों को समझाने की ज्यादा जरूरत है क्योंकि ज्यादतर घटनाएं उन्ही के कारण हो रही हैं । सीजेएम मीनू ने कहा कि हम अपने घरों में लड़कियों को ज्यादा बांध कर रखते हैं जिनको लेकर हमारे दिमाग में भी कई तरह के टैबू बने रहते हैं जिसके कारण हमारे दिमाग मे उनके बाहर निकलने पर डर



बना रहता है। जोकि सही नही है। उन्होंने मीटिंग में अपना फोक्स समाज में कैसे बेहतर दिया जाएं इसके आस पास रखा। महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी रजनी गुप्ता ने कहा कि आज भी हमारे समाज मे बाल विवाह हो रहे हैं जिसके लिए सभी का जागरूक होने की जरूरत है। ये सभी बाल विवाह तभी रूक पाएंगे ओर समाज तभी सुरक्षित होगा। जब बाल विवाह पर संज्ञान लिया जाएगा व लोगों को बड़े स्तर पर जागरूक किया जाएगा। ब्रेकथ्रू संस्था की तरफ से करनाल पानीपत सोनीपत की जिला प्रबंधक निशा रानी और गुरुग्राम जिला प्रबंधक नरेश ने सुरक्षित गांव और सुरक्षित स्कूल को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि कैसे आपसी सहयोग से भविष्य में समुदाय का सुरक्षित माहौल कैसे बनाएं, ताकि गांव की बेटी, महिलाएं घर से बाहर निकलते हुए असुरक्षित महसूस ना करें। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा, सीडीपीओ रजनी, चाइल्ड प्रोटेक्शन आफिसर के साथ-साथ ग्राम पंचायत सरपंच और स्कूल प्रिंसिपल व ब्रेकथ्रू संस्था से कुलदीप, प्रवीन, प्रदीप व टीसीएल रानी शामिल रहे।

## न्यूज फ्लैश

### अधिकारी ज्यादा से ज्यादा करें चैंकिंग, खनन को लेकर निगरानी बरते

पानीपत, ( कमाल हुसैन )

**उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र** कुमार दहिया ने जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी डयूटी के प्रति किसी भी तरह की कोताही न बरतें व डयूटी को अपना निजी कार्य समझ कर करे। ज्यादा से ज्यादा से चैंकिंग करे व खनन को लेकर निगरानी बरतें। अधिकारियों की कार्यशैली से सरकार की छवि बनती व बिगड़ती है। उपायुक्त ने बताया कि खनन विभाग द्वारा 1 अगस्त से 28 नवम्बर तक खनन विभाग ने 49 वाहनों को सीज किया गया व जिनसें 1 लाख 58 हजार रुपए की जुमार्ना वसूली की गई है। उपायुक्त ने बताया कि खनन को लेकर निगरानी बरती जा रही है। उपायुक्त ने कहा कि जरूरत पडने.पर एफआईआर भी दर्ज की जा रही है। खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि 6 वाहनों को पैनलिटी लगाकर के रिलीज किया गया है। गैरकानूनी ट्रांसपोर्टेशन को लेकर 11 एफआईआर दर्ज की गई है।

### गीता जयंती महोत्सव 9 से, तैयारियों को लेकर बैठक

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। डॉ. मंगलसेन ऑडिटोरियम में 9 से 11 दिसंबर तक जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इसे लेकर एडीसी यश जालुका की अध्यक्षता में जिला सचिवालय में बैठक आयोजित की गई। इसमें महोत्सव को सफल बनाने के लिये विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। एडीसी यश जालुका के अनुसार तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। पहले दिन जीओ गीता समिति द्वारा आरतीध्ह्वन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की जायेगी। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा परिसर में विभिन्न विभागों और प्राइवेट संस्थाओं द्वारा स्थापित किये जाने वाले स्टॉल्स का उद्घाटन किया जायेगा। इसके बाद गीता पर सेमिनार और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि दस दिसंबर को स्कूलों के विद्यार्थियों की प्रश्नोत्तरी, पेंटिंग, निबंध, श्लोकोच्चारण आदि की प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। विजेता विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया जायेगा। तीसरे दिन शहर में शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसकी शुरूआत रामलीला ग्राउंड से हरी झंडी दिखाकर की जायेगी। इसी दिन करीब 1800 बच्चे श्लोकोच्चारण करेंगे। यात्रा की वापसी पर पूजा भी की जायेगी। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा में एनजीओ और विभिन्न स्कूलों की झांकियां शामिल की जायेंगी। यात्रा के रास्ते में पेयजल की व्यवस्था के लिये जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये। नगर निगम अधिकारियों को साफ सफाई व बिजली निगम अफसरों को यात्रा के रास्ते में ढीले तारों (यदि कहीं हो तो) ऊपर उठवाने के निर्देश दिये गये। साथ ही कहा कि ऑडिटोरियम परिसर में स्थापित किये जाने वाले स्टॉलों में स्वयं सहायता समूह व प्राइवेट सेक्टर्स के स्टॉल भी होने चाहिये। उन्होंने जेल में कैदियों द्वारा तैयार सामान, खादी, हैफेड, आयुष, बागवानी, एनडीआरआई, बैंक, कृषि उत्पादों के स्टॉल लगाने के भी निर्देश दिये।

### सडक सुरक्षा समिति की बैठक का हुआ आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। कोहरे के कारण** सडक दुर्घटनाओं की संभावनाएं बढ़ जाता है। इन घटनाओं की रोकथाम को लेकर उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि आम जन सडक सुरक्षा नियमों की पालना करें, स्वयं भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें। प्रशासन का प्रयास है कि आईसीसीसी द्वारा शहर के चौंकों पर स्थापित एलईडी पर सडक सुरक्षा नियमों को न केवल प्रदर्शित किया जाएगा बल्कि लाउडस्पीकर के माध्यम से नियमों के बारे में भी थोड़ी-थोड़ी देर में जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी, ताकि आम जन सडक सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक रहें और सडक दुर्घटनाओं में कमी आ सके। सडकों पर सफेद पट्टी, साईनबोर्ड, जेब्रा कॉसिंग, रम्बल स्ट्रिप तथा स्पीड ब्रेकर, कैट आई, स्पीड लिमिट बोर्ड, गाडि?ों पर रिफ्लेक्टर, मार्किंग, लेन चेंजिंग साईन बोर्ड के साथ - साथ प्रवेश व निकास के बोर्ड भी अवश्य लगाए जाएं ।उपायुक्त वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक में बोल रहे थे।

# सैशन जज चन्द्रशेखर ने न्यायिक परिसर इंद्री का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला एवं सत्र** न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चन्द्रशेखर ने वीरवार को उप-मंडल इन्द्री के न्यायिक परिसर का निरीक्षण किया। इसके साथ ही पौधारोपण कर जन साधारण को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर उनके साथ मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन, अतिरिक्त सिविल जज (सीनियर डिवीजन) मधुर बजाज, इन्द्री व सिविल जज (जूनियर डिवीजन) सुमित सैनी भी उपस्थित रहे। इसके बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चन्द्रशेखर प्लेस आफ सेफ्टी पहुंचे और वहां रह रहे किशोरों से बात कर उन्हें प्रदान की जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने किशोरों द्वारा बनाए पोस्टर व विभिन्न कार्यक्रमों मे भाग लेने के लिए सराहना की और प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए। इसके अलावा उन्होंने एमडीडी बाल भवन में रह रहे बच्चों से बातचीत की व उन्हे पोस्टर मेकिंग व विभिन्न कार्यक्रमों मे भाग लेने के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किए।

# देश ऋषि मुनियों की जन्म और कर्म स्थली रहा है : मलिक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**आर्य बाल भारती** परिसर में महान समाज सुधारक ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक ने की आर्य समाज काबड़ी के उप प्रधान ओम दत्त आर्य मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे प्राचार्या मोनिका कटारिया ने विद्यालय में आने पर सभी का स्वागत किया और विद्यालय की कोऑर्डिनेटर आशा अरोड़ा ने सभी का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर गांव सिवाह के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित



खंड स्तरीय गीता महोत्सव प्रतियोगिताओं मैं प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भी मुख्य अतिथि ने मौके पर ही पुरस्कृत किया कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र से हुआ और शांति पाठ के साथ ही कार्यक्रम संपन्न हो गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक ने कहा कि यह देश ऋषि मुनियों और संत महात्माओं की जन्म और कर्म स्थली रहा है दुनिया के अधिकतर धर्म संप्रदायों का जन्म भी भारत में ही हुआ है भारत सारे विश्व को अपना परिवार मानता है महान समाज सुधारक वेद उपासक छुआछूत और अंधविश्वास के विरुद्ध आंदोलन के प्रणेता महात्मा ज्योतिबा फुले ने महाराष्ट्र में जन्म लेकर सारे विश्व को मानवता का पाठ पढ़ाया उन्होंने कहा कि हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा रोहतक की ओर से संचालित सभी आर्य शिक्षण संस्थाएं शिक्षा अंधविश्वास और छुआछूत को समाप्त करने के लिए अनेक कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित करती है इन सभी संस्थाओं में जहां उच्च कोटि की शिक्षा दी जाती है।

# 9 को पीएम करेंगे महाराणा प्रताप उद्यान विवि के मुख्य कैंपस का शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा के** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि आने वाली 9 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करनाल के महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय के मुख्य कैंपस का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री यह शिलान्यास पानीपत में आयोजित कार्यक्रम से करेंगे। कृषि मंत्री गुरुवार को करनाल के महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे थे। उनके साथ-साथ इंद्री के विधायक व चीफ व्हीप रामकुमार कश्यप ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि विश्व में सबसे ऊपजाई जमीन भारत की है। आज भारत और हरियाणा के किसान अच्छी पैदावार ले रहे हैं। कृषि क्षेत्र मजबूत और बड़ा है। तभी कृषि को उत्तम माना गया है। कोरोना काल में प्रत्येक काम बंद हो गया था लेकिन मात्र कृषि क्षेत्र ही ऐसा क्षेत्र था, जो चल रहा था। हम जब तक कृषि को पहले स्थान पर नहीं रखेंगे, तब तक बेरोजगारी दूर नहीं हो सकती। हमारी खेती पहले स्थान पर रहे। इसके लिए हमने प्रयास करना चाहिए। हरियाणा में खेती के क्षेत्र में बहुत अवसर हैं।

मोटे अनाज को दें बढ़ावा

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हमें मोटे अनाज को बढ़ावा देना चाहिए। यह अनाज हमारे लिए गेहूं से ज्यादा फायदेमंद है।

# वाहन चोर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। वाहन चोरी** की वारदातों पर अंकुश लगाते हुए जिला पुलिस की क्राइम युनिट एंटी आटो थेफ्ट टीम द्वारा को दशहरा ग्राउंड सैक्टर-16 करनाल से आरोपी बलजीत उर्फ बाबू पुत्र हंसराज वासी नलवी कलां, करनाल को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया।

पूछताछ पर आरोपी द्वारा दो अन्य वारदातों के संबंध में खुलासा किया गया, जो आरोपी के बताए स्थान से एक एक्टीवा व एक ई-रिक्शा बरामद की गई।

# सोनीपत में दो दिसंबर को होगा देश के प्रसिद्ध संतों का महाकुंभ



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः मुरथल स्थित श्री राम** कृष्ण साधना केंद्र के पीठाधीश्वर 1008 स्वामी दयानंद जी सरस्वती ने कहा कि सोनीपत में 2 दिसंबर को देश के प्रसिद्ध संतों का एक महाकुंभ होने जा रहा है। इसे संत सम्मान समारोह का नाम दिया गया है। इस संत सम्मान समारोह का आयोजन प्रदेश के प्रसिद्ध समाजसेवी, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं शशिकांत चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष शशिकांत कौशिक कर रहे हैं। किसी व्यक्ति द्वारा केवल अपने स्तर पर इस प्रकार का भव्य आयोजन प्रदेश में पहली बार हो रहा है। एक साथ- एक स्थान पर देश के महान संतों का मिलन होने से सोनीपत नगरी त्रिवेणी धाम जैसे संगम में तब्दील होगी। वे गुरुवार को संत सम्मान समारोह के आयोजक शशिकांत कौशिक के निवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। स्वामी दयानंद जी सरस्वती ने कहा कि 2 दिसंबर का संत सम्मान समारोह कई प्रकार से भव्य होने जा रहा है। इस समारोह में सोनीपत में पहली बार . धर्म सम्राट पूज्य गुरुदेव ज्ञानदास जी महाराज, हनुमानगढ़ी अयोध्या,. आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी जी महाराज, हरिद्वार,. गुरु शरणानंद जी महाराज, वृंदावन,. आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद जी महाराज, हरिद्वार,. गोविंद देव गिरी जी महाराज,. कालिदास जी महाराज, सांपला,. स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, कुरुक्षेत्र,. महंत बाबा बालकनाथ जी, रोहतक,. संपूर्णानंद ब्रह्मचारी जी महाराज, पंचकुला,. महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी जी महाराज, रोहतक,. स्वामी धर्मदेव जी महाराज पटौदी,. स्वामी कमल पुरी जी महाराज रोहतक, स्वामी दयानंद सरस्वती जी, मुरथल,. स्वामी दिव्यानंद जी भिक्षु सोनीपत, स्वामी अरुणदास जी महाराज, हरिद्वार,. महामंडलेश्वर राघवेंद्र भारती जी महाराज,. स्वामी परम आनंद जी, रोहतक,. स्वामी विश्वेश्रानंद जी, रोहतक,. बाल योगी अलख नाथ जी,. महामंडलेश्वर देवानंद जी महाराज, हरिद्वार, महामंडलेश्वर ललितानंद जी महाराज,. महामंडलेश्वर हरि चेतना नंद जी महाराज,. महामंडलेश्वर विष्णु दास जी महाराज,. महामंडलेश्वर प्रेमानंद गिरी जी महाराज,. महामंडलेश्वर रमेश्वरानंद जी महाराज, मौजूद रहेंगे।

# जिन्दल फाउंडेशन पैवेलियन बना समारोह में आकर्षण का केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरूक्षेत्रः सांसद नवीन** जिंदल के देश-प्रेम, मिशन और विजन को प्रदर्शित करने के लिए गीता जयंती समारोह में नवीन जिन्दल फाउंडेशन पैवेलियन बनाया गया है। इस पैवेलियन में, कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में उनके और नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित गतिविधियों की प्रदर्शनी लगाई गई है। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया, जिसके अध्यक्ष सांसद नवीन जिन्दल है, के द्वारा 23 जनवरी को राष्ट्रीय ध्वज दिवस मनाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के माध्यम से मेरा धागा मेरा तिरंगा



का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश के किसी भी कोने से कोई भी व्यक्ति धागा भेंट कर सकता है । इस अभियान के माध्यम से पूरे देश के कोने-कोने से धागा इकट्ठा करके एक राष्ट्रीय ध्वज बनाया जाएगा, जिसे 75वें गणतंत्र दिवस पर विशेष स्थान पर फहराया जाएगा। इस मौके पर फाउंडेशन द्वारा प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की जाएगी। प्रश्नोत्तरी के विजेताओं को मौके पर ही शानदार पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे । कोई भी व्यक्ति इस प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में भाग ले सकता है। नवीन जिन्दल फाउंडेशन पैवेलियन की गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए डॉ राज कुमार ने बताया कि नवीन जिन्दल फाउंडेशन पैवेलियन में सांसद नवीन जिन्दल के मिशन और विजन को प्रदर्शित किया जा रहा है। कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में उनके द्वारा संचालित सभी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार , युवाओं किसानों और महिलाओं के कल्याण के लिए आगामी योजनाओं को भी प्रदर्शित किया गया है। इस पैवेलियन में सांसद नवीन जिन्दल द्वारा कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र को आदर्श संसदीय क्षेत्र बनाने के लिए किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा भी दिखाई गई है। सांसद जिन्दल ने अपने चुनावी संकल्प पत्र में जो वायदे इस क्षेत्र की जनता के साथ किए थे। उनको पूरा करने के लिए अपना रोड मैप भी बताने का प्रयास किया है।

# नई अधिकृत 8 कॉलोनियों में सीवरेज व जलापूर्ति पाईप लाईन डाली जाएगी : डा. वैशाली शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नगर निगम करनाल** क्षेत्र की अधिकृत हुई 8 नई कॉलोनियों में सीवरेज व जलापूर्ति पाईप लाईन डाले जाने का कार्य आगामी वर्ष में शुरू होगा। कार्य की तकनीकी मंजूरी लेने के लिए केस बनाकर जन स्वाथ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के मुख्यालय को भेजा गया है। यह जानकारी गुरूवार को इस संबंध में हुई बैठक में नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि यह कार्य जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग की करनाल डिवीजन-एक के द्वारा अमरूत-2 स्कीम में करवाए जाएंगे। इनका अनुमान तैयार कर मुख्यालय को भेजा गया था। इस पर खर्च होने वाला कोष भी आ गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यालय से तकनीकी मंजूरी मिलने के बाद इस कार्य की निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी। उसके बाद सीवरेज व जलापूर्ति पाईप लाईन डाले जाने का कार्य शुरू किया जाएगा। 128 करोड़ रुपये से डलेगी पाईप लाईन- निगमायुक्त ने बताया कि अधिकृत हुई कॉलोनियों में सीवरेज व वाटर सप्लाई लाईन डाले जाने के कार्य पर अनुमानित 128 करोड़ 21 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। इस कार्य में अधिकृत कॉलोनियों में 12 किलोमीटर तथा शहर के अन्य क्षेत्रों में 48 किलोमीटर सीवर लाईन डाली जाएगी। इस पर अनुमानित 89 करोड़ 67 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। दूसरी ओर अधिकृत कॉलोनियों में साढे 13 किलोमीटर वाटर सप्लाई लाईन डाली जाएगी। इसके अतिरिक्त 20 नलकूप लगाए जाएंगे।

इनमें से 8 नलकूप नई अधिकृत कॉलोनियों में तथा 12 शहर के अन्य क्षेत्रों में लगाए जाएंगे। इन पर अनुमानित 38 करोड़ 54 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। इन 8 अधिकृत कॉलोनियों में होगा कार्य- उन्होंने बताया कि जिन कॉलोनी में सीवर व वाटर सप्लाई लाईन डाली जानी हैं।

# एसडी पीजी कॉलेज ने खो-खो में हासिल किया दूसरा स्थान

## पांच महिला खिलाडियों का हुआ ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कैंप में चयन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**एसडी पीजी कॉलेज पानीपत** की टीम ने कुरुक्षेत्र विश्वविधालय में महिला खो-खो इंटर कॉलेज टूनामेंट में द्वितीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज और जिले का मान बढाया। यह टूनामेंट कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में 20-21 नवम्बर को सम्पन्न हुआ और इसमें एसडी पीजी कॉलेज की टीम ने खालसा कॉलेज, यमुनानगर, एस.ए. जैन कॉलेज, अम्बाला सिटी और चौधरी इश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, पूंडरी पछाड़ते हुए महिला खो-खो की द्वितीय स्थान पर कब्जा किया। कॉलेज की महिला खो-खो टीम ने कप्तान अन्नू की अगुआई में अन्नू, निशा,



अंजलि, जयवंती, ऋतू, कोमल, कुसुम, तन्नु, मुस्कान, मनीषा, सोनल और प्रीती, के शानदार खेल के बूते पर सभी मैचों में एकतरफा जीत हासिल कर के इस मुकाम को हासिल किया । एसडी पीजी कॉलेज की खो-खो टीम ने खालसा कॉलेज, यमुनानगर को 14-1 के अंतर से, एस.ए. जैन कॉलेज अम्बाला सिटी को 45-2 के अंतर से और चौधरी इश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, पूंडरी को 15-1 के अंतर से पटखनी दी। विजेता छात्राओं का कॉलेज प्रांगण में पहुँचने पर स्वागत एसडी पीजी कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्षा डॉ सुशीला बेनीवाल, प्रो रेखा, कोच अंकुश मलिक, प्रो. आनंद और ग्राउंड्समैन प्रताप ने किया । सबसे अधिक हर्ष का विषय यह रहा कि इस टीम के 5 खिलाड़ी नार्थ जोन मेडलिस्ट और राष्ट्रीय पदक विजेता है । पांच महिला खिलाडियों जिसमे अन्नू, निशा, जयवंती, अंजलि और ऋतू का ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कैंप के लिय भी चयन हुआ है. विदित रहे कि इस टीम की कप्तान अन्नू राष्ट्रीय स्तर की 8 खो-खो चैंपियनशिप्स में कॉलेज का मान बढ़ा चुकी है जिसमे 54वीं सीनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप भी शामिल है । अन्नू कॉलेज की बेस्ट एथलीट का खिताब भी जीत चुकी है । निशा, जयवंती, अंजलि, ऋतू ने राष्ट्रीय खो-खो टूनामेंट्स में कई बार हिस्सा लेकर कॉलेज को मैडल दिलवाये है । इनके अलावा कोमल, कुसुम, तन्नु, मुस्कान, मनीषा, सोनल और प्रीती ने भी टूनामेंट में शानदार खेल दिखाया । एसडी कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल ने कहा कि अन्नू, निशा, जयवंती, अंजलि और ऋतू ने जो उपलब्धि हासिल की है वह हर विद्यार्थी के लिए गौरव और हर्ष का विषय है । इस जीत के पीछे इन सबकी लगन और कड़ी मेहनत का हाथ है । प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने अन्नू, निशा, जयवंती, अंजलि और ऋतू की उपलब्धियों के बारे में बोलते हुए कहा कि ऐसे खिलाडी बहुत कम होते है जो इतनी कम उम्र में बड़े कारनामे कर जाते है । इन सभी खिलाड़ियों की कामयाबी का सफर बहुत लम्बा है।

## संपादकीय

# स्त्री शोषण की अंतहीन विभीषिका, बुनियादी शिक्षा की दरकार

**देश में स्त्री** शोषण की विविधता और धार्मिक कट्टरता एक अभिशाप बनकर सामने आई है। स्त्रियों पर होते अत्याचार और शोषण के विरुद्ध ठोष कारगर उपाय तथा कठोरतम कानून निर्मित करने की गंभीर आवश्यकता है। आज नारियों को शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है, विशेष तौर पर स्त्री तथा बच्चों को बुनियादी शिक्षा तथा देश की महिलाओं, स्त्रियों और बालिकाओं के सक्षम एवं सफल जीवन के लिए एक दीर्घकालिक योजना पर अमल किया जाना चाहिए। स्त्रियों के शोषण,अत्याचार के विरुद्ध पंचवर्षीय योजना की तरह शिक्षा,साक्षरता एवं ज्ञान की वृद्धि के लिए विशेष तौर पर महिलाओं तथा बच्चों के लिए एक विशेष अभियान चलाने की गंभीर आवश्यकता है। बालिकाएं स्त्रियां पढेंगी तभी इतिहास रचेंगी और देश को सशक्त बनाने का प्रयास करेंगीं। भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश है। भारत की जनसंख्या में पुरुषों के साथ-साथ की स्त्रियों तथा बच्चों की भी जनसंख्या भी बहुत ज्यादा है। देश में स्त्री शोषण की विविधता और धार्मिक कट्टरता को देखते हुए नारियों को शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है, विशेष तौर पर स्त्री तथा बच्चों को बुनियादी शिक्षा तथा साक्षरता की महती आवश्यकता देश में महसूस की जा रही है। स्त्रियां अपने परिवार ,घर और समाज की देखरेख करती हैं अतः उनका शिक्षित होना बहुत ज्यादा आवश्यक भी है, बच्चे देश का भविष्य है अतः उनका शिक्षित होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना किसी भी देश के एक सफल नागरिक को होना चाहिए। स्त्री और शिक्षित होंगी तो स्वयं और अपने परिवार को अच्छे बुरे और असामाजिक घटनाओं से सचेत रहने की शिक्षा भी दे सकती हैं जिससे एक सामाजिक परिवर्तन एवं सामाजिक आंदोलन की महत्वपूर्ण पृष्ठभूमि को तैयार किया जा सकता है। भारत में चाहे विकास की बात हो, सार्वभौमिकता की बात हो,सत्य, अहिंसा की बात हो या बात करोना संक्रमण से बचने की हो,हमें शिक्षा एवं व्यापक साक्षरता की महती आवश्यकता है' जिस तरह जल के बिना जीवन नहीं होता है,उसी तरह साक्षरता और शिक्षा के बगैर मनुष्य का जीवन निरर्थक है' अशिक्षित आदमी ना तो अपने परिवार ना ही समाज के लिए उपयोगी हो सकता है' इसके लिए सबसे पहले हमें स्त्रियों की शिक्षा और साक्षरता के मूल अंतर को समझना होगा' शिक्षा जीवन के महत्व, संकल्पना को निरूपित करती है वही साक्षरता मनुष्य के संपूर्ण जीवन को अंश मात्र से ही अपना पक्ष रखती हैं' शिक्षा व्यक्ति के संपूर्ण जीवन पद्धति को विकसित करने का जरिया तथा महत्वपूर्ण विकल्प है' जिसके अंतर्गत पढ़ना,लिखना, समझना चरित्र विकास बौद्धिक मानसिक मनोवैज्ञानिक आध्यात्मिक सभी पहलुओं में गुणात्मक विकास करने के लिए आवश्यक कारक है' साक्षरता में संस्कृतिक सभ्यता तथा अन्य माननीय जीवन की कल्पना से इसका कोई संबंध नहीं रह जाता है' साक्षरता सदैव रोजगार मूलक तथ्यों से जुड़ी होती है। जबकि सभ्यता संस्कृति का विकास मानवीय शिक्षा से ही संभव हो पाता है' शिक्षा हमें सभ्य होना सिखाती है। इसमें व्यक्ति के मनन, चेतना, सद्बुद्धि और विचारशीलता में वृद्धि करती है' ऐसा भी संभव होता है कि कई वर्षों के अध्ययन से व्यक्ति सभ्य और सुसंस्कृत नहीं हो पाता है।

# सीखते हुए कमाएं' योजना को मजबूत और सार्थक बनाने की जरूरत



प्रियंका सौरभ

> प्रतिभागी पर्यटन उद्योग के भीतर संपर्क स्थापित करते हैं, पेशेवरों के साथ बातचीत करते हैं और भविष्य के रोजगार के अवसरों के लिए अपने नेटवर्क का विस्तार करते हैं। यह योजना कॉलेज के छात्रों और युवा स्नातकों को कौशल और ज्ञान से लैस करके सशक्त बनाती है जो उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाती है और पर्यटन क्षेत्र में उपयुक्त नौकरियाँ हासिल करने की उनकी संभावनाओं को बढ़ाती है। इस योजना का उद्देश्य भारत में पर्यटन उद्योग के विकास और वृद्धि में योगदान देने में सक्षम एक कुशल और जानकार कार्यबल तैयार करना है। "सीखते हुए कमाएँ" योजना व्यावसायिक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण को सुविधाजनक और मजबूत बनाती है: "सीखते हुए कमाएँ" योजना विभिन्न तरीकों से व्यावसायिक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण को महत्त्वपूर्ण रूप से सुविधाजनक और मजबूत बनाती है

**सार्थक** व्यावसायिक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण के लिए 'सीखते हुए कमाएँ' योजना को मजबूत करना अनिवार्य है। यह दृष्टिकोण सैद्धांतिक शिक्षा के साथ व्यावहारिक अनुभव को एकीकृत करता है, जिससे रोजगार क्षमता बढ़ती है। पर्याप्त समर्थन, उद्योग सहयोग और नीति समायोजन इसकी प्रभावशीलता को बढ़ा सकते हैं, शिक्षा को वास्तविक दुनिया की माँगों के साथ जोड़ सकते हैं और कुशल रोजगार को बढ़ावा दे सकते हैं। "सीखते हुए कमाएँ" योजना व्यावसायिक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण को नौकरी के व्यावहारिक अनुभव के साथ जोड़ती है, जिससे छात्रों को अपनी पढ़ाई जारी रखते हुए वास्तविक दुनिया में काम करने का अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलता है। व्यावसायिक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण को नौकरी बाजार की माँगों के लिए अधिक सार्थक और प्रासंगिक बनाने के लिए यह दृष्टिकोण आवश्यक है। पर्यटन मंत्रालय वर्तमान में प्रशिक्षुओं के बीच मूल्यवान पर्यटन यात्रा कौशल और ज्ञान को बढ़ावा देने और उन्हें "छात्र स्वयंसेवक" के रूप में सेवा करने में सक्षम बनाने के लिए "सीखते हुए कमाएँ" नामक एक योजना को लागू कर रहा है। यह योजना विशेष रूप से यात्रा उद्योग पर केंद्रित अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करती है, जो स्नातक पाठ्यक्रम करने वाले कॉलेज के छात्रों या 18 से 25 वर्ष की आयु के स्नातकों को लक्षित करती है। इसका उद्देश्य इन युवा व्यक्तियों को पर्यटन क्षेत्र में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर प्रदान करना है, साथ ही साथ आय अर्जित करना भी है। 'सीखते हुए कमाएँ' योजना के महत्त्वपूर्ण पहलू: "सीखते हुए कमाएँ" योजना में कई महत्त्वपूर्ण पहलू शामिल हैं जो इसे लाभकारी और प्रभावशाली बनाते हैं। इन पहलुओं में कौशल विकास शामिल है। यह योजना यात्रा उद्योग पर केंद्रित अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करती है, जो ग्राहक सेवा, आतिथ्य और संचार जैसे क्षेत्रों में प्रतिभागियों के कौशल और ज्ञान को बढ़ाती है। प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के दौरान आय अर्जित करने का अवसर मिलता है, जो उनकी शिक्षा का समर्थन करने और वित्तीय स्वतंत्रता प्रदान करने में मदद कर सकता है। इस योजना के माध्यम से, प्रतिभागी छात्र स्वयंसेवकों के रूप में जुड़ते हैं, व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करते हैं और वास्तविक दुनिया की स्थितियों में अपने सैद्धांतिक ज्ञान को लागू करते हैं।

प्रतिभागी पर्यटन उद्योग के भीतर संपर्क स्थापित करते हैं, पेशेवरों के साथ बातचीत करते हैं और भविष्य के रोजगार के अवसरों के लिए अपने नेटवर्क का विस्तार करते हैं। यह योजना कॉलेज के छात्रों और युवा स्नातकों को कौशल और ज्ञान से लैस करके सशक्त बनाती है जो उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाती है और पर्यटन क्षेत्र में उपयुक्त नौकरियाँ हासिल करने की उनकी संभावनाओं को बढ़ाती है। इस योजना का उद्देश्य भारत में पर्यटन उद्योग के विकास और वृद्धि में योगदान देने में सक्षम एक कुशल और जानकार कार्यबल तैयार करना है। "सीखते हुए कमाएँ" योजना व्यावसायिक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण को सुविधाजनक और मजबूत बनाती है: "सीखते हुए कमाएँ" योजना विभिन्न तरीकों से व्यावसायिक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण को महत्त्वपूर्ण रूप से सुविधाजनक और मजबूत बनाती है जैसे यह योजना प्रतिभागियों को व्यावहारिक सीखने के अवसर प्रदान करती है, जिससे उन्हें वास्तविक दुनिया के परिदृश्यों में सैद्धांतिक ज्ञान लागू करने की अनुमति मिलती है। यह व्यावहारिक अनुभव उद्योग प्रथाओं की उनकी समझ को बढ़ाता है और आवश्यक व्यावसायिक कौशल विकसित करता है। यह योजना विशेष रूप से यात्रा उद्योग पर केंद्रित है, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रतिभागियों को उद्योग की आवश्यकताओं और मांगों के साथ संरेखित प्रशिक्षण प्राप्त हो। यह उद्योग-केंद्रित दृष्टिकोण व्यावसायिक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण की प्रासंगिकता को बढ़ाता है, प्रतिभागियों को नौकरी के लिए तैयार बनाता है और उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाता है। यह योजना प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के दौरान आय अर्जित करने में सक्षम बनाती है, जिससे व्यावसायिक शिक्षा तक पहुँचने में वित्तीय बाधाएँ कम होती हैं। यह वित्तीय सहायता न केवल भागीदारी को प्रोत्साहित करती है, बल्कि व्यक्तियों को अपने कौशल विकास में सक्रिय रूप से निवेश करने के लिए भी प्रेरित करती है। व्यावहारिक प्रशिक्षण और उद्योग प्रदर्शन प्रदान करके, यह योजना प्रतिभागियों की रोजगार क्षमता को बढ़ाती है। प्रतिभागी उद्योग-सम्बंधित कौशल और ज्ञान प्राप्त करते हैं, जिससे वे कार्यबल में प्रवेश करने और अपने चुने हुए क्षेत्र में सफल होने के लिए अच्छी तरह से तैयार हो जाते हैं। यह योजना शैक्षणिक संस्थानों और यात्रा उद्योग के बीच सहयोग को बढ़ावा देती है। यह सहयोग सुनिश्चित करता है कि व्यावसायिक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्योग के विशेषज्ञों के परामर्श से डिजाइन किए गए हैं, जिसमें उनकी अंतर्दृष्टि और आवश्यकताएँ शामिल हैं। यह शैक्षणिक संस्थानों और उद्योग की जरूरतों के बीच संरेखण को मजबूत करता है, जिससे व्यावसायिक शिक्षा अधिक प्रभावी और उद्योग के लिए तैयार हो जाती है। "सीखते हुए कमाएँ" योजना को मजबूत करना सुनिश्चित करता है कि व्यावसायिक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण पाठ्यक्रम उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप हैं। यह योजना छात्रों को उनके चुने हुए क्षेत्रों में व्यावहारिक, व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने की अनुमति देती है, जो कार्यबल में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल और आत्मविश्वास विकसित करने के लिए महत्त्वपूर्ण है। अपनी शिक्षा जारी रखते हुए आय अर्जित करके, छात्र आंशिक रूप से या पूरी तरह से अपने शिक्षा व्यय का वहन कर सकते हैं। "सीखते हुए कमाएँ" योजना को मजबूत करने से कुशल श्रमिकों का उत्पादन करके कौशल अंतर को पाटने में योगदान मिलता है, जो नौकरी बाजार की मांगों को पूरा करने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित हैं। उद्योग-अकादमिक सहयोग को बढ़ानाः यह सहयोग सुनिश्चित करता है कि व्यावसायिक शिक्षा प्रणाली नवीनतम उद्योग प्रवृत्तियों और तकनीकी प्रगति के साथ अद्यतित रहती है, जिससे अंततः छात्रों और नियोक्ताओं दोनों को लाभ होता है। यह योजना आजीवन सीखने की संस्कृति को बढ़ावा देती है, क्योंकि छात्र नौकरी बाजार की लगातार बदलती मांगों के अनुकूल होते हैं। "सीखते हुए कमाएँ" दृष्टिकोण छात्रों को सफल करियर के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से बेहतर ढंग से लैस कर सकता है।

अंततः, यह एक अधिक कुशल, अनुकूलनीय और प्रतिस्पर्धी कार्यबल में योगदान देगा जो आर्थिक विकास और समृद्धि को बढ़ावा देता है। इसलिए, "सीखते हुए कमाएँ" योजना व्यावहारिक अनुभव, उद्योग प्रासंगिकता, आय सृजन, रोजगार क्षमता में वृद्धि, उद्योग के साथ सहयोग और कैरियर मार्ग अन्वेषण प्रदान करके व्यावसायिक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण को सुगम और मजबूत बनाती है। ये पहलू सामूहिक रूप से एक कुशल और नौकरी के लिए तैयार कार्यबल के विकास में योगदान करते हैं, जो भारत में व्यावसायिक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण के विकास को बढ़ावा देते हैं।



## कविता

जर्रा हैं हवाओं में बिखर जाएंगे।।

गए दूर तुझसे न हम नजर जाएंगे।
अखबारों में खबर बनकर आएंगे।

हर तरफ सिर्फ अंधेरा ही अंधेरा है।
अंधेरे में बता तुझें कैसे निहार पाएंगे।।

आरजू तमन्नाएं अब कुछ भी नहीं,
जर्रा हैं हम हवाओं में बिखर जाएंगे।।

तीर आसमान की तरफ मत चलाना
तीर तेरी तरफ फिर लौटकर आएंगे।।

ख्वाहिश है आखरी बार देखने की तुझे,
अब हम खुदा जाने हम किधर जाएंगे।।

ये सजर है तेरे ही गांव का शायद,
इजाजत हो थोडी देर ठहर जाएंगे।

मौसम यूँ ही आते जाते रहेंगे संजीव
हैम केवल दास्तान बनकर रह जाएंगे।

संजीव

---------

# शहरी जीवनशैली की ओर अग्रसर भारतीय गांव

**सुनील कुमार महला**

**आईएमएफ** के अनुसार वर्ष 2024 में 3,937.011 बिलियन डॉलर की अनुमानित जीडीपी के साथ भारत दुनिया की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यहां की दो तिहाई आबादी आज भी ग्रामीण आबादी ही है।वर्ल्डोमीटर द्वारा संयुक्त राष्ट्र के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार 27 नवंबर 2024 तक भारत की वर्तमान जनसंख्या 1,456,190,641 बताई गई है। जीवन प्रत्याशा 72.24 वर्ष और प्रति हजार जीवित जन्मों पर शिशु मृत्यु दर 22.6 है। इन सब आंकड़ों के बीच भारतीय गांव आजकल शहरी जीवन का अनुसरण कर रहे हैं।

कृषि प्रधान कहलाने वाला गांवों का देश भारत कृषि और पशुपालन से मुंह मोड़ने लगा है। हाल ही में 21 नवंबर 2024 को माननीय सुप्रीम कोर्ट में दाखिल उच्च स्तरीय समिति की अंतरिम रिपोर्ट में 2018-19 के राष्ट्रीय सर्वेक्षण का हवाला देते हुए कृषि परिवारों की औसत आय केवल 10,218 रूपए बताई गई है । यह बहुत ही गंभीर और संवेदनशील है कि घटती आय ने किसानों के सिर पर कर्ज का बड़ा बोझ लाद दिया और पिछले तीस सालों में चार लाख से अधिक किसानों, खेतीहर मजदूरों ने आत्महत्या कर ली। समिति ने कर्ज माफी और एम एस पी को कानूनी मान्यता देने की भी सिफारिश की है, क्यों कि खेती से किसान रोज 27 रूपए ही कमा रहा है।

कहना गलत नहीं होगा कि आज छोटे-सीमांत किसान और कृषि मजदूर आर्थिक संकट से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। भारतीय ग्रामीण परिवारों की बचत आज घटी है और खर्च और कर्ज बढ़ा है। ग्रामीण पुरूष ही नहीं महिलाएं भी कर्ज लेने में आगे हैं। आंकड़े बताते हैं कि ग्रामीण परिवारों के मासिक खर्च में दस साल में 164 प्रतिशत और शहरी परिवारों के खर्च में 146 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। आज ग्रामीण भी शहरों के लोगों की भांति ईएमआई पर सामान खरीदते हैं और स्वास्थ्य बीमा पर भी खर्च में भी आमूलचूल बढ़ोत्तरी हुई है। आज ग्रामीण परिवारों के प्रति व्यक्ति मासिक खर्च में काफी वृद्धि हुई है।

आंकड़े बताते हैं कि आज गांवों में प्रति एक लाख लोगों में 18,714 लोग ऐसे हैं, जिन्होंने कोई न कोई कर्ज लिया है। जबकि, शहरों में एक लाख में 17,442 लोग कर्जदार हैं। सांख्यिकी मंत्रालय की व्यापक वार्षिक माड्यूलर सर्वेक्षण (कैम्स) रिपोर्ट के मुताबिक, 2022-23 में देश में प्रति एक लाख लोगों पर 18,322 लोग कर्जदार हैं।

## विचार

# अब अजमेर वाले ख्वाजा साहब की बारी

**राकेश अचल**

**देश की** संसद तीन दिन से ठप्प है ,लेकिन ये कोई खबर नहीं है । खबर ये है कि देश की 6 लाख मस्जिदों और दरगाहों पर कब्जा हासिल करने के महा अभियान के तहत अब अजमेर वाले ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह हम हिन्दुओं के निशाने पर है। अजमेर की ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में संकट मोचन महादेव मंदिर होने का दावा करते हुए अजमेर सिविल कोर्ट में लगाई गई याचिका को कोर्ट ने सुनने योग्य माना है। यह याचिका हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता की ओर से याचिका लगाई गई। आपको पता ही होगा कि राजस्थान राज्य के अजमेर में स्थित ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह भारत के प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक है। यह दरगाह, गुलाबी शहर जयपुर से करीब 135 किलोमीटर दूर, चारों तरफ अरावली की पहाड़ियों से घिरे अजमेर शहर में स्थित है। अजमेर शरीफ की दरगाह के नाम से यह पूरे देश में प्रसिद्ध है।इस दरगाह से सभी धर्मों के लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। इसे सर्वधर्म सद्भाव की अदभुत मिसाल भी माना जाता है। ख्वाजा साहब की दरगाह में हर मजहब के लोग अपना मत्था टेकने आते हैं। ऐसी मान्यता है कि जो भी ख्वाजा के दर पर आता है कभी भी खाली हाथ नहीं लौटता है, यहां आने वाले हर भक्त की मुराद पूरी होती है।

देश के भाग्यविधाता प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी का तो पता नहीं, लेकिन ख्वाजा की मजार पर देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू,भाजपा के दिग्गत नेता और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी, देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी,अमेरिका कि पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा समेत कई नामचीन और मशहूर शख्सियतों ने अपना मत्था टेका है। आप इस फेहरिश्त में मेरा नाम भी बाबस्ता कर सकते हैं । मैं भी दो मर्तबा इस दरगाह पर सपरिवार माथा टेक आया हूँ,हालाँकि मैं पक्का सनातनी हूँ। ख्वाजा के दरबार में अक्सर बड़े-बड़े राजनेता एवं अभिनेता आते रहते हैं और अपनी अकीदत के फूल पेश करते हैं एवं आस्था की चादर चढ़ाते हैं। अपने अनेक फिल्मों में इस दरगाह को देखा होगा। तकरीबन 559 साल पुरानी इस दरगाह को लेकर अजमेर के न्यायालय ने वाद को स्वीकार करते हुए दरगाह कमेटी, अल्पसंख्यक मामलात व भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण धरोहर को नोटिस जारी करने के आदेश जारी करने का फैसला दिया है। वादी विष्णु गुप्ता की ओर से हरदयाल शारदा की ओर से लिखी पुस्तक का हवाला देते हुए वाद प्रस्तुत किया गया था, जिसमें उन्होंने अजमेर की दरगाह में शिव मंदिर होने का दावा किया है। इस मामले में अगली सुनवाई 20 दिसंबर 2024 को की जाएगी।मुमकिन है कोई शंकराचार्य इस मामले में गवाह बनकर पेश हो जाये। हम हिन्दुओं की नई पीढ़ी बहुत जागरूक है इसलिए जो काम उनके पुरखे पांच सौ साल पहले नहीं कर पाए,उसे वे अब अंजाम दे रहे है।याचिकाकर्ता का दावा है कि दरगाह की जमीन पर पहले भगवान शिव का मंदिर था। मंदिर में पूजा और जलाभिषेक होता था। याचिका में अजमेर निवासी हर विलास शारदा द्वारा वर्ष 1911 में लिखी पुस्तक का हवाला दिया गया है। पुस्तक में दरगाह के स्थान पर मंदिर का जिक्र है।पुस्तक कहती है की दरगाह परिसर में मौजूद 75 फीट लंबे बुलंद दरवाजे के निर्माण में मंदिर के मलबे के अंश तहखाने में गर्भगृह होने का प्रमाण मिल जाएगा।

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती की इस दरगाह को मंदिर बताते हुए इससे पहले हिंदू सेना की तरफ से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष याचिका पेश की गई थी। हालांकि, न्यायाधीश प्रीतम सिंह ने ये कहकर सुनवाई से इनकार कर दिया था कि यह उनके क्षेत्राधिकार से बाहर है। इसके बाद जिला अदालत में याचिका पेश की गई। मुझे लगता है कि इस तरह की फुटकर याचिकाओं पर सुनवाई के बजाय अब खुद सरकार को याचिकाकर्ता बनकर देश की तमाम मस्जिदों,दरगाहों, ईदगाहों और ताजमहल तक का सर्वे करने के लिए अदालत से दरख्वास्त करना चाहिए ,क्योंकि हम हिन्दुओं का पक्का विश्वास है कि हर मस्जिद,दरगाह और ईदगाह के नीचे कोई न कोई मंदिर जरूर है।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# सबसे पहले पिता-परमेश्वर का धन्यवाद करना चाहिए

**- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

**अमेरिका में** धन्यवाद दिवस का अपना ही महत्त्व है। यह दिन यूरोप और दूसरे देशों से आए लोगों ने अमेरिका के लोगों को सहायता देने के उपलक्ष्य में शुरू किया था, परंतु समय के साथ-साथ यह दिन धन्यवाद दिवस के रूप में प्रचलित हो गया। कई बार जब हमें किसी से कोई भी चीज मिलती है तो हम उन्हें धन्यवाद कहते हैं। चाहे यह हमारे परिवार, मित्रों, शिक्षकों, समाज और देश से मिले। इसके अलावा हम प्रभु से मिले सभी उपहारों के लिए भी उनका धन्यवाद करते हैं। हमें अपने जीवन में सबसे पहले पिता-परमेश्वर का धन्यवाद करना चाहिए क्योंकि उन्होंने हमें ये मानव शरीर दिया है।

चौरासी लाख जियाजून में केवल इस शरीर में ही हम अपने आपको जान सकते हैं और पिता-परमेश्वर को पा सकते हैं। इसके अलावा हमारे जीवन में प्रभु ने हमें अनेक बरकतें दी हैं। यदि हम एक स्वस्थ जीवन व्यतीत कर रहे हैं तो हमें प्रभु का धन्यवाद करना चाहिए क्योंकि ऐसे बहुत से लोग हैं जो किसी गंभीर बीमार से पीड़ित हैं। यदि हमें प्रत्येक दिन भोजन मिल रहा है तो इसके लिए भी हमें प्रभु का धन्यवाद करना चाहिए क्योंकि बहुत से लोगों को दो वक्त का भी भरपेट भोजन नसीब नहीं है। यदि हम देख, सुन और बोल पा रहे हैं तो इसके लिए भी हमें प्रभु का धन्यवाद करना चाहिए क्योंकि इस दुनिया में ऐसे बहुत से लोग हैं जो न तो देख पाते हैं, न ही सुन पाते हैं और न ही बोल पाते हैं। यदि हम आर्थिक रूप से संपन्न है तो इसके लिए भी हमें प्रभु का धन्यवाद करना चाहिए क्योंकि हम यह देखते हैं कि गरीबी के कारण जीवन में अनेक मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। यदि हम अपने परिवार के साथ रह रहे हैं तो इसके लिए भी हमें प्रभु का धन्यवाद करना चाहिए क्योंकि ऐसे बहुत से लोग हैं जोकि अनाथ हैं। इस तरह हम देखते हैं कि हमारे जीवन में प्रभु की अपार दयामेहर है तो इसलिए न सिर्फ धन्यवाद दिवस पर बल्कि हर रोज हमें प्रभु का धन्यवाद करना चाहिए। धन्यवाद दिवस पर हम केवल प्रभु का धन्यवाद करने तक ही सीमित न रहें बल्कि इस दिन हम यह भी प्रण करें कि प्रभु से मिली इन खुशियों को हम सबके साथ बाटेंगे और दूसरों की सेवा करेंगे।

# प्रभु लीला मेले का उद्घाटन

**कस्बे** में एक अद्वितीय महोत्सव हुआ था - प्रभु लीला मेले का उद्घाटन समारोह। इसे शहर के सबसे प्रतिष्ठित व्यक्ति, ज्ञानबाबू ने अपनी दिव्य उपस्थिति से और भी गरिमामय बना दिया। ज्ञानबाबू, जिन्हें लोग प्यार से "पंचतत्व विशेषज्ञ" कहकर बुलाते थे, अपने नाम से कहीं अधिक अपने अनमोल सुझावों और असामयिक प्रवचनों के कारण प्रसिद्द थे। समारोह की शुरूआत चालीस मिनट देर से हुई, क्योंकि ज्ञानबाबू की विशिष्ट सलाह पर हर अतिथि को विशेष "प्रणाम मुद्रा" में, एक पैर पर खड़े होकर आमंत्रित किया गया था। ज्ञानबाबू के अनुसार, यह न केवल सम्मान का प्रतीक था बल्कि इससे राष्ट्रभक्ति भी सुदृढ़ होती है। खैर, अतिथियों ने किसी तरह इस अनोखी मुद्रा में पहुंचकर उनके चरणों में साष्टांग दंडवत किया। "प्रभु लीला मेला" इस बार कुछ विशेष था। आयोजकों ने इसे जनता को "समाज के विकट मुद्दों पर जागरूक करने" के लिए आयोजित किया था। मेले का आकर्षण बिन्दु था - "असंभव संकल्प" प्रतियोगिता। इस प्रतियोगिता में नगर के

जनसेवकों से लेकर हर आम आदमी को, पूरे दिल से वह संकल्प लेना था, जिसे वे कभी पूरा नहीं करेंगे। ज्ञानबाबू ने प्रतियोगिता की शुरूआत करते हुए मंच से घोषणा की, "आज से हम सब मिलकर कसम खाएंगे कि हम पूरी लगन और मेहनत से अपनी एकता का हर रोज प्रदर्शन करेंगे। हर मोहल्ले में आपसी झगड़े को सामूहिक निर्णय मानते हुए हर शाम उसका उत्सव मनाएंगे।" यह घोषणा सुनते ही जनता में जोरदार तालियाँ गूंजी। लोगों ने तुरंत इस नई परंपरा को अपनाने का संकल्प लिया। मेले में हर ओर एक अलग ही नजारा था। गली-गली में दुकानों में "चिंता-मुक्त भारत" का स्टॉल लगा था, जहाँ हर दुकान एक मुफ्त "विश्रामदायिनी औषधि" दे रही थी। ज्ञानबाबू के अनुसार यह औषधि हर समस्या का हल थी। हालांकि, सत्य तो यह था कि वह केवल उबले पानी में थोड़ी हल्दी और तुलसी डालकर बनाई गई थी, जिसे ज्ञानबाबू ने "दिव्य पंचामृत" नाम दिया था। मेले का सबसे बड़ा आकर्षण था "विलंब चौपाल" जहाँ नगर के प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर छोटे-मोटे व्यापारी तक विलंब के महत्त्व पर व्याख्यान दे रहे थे।

## न्यूज फ्लैश

### उत्तर रेलवे कर्मचारी यूनियन का जन संपर्क कार्यक्रम आयोजित

**गन्नौरः बड़ी** औद्योगिक क्षेत्र स्थित रेल कोच नवीनीकरण कारखाना में उत्तर रेलवे कर्मचारी यूनियन का जन संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारतीय मजदूर संघ और उत्तर रेलवे कर्मचारी यूनियन ने राष्ट्र हित, रेल हित और कर्मचारी हित को प्राथमिकता देते हुए अनुशासन के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में संगठन ने कर्मचारियों के हित में किए गए अपने संकल्पों को दोहराया। मुख्य मांगों में पुरानी पेंशन योजना की बहाली, कर्मचारियों के माता-पिता को स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ना, औरसीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्ष को सभी के लिए खोलना शामिल था। पदाधिकारियों ने कहा कि पहले मान्यता प्राप्त संगठनों ने एनपीएस और यूपीएस पर हस्ताक्षर कर कर्मचारियों को ठगा है। उन्होंने कर्मचारियों से अपील की कि ओपीएस की मांग को मजबूत करने के लिए उत्तर रेलवे कर्मचारी यूनियन को समर्थन दें। कार्यक्रम को सफल बनाने में पानीपत और सोनीपत के यूनियन व संघ के कार्यकताओं का विशेष सहयोग रहा। वर्कशॉप मंडल के अशोक कुमार, सुशील कुमार, सोहन लाल, शाम ठाकुर, अभिनीत मिश्रा सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने भाग लिया।

### पैदल युवक से रुपये लूटने की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपतः शहर थाना** सोनीपत पुलिस ने पैदल युवक से रुपये लूटने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अजय उर्फ अज्जू निवासी अशोक विहार, सचिन उर्फ घोड़ी वाला निवासी गढ़ी ब्राह्मणा सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव मुनका पुरवा रायबरेली उत्तर प्रदेश निवासी रामकेवल ने गत 21 नवंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह फिलहाल बंदेपुर स्थित राजीव नगर में रहते है। वह गढ़ी ब्राह्मणान के पास डेंटिंग-पेंटिंग का काम करते हैं। वह एटलस रोड पर डेंटिंग-पेंटिंग का सामान लेने के लिए आए थे। सामान लेकर चलने लगे तो ई-रिक्शा नहीं मिली। जिस पर वह पैदल ही चल दिए। वह सेक्टर-23 में हुडा ग्राउंड के पास पहुंचे तो बाइक सवार तीन युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया। दो युवक बाइक से उतरकर आए और उनके हाथ से मोबाइल छीन लिया। युवकों ने मोबाइल के कवर में रखे तीन हजार रुपये निकाल लिए और फिर मोबाइल को सड़क पर पटक कर तोड़ दिया। जिसके बाद वह बाइक पर सवार होकर भाग गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। शहर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए सिपाही प्रवीन की टीम ने वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों के पास से पांच-पांच सौ रुपये व वारदात में प्रयुक्त बाइक को बरामद कर लिया है। आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने की कोशिश करने की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपतः कुंडली** थाना सोनीपत पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने की कोशिश करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित अनिल व जोनी निवासी सुल्तानपुरी दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपितों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। मध्यप्रदेश हाल में सेरसा निवासी अमन ने गत 26 नवंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह गली नंबर-3 में स्थित एटीएम से रुपये निकालने के लिए गया था। उसी दौरान दो लड़के वहां पर खड़े हुए थे। दोनों ने बातों में उलझाकर उसका एटीएम बदलने का प्रयास किया। उसके बाद उसने शोर मचाया तो काफी लोग इकट्ठा हो गए। भीड़ ने दोनों को काबू कर लिया। उसके बाद उसका एटीएम वापिस दिलवाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके पर पहुंचकर आरोपितों को काबू कर लिया। आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लया है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक मनदीप की टीम ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। आरोपितों ने पूछताछ में गत 15 अक्टूबर को एटीएम कार्ड ठगी का खुलासा किया है। आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

# मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कार्यों को करवाया जाएगा पूरा: गहलावत

## गांव नांगल कलां में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने किया ग्रामीणों को संबोधित

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः राई से** विधायक कृष्णा गहलावत ने अपने धन्यवादी दौरे के तहत गुरूवार को हलके के गांव नांगल कलां में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबंधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार लोगों ने केन्द्र व हरियाणा की डबल इंजन की सरकार की नीतियों और योजनाओं पर मोहर लगाते हुए तीसरी बार हरियाणा में भाजपा का प्रचम लहराने का ऐतिहासिक कार्य किया है, सरकार भी लोगों के इस मोहर को संकल्प बनाकर उनके कल्याण के लिए कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले पांच साल में हरियाणा में और अधिक तेजी से विकास कार्य करवाएं जाएंगे ताकि हरियाणा विकास के मामले में देश



में अग्रणी राज्य बना रहे।
विधायक ने लोगों की समस्याएं सुनते हुए कहा कि राई हलके के लोगों की सुविधा के लिए करवाए जा रहे विकास कार्यों को लेकर उन्होंने अधिकारियों के साथ आज बैठक ली है और उन्हें निर्देश दिए गए है कि सभी विकास कार्यों को क्वालिटी व पारदर्शिता के साथ तेजी से पूरा करवाएं ताकि लोगों को सुविधाएं मिल सके। अगर किसी चीज को लेकर उनकी मदद की जरूरत है तो उनसे बात करें ताकि लोगों की समस्याओं का तुरंत समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि वे समय भी हर महीने अधिकारियों की बैठक लेंगी कि हलके में विकास कार्यों की कोई कमी न रहे।
उन्होंने कहा कि हलका की जनता ने मुझे जिस विश्वास के साथ भारी बहुमत से अपना विधायक चुना है, उस विश्वास पर मैं खरा उतरूंगी और लोगों की सेवा के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहूंगी। हलका की जनता ने मुझे विधायक बनाकर उनकी सेवा करने का मौका दिया है। लोगों ने मुझ पर अपना विश्वास जताया और मुझे विधानसभा में भेजा, इसके लिए मैं सदैव आपका आभारी रहूंगी। उन्होंने कहा कि उनका हमेशा प्रयास रहेगा की हलके के हर व्यक्ति की आवाज विधानसभा में उठाई जाए ताकि लोगों की हर समस्या का निदान हो सके।

# विद्यालय बेगा में युवा आदर्श ग्राम पंचायत का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेगा में वीरवार को स्कूल प्रांगण में युवा आदर्श ग्राम पंचायत का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने सरपंच, सचिव, पंच और अधिकारियों की भूमिकाएँ निभाकर ग्राम पंचायत के कामकाज और बजट निर्माण प्रक्रिया को समझा। 12वीं कक्षा की छात्रा काजल ने सरपंच की भूमिका निभाते हुए ग्रामीण विकास के विचार प्रस्तुत किए। कनिका ने सचिव के रूप में प्रबंधन कौशल दिखाया, जबकि कोमल, मुस्कान और नेहा ने अधिकारियों की भूमिका निभाई।
10वीं कक्षा की तनु ने गांव के चौकीदार की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में डाइट सोनीपत से वरिष्ठ प्रवक्ता जगबीर और जितेंद्र ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। उन्होंने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदारी का विकास करते हैं।विद्यालय के प्रवक्ता विजय कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम राह्णय शैक्षिक अनुसंधान परिषद, गुड़गांव के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में स्कूल के पूरे स्टाफ ने सहयोग दिया।

### स्कूटी चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपतः कुंडली** थाना पुलिस ने क्षेत्र से स्कूटी चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सौरभ उर्फ गोलू निवासी सारसा, बिहार हाल निहाल नगर दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव अटेरना निवासी विक्रांत ने गत आठ अगस्त को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसका कार्यालय प्याऊ मनियारी मार्केट में स्थित है। उसके बाहर खड़ी स्कूटी गायब मिली। अपने स्तर पर स्कूटी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

# सुरक्षित वाहन पॉलिसी के बारे में किया जागरूक

## जी टी रोड ट्रैफिक चौकी इंचार्ज इंचार्ज शमशेर सिंह ने किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः गन्नौर जीटी** रोड़ यातायात चौकी इंचार्ज शमशेर सिंह ने वीरवार जैन कन्या महाविद्यालय के चालक -पपरिचालकों व कालेज प्रबंधन के साथ बैठक की। ट्रैफिक चौकी प्रभारी ने कॉलेज संचालकों व चालक-परिचालकों को निर्देश दिए कि उन्हें हरियाणा मोटर व्हीकल नियमों के प्रावधानों और सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की अनुपालना सुनिश्चित करनी होगी। अन्यथा उनके खिलाफ ट्रैफिक नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि उच्चधिकारियों के निदेर्शानुसार कार्यवाई की जायेगी। उन्होंने कहा



कि स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि खामियां पाए जाने पर निश्चित तौर पर संबंधित स्कूल संचालक व चालकों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस मामले में बिल्कुल भी कोताही नहीं बरती जाएगी, जो बस फिटनेस से लेकर दस्तावेज तक सभी उपकरणों से लैस होगी उन्हें ही रोड पर चलने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूल बसों के द्वारा निर्धारित मापदंड पूरे किए जाने जरूरी है। चैकिंग के दौरान उन्होंने बसों के सभी प्रकार के कागज जैसे कि वैधलाईसेंस, प्रदूषण, फिटनेंस सर्टिफिकेट बीमा व सुरक्षा के मध्यनजर सीसी टीवी कैमरे, आग बुझाने के फायर स्लेंडर, फस्टेड किट आदि की चैकिंग की। उन्होंने सभी संयत्रों के कागजात की अतिंम तिथि का भी निरीक्षण किया।

### महिला को प्रताड़ित करने का आरोप

**सोनीपतः** सदर थाना क्षेत्र में दहेज की की मांग को लेकर महिला को प्रताड़ित करने के आरोप का मामला सामने आया है। महिला के पिता ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर बेटी के ससुराल पक्ष के लोगों पर गंभीर आरोप लगाए है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव लुहारी टिब्बा निवासी करतार सिंह ने बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी वर्ष 2020 में पानीपत नौल्था निवासी सुरेंद्र के साथ की थी। शादी के दौरान अपनी हैसियत के हिसाब से दान दिया था। लेकिन बेटी के ससुराल पक्ष वाले उसकी बेटी से मारपीट करते रहते है। इस संबंध में कई बार पुलिस को रिपोर्ट भी हो चुकी है। लेकिन बेटी के ससुराल वाले उसकी बेटी के जान से मारने का प्रयास करते रहते है। गत दो मार्च को उसकी बेटी निशा के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। उसकी बेटी के मुंह में जहरीला पदार्थ डाल दिया। उसकी बेटी को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार दिलाया गया। ससुराल पक्ष उसकी बेटी को खाने के लिए नहीं देता। किसी भी सामान को हाथ नहीं लगाने देते। उसकी बेटी को जान से मारने का प्रयास किया जा रहा है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# विज्ञान व गणित प्रदर्शनी का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गन्नौर में वीरवार को हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के निदेर्शानुसार खंड स्तरीय विज्ञान व गणित प्रदर्शनी प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्डिनेटर की भूमिका पीजीटी जगबीर देशवाल व जितेंद्र सरोहा ने निभाई। प्रतियोगिता में 162 छात्रों ने मॉडल मेकिंग, पेंटिंग और रोल प्ले के लिए सात थीम, जिसमें फूड हेल्थ एंड हाइजीन, ट्रांसपोर्ट, वेस्ट मैनेजमेंट, और मैथ माडलिंग एंड कम्प्यूटेशन पर भाग लिया। निर्णायक मंडल,




जिसमें राजीव रोहिल्ला, सुरीना, मोहित भारद्वाज, रेणु, होशियार सिंह और सरिता शामिल थे, ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की। मंच संचालन एबीआरसी सुमन ने किया। विजेता छात्रों को सर्टिफिकेट वितरित किए गए और उनकी ईनामी राशि सीधे उनके खातों में भेजने की घोषणा की गई। प्रथम स्थान प्राप्त छात्रों को 500 और द्वितीय स्थान प्राप्त छात्रों को 300 रुपये देकर पुरस्कृत किया।

# बंद घर से सोने-चांदी के आभूषण व 10 हजार रुपये ले गए चोर

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** सदर थाना क्षेत्र के कबीरपुर गांव में स्थित बंद मकान से सोने-चांदी के आभूषण व 10 हजार रुपये की राशि के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। कबीरपुर निवासी रिपू देवी ने बताया कि गत 25 नवंबर को वह अपनी ननद के पास लक्ष्मण कॉलोनी में किसी काम के लिए गई थी। उसके साथ परिवार के अन्य सदस्य भी चले गए। अगले दिन सुबह घर पर पहुंचे। जहां गेट पर लगा ताला टूटा हुआ पाया गया। अंदर जाकर सामान की जांच की तो सूटकेस से सोने का मंगलसूत्र, तीन कान की बाली व टोपस, चांदी की पाजेब, दो बिच्छूड चोरी मिले।

# ई-रिक्शा सवार महिला के गले से सोने की चेन की चोरी

## ई-रिक्शा में सवार दो महिलाओं पर चोरी का शक

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः शहर थाना** क्षेत्र में दवाइयां लेकर पति के साथ घर लौट रही महिला के गले से सोने की चेन चोरी करने का मामला सामने आया है। महिला ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर रिक्शा में बैठी दो औरतें व आठ साल की बच्ची पर चेन चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव सेहरी निवासी नवाबो ने बताया कि वह बहालगढ़ रोड पर स्थित अस्पताल में पति के साथ दवाई लेने के लिए आई थी। उसके बाद अपने पति के साथ ककरोई चौक से गांव की तरफ जा रहा थी। ककरोई चौक से दो औरतें आठ दस साल की बच्ची के साथ ई-रिक्शा में बैठ गई। उन्होंने ध्यान भटका कर सोने की चेन गले से चोरी करके ले गई। उसे पूरा शक है कि महिलाओं ने उसकी चेन चोरी की है। महिलाएं झुग्गी झोपड़ी की बताई जा रही है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई अमित कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### कंटेनर से बीस लाख रुपये कीमत की डिश एंटीना गायब

**सोनीपतः कुंडली** थाना क्षेत्र से बिहार के पटना कंटेनर से भेजी गई 20 लाख रुपये की डिश एंटीना गायब हो गई। आरोप है कि कंटेनर मालिक ने ही अमानत में खयानत की है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। ओम लॉजिस्टिक्स लिमिटेड कंपनी के अधिकारी भगवत सिंह ने बताया कि उन्होंने 24 नवंबर को मेसर्स रोड एक्सप्रेस टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड से एक कंटेनर मंगाया था। इस कंटेनर का किराया कुंडली बॉर्डर से लेकर पटना तक 76 हजार रुपये तय किया गया था।

# अपहरण कर हत्या करने का आरोपित गिरफ्तार

## युवक का अपहरण कर हत्या कर शव को नहर में दिया था फेंक

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत : शहर थाना** क्षेत्र में घर से शेव करवाने निकले युवक की हत्या करने व शव को नहर में फेंकने का मामला सामने आया है। पुलिस ने हत्यारोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित निक्की निवासी महेंदीपुर सोनीपत का है। आरोपित को पुलिस ने अदालत में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन के रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से हत्या का खुलासा किया है। हत्यारोपित ने रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। वहीं करीब पांच दिन पहले युवक

**काबू**

**जिसको लेकर निक्की ने अपने साथियों के साथ मिलकर पुरुषोतम की हत्या कर दी**

का शव हैदरपुर दिल्ली में नहर से दिल्ली पुलिस ने बरामद किया था। दिल्ली पुलिस ने अज्ञात शव का पोस्टमार्टम करवाकर दाह संस्कार करवा दिया था। पोस्टमार्टम में युवक के सिर पर चोट के निशान मिले है। इंडियन कॉलोनी निवासी मदन ने गत 15 नवंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसका बेटा पुरुषोत्तम (32) ओला कंपनी में गाड़ी चलाता था। गत 9 नवंबर को घर से सेव करवाने के लिए निकला था। उसके बाद वापिस नहीं लौटा। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पा रहा था। उसका मोबाइल भी बंद आ रहा था। उसे शक है कि किसी ने उसे बंधक बनाकर रखा हुआ है। उसके बाद उसे 21 नवंबर को थाने में जाकर मिनू उर्फ मिनी निवासी शहर के साथ अनबन की शिकायत थाने में दी। शिकायत में मिनू व उसके भाई निक्की, कपिल व मिनू उफ मिनी के चाचा के लड़के सुमित पर अपहरण कर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित निक्की को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

**रंजिश के चलते दिया वारदात का अंजामः** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुरुषोतम व निक्की का आपसी रंजिश के चलते विवाद चल रहा था। विवाद का कारण युवती बताई जा रही है। जिसको लेकर निक्की ने अपने साथियों के साथ मिलकर पुरुषोतम की हत्या कर दी।

# जिले में डेंगू के सात नए मरीज मिले, आंकड़ा 479 पर पहुंचा

## राज्य कीट विज्ञानी टीम ने मौके हाई रिस्क जोन में किया दौरा, लोगों से पानी ज्यादा दिन इकट्ठा न रखने की दी सलाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः जिले** में डेंगू, वायरल बुखार का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। जिले में डेंगू के सात नए मरीज मिले है। बुधवार को जारी रिपोर्ट में डेंगू के सात मरीजों के मिलने की स्वास्थ्य विभाग ने पुष्टि की है। अब जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर 479 हो गई है। मलेरिया के मरीजों की जिले में संख्या 36 है। साथ ही एक मरीज चिकनगुनिया का सामने आ चुका है। स्वास्थ्य विभाग की 168 टीमों की ओर से घर-घर जाकर बर्तनों में भरे पानी में मच्छरों का लारवा की जांच की जा रही है। साथ ही लोगों को डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए लोगों को

> बुधवार को लैब से मिली रिपोर्ट में सात केस डेंगू बुखार सामने आए है। स्वास्थ्य विभाग की 168 टीमें घर-घर जाकर पानी में लारवा की जांच कर रही है। अब डेंगू बुखार से ग्रस्त मरीजों की संख्या बढ़कर 479 हो गई है। अस्पताल में कंट्रोल रूम भी बना रखा है। विभाग की तरफ से एंटी लारवा का भी छिड़काव करवाया जा रहा है। शहर के अलग-अलग स्थानों पर फॉगिंग करवाई जा रही है।
>
> **डा. आशा सहरावत, जिला मलेरिया अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग।**

जागरूक किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र से ज्यादा मरीज सामने आ रहे है। बुधवार को राज्य कीट विज्ञानी टीम ने हाई रिस्क जोन क्षेत्रों का दौरा किया। बता दें कि मौजूदा समय में वायरल बुखार के मरीज काफी संख्या में मिल रहे है। डेंगू, मलेरिया भी अपना प्रकोप दिखा रहा है। विभाग की टीम घर-घर जाकर मलेरिया जांच के लिए मरीजों के रक्त के नमूने लेकर प्रयोगशाला में भेज रही है। साथ ही मरीजों को डेंगू की जांच के लिए उन्हें नागरिक अस्पताल व महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रही डेंगू लैब में रक्त के नमूने देने देने की सलाह दी जा रही है। उन्हें डेंगू व मलेरिया से बचाव की जानकारी दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से बुधवार को जारी की रिपोर्ट में सात नए मरीज डेंगू बुखार से ग्रस्त मरीजों की रिपोर्ट दी है। डेंगू का आंकड़ा चार सौ पार होते हुए 479 हो गया है। बुधवार को जारी रिपोर्ट में राम नगर, सिक्का कॉलोनी, मीमारपुर, किलोहड़द, बाबा कॉलोनी, दीवान आटा चक्की, देव नगर में मिले है। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि रात में सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। क्वाइल, क्रीम या तेल का उपयोग करना चाहिए। यदि कोई लक्षण मिलते हैं तो चिकित्सक को जरूर दिखाएं।

**स्टेट की टीम ने किया अलग-अलग स्थानों का दौराः** रोहतक से आई टीम ने बुधवार को संदिग्ध ठिकानों पर दौरान किया। स्टेटे से आई कीट विज्ञानी टीम ने कबीरपुर, जीवन नगर, राम नगर में संदिग्ध ठिकानों का दौरा किया। इस दौरान टीम में सुमित, सोनिया, प्रदीप, दयानंद, सिलेंद्र सहित डा. मंजीत, मनीष दहिया शामिल रहे। टीम ने डेंगू हाट स्पाट में सैंपलिंग की है। इस साल जिले में डेंगू का ज्यादा प्रकोप है। जबकि पिछले कुछ सालों के दौरान चिकनगुनिया, जापानी बुखार और मलेरिया के केस भी मिल चुके हैं।

# युवक को शेयर ट्रेडिंग सिखाने के नाम पर 5.96 लाख रुपये ऐंठे

## महलाना रोड के रहने वाले युवक संग की गई ठगी, पीड़िता को पता लगा तो साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत : जिले में** ठगी के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे है। साइबर ठग लोगों की मेहनत को झांसे में लेकर ठग रहे है।युवक को शेयर ट्रेडिंग सिखाने के नाम पर लाखों रुपयों की राशि के ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सरस्वती विहार गली नंबर-9 निवासी राजबीर सिंह ने बताया कि गत 12 अक्टूबर को उसके मोबाइल वाट्सएप पर एक लिंक आया। उसके बाद शेयर मार्केट में ट्रेडिंग सिखाने का निमंत्रण दिया। उसके बाद बहुउद्देशीय कंपनी का कर्मचारी होने का परिचय दिया। उसे फ्री में शेयर मार्केट ट्रेडिंग सिखाने का झांसा दिया। उसके बद उसे एक अन्य ग्रूप में जोड़ दिया। उसने शेयर मार्केट में निवेश करवाने के लिए उकसाया गया। उसे शेयर मार्केट में मुनाफा देने की बात कही। वह उनके झांसे में आ गया। उसके बाद अलग-अलग खातों में उससे पांच लाख 95 हजार 870 रुपयों की राशि को ट्रांसफर करवा लिया। उसे ठगी का पता चला तो मामले को लेकर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई। उसके बाद साइबर थाना सोनीपत पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। जांच अधिकारी एसआई नवदीप सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# हर दिन नया झूठ बोलते रहना मुख्यमंत्री व कांग्रेस परिवार की असलियतः जयराम

**प्रो-इंकम्बेशी**

**▶▶ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में पहली बार प्रो-इंकम्बेशी की लहर चल रही है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमलाः** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने संगठन पर्व की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा की महायुति को छप्परफाड़ जनादेश मिला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजनीति में एक नया शब्द सामने आया है प्रो-इनकंबेंसी। यह शब्द, जो पिछले 70 वर्षों में कभी नहीं सुना गया, आज भाजपा की उपलब्धियों को परिभाषित करता है। गुजरात में तीन दशकों से कमल खिल रहा है। मध्यप्रदेश में दो दशकों से भाजपा का वर्चस्व है और असम, त्रिपुरा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, तथा गोवा में पिछले दो कार्यकाल से एनडीए की सरकारें सफलतापूर्वक कार्य कर रही हैं। इस बार महाराष्ट्र की जनता ने भी भाजपा पर भरोसा जताते हुए दोबारा कमल खिलाया है।
जयराम ठाकुर ने कहा हर दिन नया झूठ बोलते रहना, मुख्यमंत्री कांग्रेस परिवार की सच्चाई बन गई है। आज कांग्रेस का अर्बन नक्सलवाद भारत के सामने चुनौती बनकर खड़ा हो गया है। इसका रिमोट देश के बाहर है। इससे बचना जरूरी है। कांग्रेस की हकीकत जानना जरूरी है।
हरियाणा से मिले आशीर्वाद पर हमने बात की थी। आज महाराष्ट्र के सभी शहरों ने आज स्पष्ट राय रखी है। शहरी क्षेत्रों के गरीब, मिडिल क्लास ने भाजपा का समर्थन किया है। आधुनिक भारत का संदेश दिया है। हमारे महानगरों ने विकास को चुना है। आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर को चुना है। विकास की बाधाओं को नकार दिया है। आज का शहरी भारत इज ऑफ लिविंग चाहता है, इसके लिए उनका भरोसा भाजपा-एनडीए पर है। आज भाजपा देश के युवाओं को नए-नए सेक्टर में अवसर देने का काम कर रही है। स्टार्टअप के लिए बीजेपी नीतियां बना रही है। निर्णय ले रही है। हमारा मानना है कि भारत के शहर विकास का इंजन हैं। शहर के विकास से गांव को ताकत मिलती है। हमारे शहर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शहरों के लिस्ट में आए हैं। बीजेपी-एनडीए की सरकारें इसी लक्ष्य के लिए काम कर रही है।
उन्होंने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता देश के विकास में जुटा है। आप विश्वास इसको और मजबूत करता है। हमारे प्रतिनिधि विकास के संकल्प के प्रतिबद्ध हैं। हमें सेवक बनकर देश के हर नागरिक की सेवा करनी है। उन सपनों को पूरा करना है जो देश की आजादी के मतवालों ने भारत के लिए देखे थे। हमें मिलकर विकसित भारत के सपने को साकार करना है। केवल 10 सालों में हमने भारत को 11वीं से दुनिया की सबसे 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यस्था बना दिया है।

# जुखाला कालेज में आस्था ने पोस्टर मेकिंग में झटका पहला स्थान



**पोस्टर प्रतियोगिता**

**▶▶ रोड़ सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** राजकीय महाविद्यालय जुखाला में प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह की अध्यक्षता में रोड़ सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रोड सेफ्टी क्लब के समन्वयक प्रो. प्रेम विशेष रूप में उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को सडक सुरक्षा में अपनी भूमिका निभानी हैं ताकि हम सडकों पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने और जीवन बचाने के लक्ष्य की ओर काम कर सकें। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में आस्था पाठक ने प्रथम स्थान हासिल किया जबकि निशा साहनी दूसरे स्थान रही। पूजा शर्मा और सपना तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त शिक्षक और गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा।

## बैठक में जिप सदस्यों ने उठाई समस्याएं

**ऊना**

जिला परिषद ऊना की त्रैमासिक बैठक वीरवार को जिला परिषद के सभागार में जिला परिषद अध्यक्षा नीलम कुमारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस दौरान एडीसी ऊना महेंद्र पाल गुर्जर भी उपस्थित रहे। बैठक में सदस्यों द्वारा अपने-अपने जिला परिषद क्षेत्र से सम्बन्धित विभिन्न समस्याएं संबंधित कार्यालयाध्यक्षों के समक्ष रखी। बैठक में 1 जुलाई से 31 अक्तूबर तक किए गए कार्यों के आय व्यय का अनुमोदन, 15वें वित्तायोग के तहत वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना और मनरेगा की अनुपूरक कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया।

# मुबारिकपुर से कलरूही मार्ग पर स्थापित होगी सोलर लाइटसः एडीसी

**त्रैमासिक बैठक**

**▶▶ हरोली में पंजाब के लोगों को न दी जाए नशा मुक्ति केंद्र खोलने की अनुमतिः सैणी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊनाः** जिला परिषद ऊना की त्रैमासिक बैठक वीरवार को जिला परिषद के सभागार में जिला परिषद अध्यक्षा नीलम कुमारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस दौरान एडीसी ऊना महेंद्र पाल गुर्जर भी उपस्थित रहे। बैठक में सदस्यों द्वारा अपने-अपने जिला परिषद क्षेत्र से संबंधित विभिन्न समस्याएं संबंधित कार्यालयाध्यक्षों के समक्ष रखी। बैठक में पिछले चार माह में किए गए कार्यों के आय व्यय का अनुमोदन, 15वें वित्तायोग के तहत वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना और मनरेगा की अनुपूरक कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया। बैठक में जिप सदस्य गगरेट सुशील कालिया ने लोगों द्वारा पुराने घरों को तोडकर निकलने वाले अपशिष्ट कंकरीट को खड्डों व नालों में फेंके जाने पर नदी-नालों के वहाब में आने वाली रूकावट का मुद्दा उठाया। इस पर कार्यकारी अधिकारी ने प्रशासन के पास लिखित में शिकायत सौंपने के निर्देश दिए, ताकि ऐसे करने वाले लोगों के विरूद्ध आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकारण अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जा सके। इसके अतिरिक्त सदस्य सुशील कालिया द्वारा गांवों में सहकारी सभाओं में खाद के साथ-साथ बीज की भी आपूर्ति की जाए, ताकि कर्मचारियों की कमी की समस्या न बने। एडीसी ने मुबारिकपुर से कलरूही तक के शेष बचे एक किलोमीटर के रास्ते पर माता श्री चिंतपूर्णी ट्रस्ट के माध्यम से सोलर लाइटस स्थापित करने के निर्देश दिए। जिप सदस्य कमल सैणी ने कहा कि टाहलीवाल-बाथू-बाथड़ी औद्योगिक क्षेत्र में ऑवरलोड गाडि ?ों और बढ़ती ट्रैफिक के चलते स्थानीय लोगों और स्कूली बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कार्यकारी अधिकारी महेंद्र पाल गुर्जर ने संबंधित अधिकारियों को बड़ी गाडि ?ों की समयसारणी तय करने के निर्देश दिए, ताकि स्कूली बच्चों, औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत लोगों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कमल सैणी द्वारा रिवरबैड पर स्थापित क्रेशरों द्वारा मानदंडों के अनुरूप खुदाई न करने के लिए खनन विभाग से कार्यवाही करने की मांग भी की। उन्होंने हरोली में पंजाब के लोगों को नशा मुक्ति केंद्र खोलने की स्वीकृति न देने तथा संचालित किए जा रहे नशा मुक्ति केंद्रों का नियमित तौर पर जांच करने की मांग की।

# संक्षिप्त खबरें

## बुनाई एवं डिजाइनिंग प्रशिक्षण केंद्र युवाओं में युवाओं के लिए निशुल्क प्रशिक्षण प्रवेश सूचना

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** प्रभारी, केंद्रीय ऊन विकास बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय द्वारा शास्त्री नगर, कुल्लू (हि.प्र.) ने जानकारी देते हुये कहा कि इस बुनाई एवं डिजाइनिंग प्रशिक्षण केन्द्र का पिछले 25 वर्षों से संचालन किया जा रहा है जिसमें कुल्लू जिले के पहाड़ी ग्रामीण नौजवानों एवं महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वालंबन, सशक्तिकरण, स्वरोजगार हेतु निरंतर अवसर उपलब्ध करवा रहा है। इस निशुल्क हैंडलूम प्रशिक्षण केन्द्र पर चयनित प्रक्षिक्षनर्थियों को विभिन्न हस्त निर्मित उन्नी वस्त्र जैसे कुल्लू शाल, स्टाल्स, मफलर, वरी, जेंट्स चद्दर, कारपेट, बॉर्डर, बैग्स और सजावटी सामग्री आदि का विभिन्न हैंडलूम पर बुनाई एवं डिजाइनिंग में दक्षता विकसित करने हेतु 4 माह का पूर्णकालिक निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाता हैं जिसमे जरुरत-मंद ग्रामीण / पहाड़ी क्षेत्र महिला उमीदवारों को प्रवेश में प्राथमिकता प्रदान की जाती हैं। इस प्रशिक्षण अवधि में उपस्थित प्रतिदिन कार्य-दिवसों पर प्रक्षिक्षणार्थियो को उनकी उपस्थिति के आधार पर वर्तमान में प्रतिदिन रुपये 125/- कि दर से वजीफा राशी भी प्रोत्साहन हेतु सम्बंधित माह के अंत में उनके बैंक खाते में केंद्रीय ऊन विकास बोर्ड, जोधपुर द्वारा सीधे ट्रान्सफर किया जाता हैं इस प्रशिक्षण हेतु प्रक्षिक्षणार्थियो कि आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहियें तथा पर्याप्त साक्षर (पढ़ा लिखा) होना चाहिये। उन्होंने अधिक जानकारी देते हुये बताया कि इस प्रशिक्षण केंद्र के अगले नये बैच/सत्र जो दिनांक 1 जनवरी 2025 से अगले चार माह हेतु आरम्भ होगा द्ध इसमें उमीदवारों/अभियार्थियों की वर्तमान संख्या 20 से बढाकर अब 30 तक करने हेतु चयन प्रक्रिया आरम्भ कर दी गयी हैं। जिस हेतु प्रवेश लेने के इच्छुक उमीदवारों/अभियार्थियों को अपनी नाम, जन्म दिनांक/ आयु प्रमाण पत्र, पूर्ण पता, शैक्षणिक योग्यता, बुनाई एवं डिजाइनिंग का पूर्व का कोई अनुभव, जाति प्रमाण पत्र, मोबाइल नंबर, आधार कार्ड प्रति, बैंक पासबुक/विवरण प्रति, स्वयं रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो सहित दिनाक 28-12-2024 (शनिवार) को सायं 4.30 बजे तक बुनाई एवं डिजाइनिंग प्रशिक्षण केन्द्र, शास्त्री नगर, कुल्लू (हि.प्र.) पर संपर्क कर निर्धारित आवेदन फॉर्म भरकर जमा कराना होगा तथा आवश्यक प्रमाण पत्र भी साथ जमा/ संलग्न करवाने होंगे। प्रक्षिक्षणार्थी महिला एवं पुरुष कोई भी हो सकता हैं। इस प्रवेश सम्बन्ध में नीचे दशार्ये गये मोबाइल नंबर और ई -मेल पते पर कभी भी संपर्क कर अन्य जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं।

## पैंशनर्ज के मसलों को लेकर 3 को मंडी में होगा मंथनः हुक्म सिंह ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** पैंशनर्ज वेल्फेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश की कार्यकारिणी की त्रैमासिक बैठक संगठन के प्रदेशाध्यक्ष आत्मा राम शर्मा की अध्यक्षता में आगामी 3 दिसम्बर 2024 मंगलवार को 11 बजे प्रातः मण्डी के होटल कम्फर्ट अस्पताल रोड़ में आयोजित होगी। जिसमें पैंशनर्ज की विभिन्न समस्याओं पर गहन विचार.विमर्श होगा। यह जानकारी देते हुए प्रदेश महासचिव हुक्म सिंह ठाकुर ने बताया कि इस बैठक में मुख्यतः 01.01.2016 से 31. 01.2022 तक सेवानिवृत्त पैंशनर्ज के चिरलम्बित वित्तीय लाभ, पैंशनर्ज का छठे वेतन आयोग का बकाया (एरियर्स), शेष 11 प्रतिशत लम्बित डीए की किश्तों का भुगतान, प्रदत्त महगाई भत्ते की किश्तों का 42 महीनों के लम्बित बकाये का भुगतान, जेसीसी के गठन में सरकार की अकर्मण्यता, महालेखाकार शिमला में लम्बित पैंशन रिवीजन के मामले, कम्युटेशन रिकवरी की अवधि 15 वर्ष से घटाकर 10 वर्ष 8 माह करना तथा 17 दिसम्बर को मनाए जाने वाले पैंशनर्ज स्थापना दिवस पर विशेष रूप से मंथन होगा। ठाकुर ने कहा कि उपरोक्त सभी मुख्य मांगो को सरकार से मनवाने के लिए आगामी रणनीति की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य तथा प्रदेश के सभी 12 जिलों के प्रधान व सचिव के इलावा संबन्ध इकाइयों के प्रधान व सचिव अपनी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

# हुडको द्वारा सीएसआर के तहत जिला चंबा में किया जा रहे कार्यो के बारे में समीक्षा बैठक आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**हामिद**

**चंबा :** हुडको द्वारा सोशल कॉर्पोरेट रिस्पांसिबिलिटी के तहत जिला चंबा में किए जा रहे कार्यों के संबंध में जिला मुख्यालय चंबा में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग व शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के अलावा हुडको के क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक के संबंध में अधिक जानकारी देते हुए उपायुक्त चंबा ने बताया कि हुडको द्वारा वित्त वर्ष 2023-24 के तहत जिला चंबा में स्वास्थ्य विभाग के लिए एक पोर्टेबल है हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन प्रदान की जा रही है जिसकी कीमत 23 लाख 50 हजार रुपए है उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 की शेष राशि लगभग 21 लाख रुपए की लागत से स्वास्थ्य विभाग चंबा को उनकी मांग के अनुसार अन्य चिकित्सा उपकरण प्रदान किए जाएंगे जिसका निर्णय चिकित्सा अधिकारी चंबा द्वारा एक सप्ताह में लेने के पश्चात हुडको को अवगत करवाया जाएगा तदोपरांत लगभग 21 लाख रुपए की कीमत के अन्य चिकित्सा उपकरण भी स्वास्थ्य विभाग चंबा को हुडको की ओर से उपलब्ध होंगे। उपायुक्त ने स्वास्थ्य तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे हुडको से संबंधित अपने-अपने विभागों की प्रमुख मांगों की सूचियों को शीघ्र प्रस्तुत करें। हुडको के क्षेत्रीय प्रमुख संजय भार्गव ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा प्रदान की जा रही पोर्टेबल हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन को आगामी 6 दिसंबर को हुडको के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर राजीव शर्मा की ओर से स्वास्थ्य विभाग को विधिवत सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के लिए भी हुडको द्वारा लगभग एक करोड रुपए की ग्रांट स्वीकृत की गई है जिसमें से हुडको द्वारा लगभग 40 लाख रुपए की लागत का हॉस्टल फर्नीचर व व्हीलचेयर पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय चंबा को शीघ्र उपलब्ध करवाया जा रहा है।

## सीआईडी ने पकड़ी अवैध लकड़ी से लड़ी 8 गाड़ियां

**ऊना**

सीमावर्ती जिला ऊना के गगरेट क्षेत्र से पंजाब को जाने वाले वैकल्पिक मार्गों से लकड़ी लेकर जा रहे आठ वाहनों को राज्य गुप्तचर विभाग द्वारा पकड़ने में सफलता हासिल की है। राज्य गुप्तचर विभाग द्वारा उक्त मामला गगरेट पुलिस को सौंपने के चलते गगरेट पुलिस ने मामला दर्ज कर सभी वाहन लकड़ी सहित जब्त कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। राज्य गुप्तचर विभाग की टीम बुधवार-वीरवार रात्रि करीब दो बजे सक्रिय हुई। टीम अपने साथ कुछ मीडियाकर्मी भी लेकर आई थी। सुबह करीब पांच बजे टीम ने शिवबाड़ी-अंबोटा-आशादेवी मार्ग पर आठ वाहन लकड़ी से लदे हुए पकड़े।

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर पुलिस ने कसा शिकंजा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊनाः** ऊना जिला पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ जहां एक तरफ लगातार नाकेबंदी करते हुए सैंकड़ो की संख्या में रोजाना चालान किए जा रहे हैं, वहीं इन मामलों में कोई कमी नहीं आने पर अब अधिकारी भी कर्मचारियों के साथ नाकेबंदी करने सडक पर उतर आए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार भाटिया ने एसएचओ सदर मनोज वालिया के साथ मिलकर शहर में नाकेबंदी करते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे वाहन चालकों को सबक सिखाया।
एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने कहा कि पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के पास बुलेट मोटरसाइकिल से पटाखे बजाने, रेश ड्राइविंग करने, बिना हेलमेट वाहन चलाने, ट्रिपल राइडिंग करने की बहुत सारी शिकायतें पहुंच रही है, जिसके तहत विशेष रूप से युवाओं पर फोकस किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन किसी के डर से नहीं, बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए किया जाना चाहिए।

# दयोथ स्कूल में स्वास्थ्य जागरूकता का आयोजन

**स्वास्थ्य दिवस**

**▶▶ इस कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य अनीता कुमारी की अध्यक्षता में किया गया।**




**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, दयोथ में किशोर स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य अनीता कुमारी की अध्यक्षता में किया गया। हेल्थ एजुकेटर विजय कुमारी शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम 7 जनवरी 2014 को शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य 10 से 19 वर्ष के किशोरों को उनके स्वास्थ्य, पोषण और जीवनशैली से संबंधित जानकारी देकर उन्हें जागरूक और सशक्त बनाना है। इस कार्यक्रम में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के सभी किशोरों को शामिल किया गया। विजय कुमारी ने संतुलित आहार और स्वस्थ भोजन के महत्व को समझाया गया। किशोरों को हिंसा और दुर्घटनाओं से बचने के लिए दिशा निर्देश दिए गए। मासिक धर्म स्वच्छता पर जानकारी दी गई। किशोरियों को सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराने की जानकारी दी गई। हेल्थ एजुकेटर मस्तराम ने नशे के दुष्प्रभावों पर चर्चा की और सभी को नशा छोड ? की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में अन्य गतिविधि में भाषण प्रतियोगिता में 10 छात्रों ने भाग लिया। वैष्णवी ने प्रथम स्थानए काजल ने द्वितीय और पलक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को स्टेशनरी आइटम्स दिए गए।

# हाटी समुदाय के हितों की रक्षा हेतु कानूनी लड़ाई लड़ रहा हाटी विकास मंचः प्रदीप सिंगटा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमलाः** हाटी समुदाय हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के गिरिपार में निवास करता है, अपने समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास और अद्वितीय परंपराओं के लिए जाना जाता है। वर्षों से यह समुदाय अपनी सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहा है। अपने जनजातीय अधिकार को प्राप्त करने के लिए अभी भी आंदोलनरत हैं। देश की नरेंद्र मोदी सरकार ने पिछले वर्ष 4 अगस्त 2023 को हाटी समुदाय से संबंधित दूसरा अनुसूचित जनजाति विधेयक संसद से पारित करवा कर लाखों हाटी समुदाय के लोगों को जनजाति दर्जा दे दिया था। इसके बाद 1 जनवरी 2024 को राज्य सरकार ने केंद्रीय कानून को क्रियान्वित कर दिया था। लेकिन, कुछ लोगों ने इस विधेयक के खिलाफ हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में चुनौती दी और माननीय उच्च न्यायालय ने कानून पर अंतरिम लगाई है। अब इस पर अगली सुनवाई 16 दिसंबर 2024 को होनी है।
हाटी विकास मंच हिमाचल प्रदेश(पंजीकृत) के प्रान्त अध्यक्ष प्रदीप सिंह सिंगटा ने शिमला में हुई राज्य कार्यकारिणी की बैठक के बाद कहा कि हम लाखों हाटी समुदाय के लोगों के लिए न्यायिक संघर्ष कर रहे है और माननीय उच्च न्यायालय में पार्टी बन कर अपने वरिष्ठ वकीलों के माध्यम हाटी हितों की पैरवी कर रहे है। उन्होंने कहा कि हाटी विकास मंच ने इससे पूर्व राज्य और केंद्र सरकार की कार्यपालिका और विधायिका से मुद्दे को हल करवाने के लिए संघर्ष किया था। एक दस्तावेज हर संवैधानिक संस्थान से तैयार करवाया था। अब न्यायपालिका में भी हाटी विकास मंच लाखों लोगों को जनजातीय अधिकार दिलवाने के लिए संघर्ष कर रहा है। वहीं, मंच के संगठन महासिचव मोहन शर्मा और कोषाध्यक्ष एडवोकेट वीएन भारद्वाज ने संयुक्त बयान में कहा कि हाटी विकास मंच ने अपनी मांगों को कार्यपालिका तक पहुंचाने के लिए राज्य और केंद्र सरकारों के साथ लगातार संवाद स्थापित किया है। मंच ने तथ्यात्मक रिपोर्ट और अध्ययन प्रस्तुत किए, जिनमें हाटी समुदाय की सामाजिक, आर्थिक, और सांस्कृतिक, भौगोलिक आदि स्थिति का वर्णन किया गया। मंच ने विधायकों, सांसदों और अन्य जनप्रतिनिधियों को इस मुद्दे की गंभीरता समझाई है। इसके परिणामस्वरूप विधायिका ने इस विषय को गंभीरता से लिया और केंद्रीय स्तर पर इस दिशा में आवश्यक संशोधन और प्रस्ताव पास किए गए। हाटी विकास मंच के महासचिव डॉक्टर अनिल भारद्वाज और शिमला इकाई मंच के अध्यक्ष सतपाल चौहान ने संयुक्त बयान में कहा कि हाटी विकास मंच ने अपने संघर्ष को मजबूत बनाने के लिए समुदाय के भीतर गांव गांव जाकर व्यापक जनजागृति अभियान चलाए थे। रैलियां, जनसभाएं, और सेमिनार आयोजित कर लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया था। हाटी विकास मंच हिमाचल प्रदेश के मुख्य कानूनी सलाहकार एडवोकेट श्याम सिंह चौहान ने बताया कि हाल के घटनाक्रमों में, हाटी समुदाय को जनजातीय अधिकार देने के संबंध में उठाए गए कदम कानूनी चुनौतियों में उलझ गए हैं। अब यह मामला उच्च न्यायालय न्यायालय में है। हाटी विकास मंच ने उच्च न्यायालय में मजबूती से अपनी बात रखने के लिए सर्वोत्तम कानूनी विशेषज्ञों की सहायता ली है। मंच को विश्वास है कि न्यायपालिका में प्रस्तुत किए गए ऐतिहासिक और संवैधानिक तर्कों के आधार पर हाटी समुदाय को उनका हक मिलेगा। यह लड़ाई केवल कानूनी अधिकारों की नहीं, बल्कि हमारे अस्तित्व, सम्मान और सांस्कृतिक पहचान को बचाने की है। मंच ने न्यायालय में मजबूती से यह मामला प्रस्तुत किया है और हमें उम्मीद है कि जल्द ही सकारात्मक परिणाम आएंगे। हाटी विका मंच अपनी कानूनी लड़ाई के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है कि हाटी समुदाय को एसटी दर्जा मिले और उनका समग्र विकास हो। यह लड़ाई सिर्फ एक समुदाय के लिए नहीं, बल्कि न्याय, समानता और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए है। इस बैठक में प्रदीप सिंह सिंगटा, मोहन शर्मा, एडवोकेट वी. एन भारद्वाज , एडवोकेट श्याम सिंह चौहान, अत्तर सिंह तोमर, विवेक तोमर, बलदेव समयाल,जिला शिमला के अध्यक्ष सतपाल चौहान, मंच के मुख्य सलाहकार कमल शर्मा, डॉ अनिल भारद्वाज, केडी ठाकुर, नितेश, विजय कुमार ,अर्जुन सिंह, एडवोकेट रोहन तोमर आदि उपस्थित रहे।



# ढह गया था बुजुर्ग विधवा का मकान, डेरा श्रद्धालुओं ने बनाकर दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : गांव झिंवरहेडी निवासी पारो देवी जिसके पति की लगभग 17 वर्ष पहले मौत हो गई थी और अकेली ही रह रही थी। लगभग एक साल पहले उसके मकान की छत गिर गई जिसके बाद पारो देवी गांव की चौपाल में ही रहकर गुजर बसर कर रही थी। अब पारो देवी का मकान डेरा सच्चा सौदा के ब्लॉक उमरी के सेवादार बना रहे हैं। डेरा सच्चा सौदा के सेवादार प्रवीण खासपुर, बृजमोहन व राजकुमार ने बताया कि पारो देवी के लिए बनाए जा रहे मकान को कंप्लीट कर उसे सौंपा जाएगा। सेवादार लगातार पारो देवी के मकान बनाने की सेवा में जुटे हुए हैं। मकान पर तीसरे दिन ही छत डाल दी गई है। और कुछ दिनों में ही मकान को कंपलीट कर पारो देवी को सौंप दिया जाएगा। उन्होने कहा कि डेरा सच्चा सौदा द्वारा 167 मानवता भलाई के कार्य किए जा रहे हैं इनमें से एक काम जरूरतमंद परिवारों को मकान बनाकर देने का भी है। उसी मुहिम के तहत ही यह मकान बनाकर दिया जा रहा है। इस दौरान शाह सतनाम जी ग्रीन एस वैल्फेयर कमेटी के सेवादार लगातार सेवा कार्य में जुटे हुए हैं। इस मौके पर प्रोफेसर राजपाल, सेवानिवृत्त प्रिंसीपल नसीब सिंह, आशा, सुमन, बाला के अलावा सेवादार सतीश, साहब सिंह उमरी, स्वर्ण सिंह, अजय उमरी, मा. सतपाल, रघुबीर खानपुर, लाल सिंह, लाखन, ओमप्रकाश, सुरेंद्र सहित अन्य सेवादार मौजूद रहे। वहीं पारो देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने तीसरे दिन ही उसके मकान की छत डाल दी है। इसके लिए वे सेवादारों की धन्यवादी हैं। पारो देवी ने बताया कि 17 साल पहले उसके पति की मौत हो गई थी। उनकी इकलौती बेटी है जिसकी शादी कर दी है। एक वर्ष पूर्व उसके मकान की छत ढह गई। उसके बाद वह कभी चौपाल तो कभी किसी अन्य सार्वजनिक जगह पर रहकर अपना गुजर बसर कर रही थी। उसने डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों को जब इस बारे में बताया तो एक बार में ही उसका मकान बनाने का तैयार हो गए और तीसरे दिन में ही उसके मकान की छत डाली जा रही है।



# वात्सल्य वाटिका द्वारा वीआईपी घाट पर यज्ञ आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : वात्सल्य वाटिका द्वारा अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के शुभारंभ दिवस पर ब्रह्मसरोवर के वीआईपी घाट पर यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें वाटिका के स्टाफ और बच्चों सहित कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल सहित संत राजेंद्र व अन्य शामिल हुए। संत राजेंद्र द्वारा बताया गया कि यज्ञ के द्वारा वातावरण शुद्ध होता है एवं प्राकृतिक ऊर्जा का संचार यज्ञ करने वालों में रहता है। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित यह यज्ञ एक तरह से शक्ति और शुभ का प्रतीक है। यज्ञ में उपस्थित कृष्ण पांचाल अध्यक्ष बाल कल्याण समिति द्वारा बताया गया की वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र के बच्चों में शिक्षा, संस्कार व स्वास्थ्य को लेकर वर्षों से मुहिम चलाए हुए है। वात्सल्य वाटिका के संस्थापक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक के मार्गदर्शन में वात्सल्य वाटिका परिवार बच्चों के जीवन में ऊर्जा भरने का काम करती है और समय-समय पर सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को शारीरिक, आध्यात्मिक और मानसिक रूप से मजबूत करने का कार्य कर रही है। इसके अलावा समय-समय पर बच्चों के अलग-अलग प्रकार के शिविरों का आयोजन करके वाटिका परिवार बच्चों को राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य लगातार कर रही है। उनके द्वारा बताया गया कि भगवान योगेश्वर की पावन धरा पर वाटिका परिवार द्वारा चलाए गए अभियान एक तरह से क्रांति के धौतक है।



## न्यूज फ्लैश

### नवीन जिंदल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना पर विशेष सेमिनार आयोजित

**पानीपत: हिन्दू कन्या** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल और पीएम श्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पबनावा में नवीन जिंदल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जेएसपीएल फाउंडेशन की चेयरपर्सन और ओपी जिंदल विश्वविद्यालय की चांसलर शालू जिंदल के निजी सलाहकार सतीश भारद्वाज ने शिरकत की। ओर यशस्वी छात्रवृत्ति योजना की जानकारी सांझा की

**योजना की विशेषताएं और पात्रता शर्तें:** सेमिनार के दौरान सतीश भारद्वाज ने योजना की विशेषताओं और पात्रता शर्तों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन होनहार छात्रों के लिए शिक्षा के नए द्वार खोलती है। योजना के तहत कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के स्थायी निवासी, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 2.5 लाख रुपये से कम है और जो 12वीं कक्षा में 75% या उससे अधिक अंक प्राप्त कर चुके हैं, इसके पात्र होंगे। 10वीं के छात्रों के लिए अंक सीमा नहीं है, लेकिन वे किसी सरकारी या निजी आईटीआई या पॉलिटेक्निक संस्थान में नामांकित होने चाहिए।

**हिन्दू कन्या स्कूल का योगदान:** हिन्दू कन्या राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल की प्रधानाचार्य कमलेश सिंगला ने सतीश भारद्वाज का स्वागत किया और छात्रों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक सोनिया, यतिका, सुदर्शन, मोनिका टुटेजा, सविता, मनजीत, कविता बत्रा, समेत हजारों की संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

**छात्रों में उत्साह:** दोनों स्कूलों के हजारों छात्र-छात्राओं ने इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्धता जताई। सेमिनार के दौरान सतीश भारद्वाज ने योजना से संबंधित सभी तकनीकी जानकारी साझा की। कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल कमलेश सिंगला एवं प्रिंसिपल इंचार्ज सतीश कुमार ने कुरुक्षेत्र के लोकप्रिय सांसद नवीन जिंदल एवं श्रीमती शालू जिंदल का बेहतरीन योजना चलाने के लिए आभार व्यक्त किया एवं छात्रों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा इस छात्रवृत्ति योजना से कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के हजारों छात्रों को शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे। जिससे सभी अपने बेहतरीन भविष्य की ओर शिक्षा अर्जित कर सफलता प्राप्त करेंगे। हिन्दू कन्या स्कूल की छात्राओं में यशस्वी छात्रवृत्ति योजना को लेकर उत्साहित थी उन्होंने मौके पर छात्रवृत्ति से संबंधित काफी सवाल भी पूछे जिनका मौके पर ही जानकारी पाकर सभी खुश नजर आए। सभी छात्राओं ने वादा किया हम सभी अधिकतम इस योजना का लाभ उठाएंगे सतीश भारद्वाज ने नवीन संकल्प शिविर, सुकन्या योजना और खिलाड़ियों के लिए, खेल किट,जिम का सामान देने के लिए भी हमेशा नवीन जिंदल अग्रणी रहते हैं वह कुरुक्षेत्र विकसित हरियाणा विकसित का नारा लेकर जो कार्य कर रहे हैं वह चाहते हैं मेरे लोकसभा क्षेत्र का कोई भी बच्चा शिक्षा के क्षेत्र में खेल के क्षेत्र में और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जितना ज्यादा तरक्की करेगा मुझे इस बात की खुशी होगी इस अवसर पर सतीश भारद्वाज ने यह भी जिक्र किया आपकी प्रिंसिपल के माध्यम से मुझे अभी ज्ञात हुआ 30 तारीख को जो आपके स्कूल का एनुअल फंक्शन है उसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारत की सबसे अमीर महिला एवं हिसार की विधायक सावित्री जिंदल मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगी। इस आयोजन में भी आप बढ़ चढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज करें।

### मॉक ड्रिल कर सिखाया, बाढ़ आपदा से कैसे बचाव करें

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: बाढ़** जैसी आपदा से निपटने के लिए जिला प्रशासन, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम ने सैक्टर-10 अम्बाला शहर शहरी सम्पदा अधिकारी के पानी के टैंक में मॉक ड्रिल के माध्यम से बाढ़ के पानी से लोगों के बचाव कार्य का पूर्वाभ्यास किया। इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार ने मॉक ड्रिल में की जाने वाली गतिविधियों एवं कार्यों का जायजा लिया और कहा कि ऐसी आपदा में हमें घबराना नहीं चाहिए बल्कि संयम बरतते हुए हमारे आस पास यानि घरों पर जो सामान रहता है उसका प्रयोग करते हुए हम इस आपदा से कैसे बाहर आ सकते हैं उसका प्रयोग करना चाहिए। मॉक ड्रिल के दौरान जिला प्रशासन द्वारा जैसे लोक निर्माण विभाग, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग व बिजली निगम के साथ-साथ अन्य विभागों द्वारा सूचना मिलते ही जो गतिविधियां एवं कार्य किए जाते हैं उसका भी यहां मॉक ड्रिल करते हुए पूर्वाभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल को किए जाने मुख्य मकसद यह था कि ऐसी आपदा में हमें जो कार्य करने होते हुए उस बारे हमें सम्पूर्ण जानकारी हो। इस मौके पर आपदा (बाढ़) आने पर बचाव कार्यों में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों का उन्होंने जायजा लिया। एनडीआरएफ इंस्पैक्टर अशोक कुमार ने रैसक्यू के दौरान इस्तेमाल होने वाले उपकरण हाईड्रोलिक जैक करवाईट टीप चैनसा, आरआरसा, चीपिंग हैमर, सैल्फ कन्टैन्ट ब्रीफिग ऑप्रेटर और डीप डाईविंग सैट के बारे में एसडीएम दर्शन कुमार को विस्तार से जानकारी दी।

# सुरक्षित स्कूल-सुरक्षित गांव को लेकर हुई वार्ता

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत: पानीपत जिले** के स्काई लार्क में ब्रेकथ्रू संस्था व जिला विविध सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में हुआ जिला स्तरीय नेटवर्किंग मीटिंग का आयोजन। जिसकी अध्यक्षता सीजेएम मीनू ने की। इस मीटिंग में सुरक्षित स्कूल-सुरक्षित गांव को लेकर बातचीत हुई। ।सीजेएम मीनू ने कहा कि हम सभी को अपने बेटों को भी समझाने की ज्यादा जरूरत है क्योंकि ज्यादतर घटनाएं उन्ही के कारण हो रही हैं हम अपने घरों में लड़कियों को ज्यादा बांध कर रखते हैं जिनको लेकर हमारे दिमाग मे भी कई तरह के टैबू बने रहते हैं जिसके कारण हमारे दिमाग मे उनके बहार निकलने पर डर बना रहता है ।जोकि सही नही है।

इसके साथ ही महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी रजनी गुप्ता ने भी कहा कि आज भी हमारे समाज मे बाल विवाह हो रहे हैं जिसके लिए सभी का जागरूक होना बहुत जरूरी है ये तभी रुक पाएंगे ओर समाज सुरक्षित होगा।

ब्रेकथ्रू संस्था की तरफ से करनाल पानीपत सोनीपत की जिला प्रबंधक निशा रानी और गुरुग्राम जिला प्रबंधक नरेश ने सुरक्षित गांव और सुरक्षित स्कूल को लेकर चर्चा की। और बताया कि कैसे आपसी सहयोग से भविष्य में समुदाय का सुरक्षित माहौल कैसे बनाएं, ताकि गांव की बेटी, महिलाएं घर से बाहर निकलते हुए असुरक्षित महसूस ना करे ।इसके साथ ही शिक्षा विभाग से जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग से सीडीपीओ रजनी चाइल्ड प्रोटेक्शन आफिसर के साथ-साथ और गांवों से ग्राम पंचायत सरपंच और स्कूल प्रिंसिपल व ब्रेकथ्रू संस्था से कुलदीप,प्रवीन, प्रदीप व टीसीएल रानी शामिल रहे।



# 4 दिसंबर को धूमधाम से मनाई जाएगी सैन जी महाराज की जयंती

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः युवा** सेन एकता मंच द्वारा संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती 4 दिसंबर को धूमधाम से बनाई जाएगी। संस्था के पदाधिकारीयों ने इसकी तैयारीयों को लेकर एक बैठक आयोजित की। बैठक में फैसला लिया गया कि सेन जी महाराज की जयंती कार्यक्रम को काफी समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। भगत सिंह मार्केट में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग भाग लेंगे। स्वामी नरेशानंद जी महाराज एवं अन्य पदाधिकारीयों ने बताया कि सेन जी महाराज की जयंती कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ से विधायक रिकेश सेन को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। वहीं पानीपत के शहरी विधायक प्रमोद विज एवं हरियाणा सरकार में केश कला बोर्ड के अध्यक्ष यशपाल ठाकुर मुख्य रूप से शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में युवा भाजपा नेता संजय अग्रवाल विशेष अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि इस मौके पर एक विशाल शोभायात्रा नगर में निकाली जाएगी। जिसमें संत शिरोमणि सेन जी महाराज की भव्य एवं आकर्षक झांकियां शामिल रहेंगी। उन्होंने बताया कि सेन जी महाराज चमत्कारी एवं दिव्य महापुरुष थे।

# रक्तदान-प्लेटलेट्स दान के लिए सदैव तत्पर डॉ. अशोक कुमार वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः रक्तदान** के क्षेत्र में वर्ष 1990 से कार्यरत डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने एक बार पुनः प्लेटलेट की मांग पर स्वेच्छा से पार्थ ब्लड बैंक में जाकर प्लेटलेट दिए। प्लेटलेट की मांग की सूचना प्राप्त होते ही वे सीधे पार्थ ब्लड बैंक पहुंचे और 173 बार रक्तदान के साथ 85 वीं बार प्लेटलेट्स दान किए। हरियाणा पुलिस के उप निरीक्षक और हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा रक्तदान और प्लेटलेट्स देने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। वर्ष 2024 में वे 3 बार रक्तदान और 5 बार प्लेटलेट दे चुके हैं। प्लेटलेट दान करते हुए डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि 30 नवंबर को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में स्थित महाविद्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।



# यूथ ब्लड डोनेशन सोसाइटी द्वारा 18 दिवसीय रक्तदान शिविर हुआ शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :यूथ** ब्लड डोनेशन सोसाइटी द्वारा 18 दिवसीय रक्तदान शिविर 28 नवंबर से 15 दिसंबर 24 तक निरंतर जारी रहेगा।आज पहला दिन लोक नायक जयप्रकाश नारायण हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र की ब्लड बैंक की टीम ब्लड एकत्रित करने के लिए आई। इस मौके पर सोसाइटी के अध्यक्ष विनोद पाल होलकर ने बताया कि सोसाइटी पिछले 25 वर्षों से रक्तदान की सेवाएं दे रहे है । संस्था द्वारा लगातार 2017 से अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव कुरुक्षेत्र में रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है जिसमें विश्व रिकॉर्ड बना चुकी है ।इस संस्था को बहुत प्यार व दुलार मिल रहा है। संस्था कि सराहना सरकारी व गैर सरकारी संगठनों ने बार बार की हैं ।आप सबके आग्रह रहेगा कि आप बूथ नंबर 455 ,56, 57, पर पहुंचकर रक्तदान करे एवं पुण्य के भागीदार बने । इस मौके पर डॉ रमा,जीत राम, हुकुम चंद ,राजेंद्र ग्रोवर ,रविंद्र कश्यप, सचिन पाल, गुरुमेल ककराला, मनीष राणा, ककड़ी, सुमित कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।



# हरियाणा पैवेलियन में लगेंगे 70 से अधिक स्टाल: प्रो. सोमनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में बुधवार को कमेटी रूम में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024 के अवसर पर युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की ओर से ब्रह्मसरोवर में स्थापित किये जा रहे हरियाणा पैवेलियन की तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित किया जा रहा हरियाणा पैवेलियन पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र होगा।

# कुरुक्षेत्र को स्वच्छ बनाने के लिए तैयार किया पूरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र को दुनिया का स्वच्छ शहर बनाने के लिए पूरा खाका तैयार कर लिया गया है। इस शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सपने को साकार किया जाएगा। इस सपने को साकार करने के लिए तमाम प्रबंध पूरे किए गए है। इस शहर में हुड्डा के खाली पड़े सैक्टरों की गंदगी को दूर किया जाएगा। इसके लिए हुड्डा अधिकारियों के साथ-साथ प्लाट धारकों को सरकार के आदेशों के बारे में स्पष्टद कर दिया गया है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शेख चेहली मकबरे से गीता महोत्सव के दौरान दुनिया का सबसे स्वच्छ शहर बनाने के आदेश दिए थे। इन आदेशों के तहत मुख्यमंत्री ने स्पष्टद किया था कि स्वच्छता के साथ किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इसलिए इन आदेशों को प्रशासन के साथ-साथ तमाम कार्यकर्ता पूरी गंभीरता के साथ लेकर स्वच्छता अभियान में जुटे हुए है। इन आदेशों के बाद दिन रात कुरुक्षेत्र को स्वच्छ बनाने की योजना पर लगातार काम किया जा रहा है। इस शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए मुख्यमंत्री के आदेशों के अनुसार 18 सैक्टरों में विभाजित किया गया है और प्रत्येक सैक्टर की जिम्मेवारी एक नोडल अधिकारी को भी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए एक-एक नागरिक का सहयोग लिया जाएगा। इस सहयोग के लिए लोगों को अपने घर, माहौल्लों और पूरे वार्ड को स्वच्छ बनाने के लिए श्रमदान करना होगा। जब तक आम नागरिक अपनी मानसकिता में बदलाव लाने के लिए स्वच्छता के प्रति नहीं सोचता तब तक शहर को स्वच्छ बनाना कठिन लक्ष्य होगा। इस लिए एक-एक व्यक्ति से अपील की जा रही है कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में अपना योगदान दें।



# जिन्दगी की पहली उस्ताद माँ

**टीम एक्शन इंमडिया**
**पानीपत**

**इन्नरव्हील** क्लब पानीपत मिडटाऊन के तत्वावधान दिशा दिव्यांग स्कूल,असन्ध रोड पर क्लब की चार्टर प्रधान कंचन सागर के भाइयों नवलकिशोर मल्होत्रा व जतिन मल्होत्रा ने अपने स्वर्गीय पूज्य माता-पिता श्रीमती राज रानी एवं श्री चरनजीत लाल मल्होत्रा की पावन याद में दरवाजे और खिड़कियाँ लगवाईं। सर्दी का मौसम शुरू होने पर दिव्यांग बच्चे खुले हॉल में बैठकर पढ़ाई करते थे। अब ऐसा नहीं होगा।उल्लेखनीय है कि कंचन सागर हर वर्ष अपने माता-पिता की पुण्यतिथि पर प्रोजेक्ट करतीं हैं और क्लब व नारी कल्याण समिति को समर्पित करतीं हैं। कंचन सागर का कहना है कि हम अपने माता-पिता के आदर्शों पर चलने की कोशिश कर रहे हैं। तब माँ कहा करतीं थीं कि एक हाथ से जब दान दो तो दूसरे हाथ को भी पता नहीं चलना चाहिए। संगीता मल्होत्रा,रोजी मल्होत्रा ने सर्दी को देखते हुए निर्धन वर्ग में रजाई और कम्बल भी बाँटे। डा.अनु कालड़ा और संगीता मल्होत्रा ने कहा कि अपने पूर्वजों को याद करने का यह बहुत सुन्दर ढंग है ।

इस दौरान मंजु भसीन,संगीता मल्होत्रा,रोजी मल्होत्रा, ज्योति रहेजा आदि मौजूद रहे। इन्नरव्हील कल्ब पानीपत मिडटाऊन की तरफ से इस समारोह में प्रधान डा.अनु कालड़ा उपस्थित रहीं।

# रोहान गौड़ स्टूडेंट ऑफ द ईयर गोल्ड मेडल अवार्ड से सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट रोहान गौड़ को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व कुलसचिव डॉ. संजीव शर्मा ने एनसीसी के बहु प्रतिष्ठित स्टूडेंट ऑफ द ईयर (वाइस चांसलर गोल्ड मेडल अवार्ड) से सम्मानित किया। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने एनसीसी कैडेट रोहान गौड़ को बधाई देते हुए कहा यह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए बडे.गर्व एवं हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि यह अवार्ड अन्य सभी विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत का कार्य करेगा तथा राष्ट्र सेवा के लिए युवाओं को आगे बढ़ने की ओर प्रेरित भी करेगा। गौरतलब है कि डायरेक्टर जनरल एनसीसी, नई दिल्ली की अनुशंसा पर यह मेडल हर वर्ष एनसीसी के एक सर्वश्रेष्ठ कैडेट को दिया जाता है। कैडेट की इस अभूतपूर्व सफलता पर कुलपति प्रो सोमनाथ सचदेवा व कुलसचिव डॉ संजीव कुमार ने कैडेट रेहान गौड़ को गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया। डीजी, एनसीसी नई दिल्ली से एक साल में सिर्फ एक ही एनसीसी कैडेट को इस सम्मान के लिए चुना जाता है, और एनसीसी कैडेट को गन- शूटिंग, शस्त्र प्रशिक्षण, मैप रीडिंग, ड्रिल, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, मार्च पास्ट, कठिन शरीक परीक्षण व लिखित परीक्षा के तहत बेस्ट कैडेट का चयन किया जाता है।

एनसीसी इंचार्ज लेफ्टिनेंट डॉ. अजय जांगड़ा ने बताया कि इस परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय से जुड़े सभी संस्थानों के एनसीसी यूनिट्स से दो-दो छात्र भेजे जाते हैं और परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कैडेट को गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाता है। उन्होंने बताया कि रोहान गौड़ ने 12 से अधिक स्टेट लेवल एनसीसी कैंप और एक नेशनल कैंप में भी एनसीसी यूनिट का प्रतिनिधित्व लिया है।

इस अवसर पर कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, लेफ्टिनेंट डॉ. अजय जांगड़ा व भूतपूर्व सैनिक अजय शर्मा मौजूद रहे।



# डॉ सुनील थुआ को स्वर्गीय कलीराम मेमोरियल राष्ट्रीय अवॉर्ड से नवाजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : पूर्व** सैनिक और नायक कली राम खिप्पल की पुण्यतिथि पर करनाल मानव सेवा संघ में राष्ट्रीय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल कुरुक्षेत्र में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत डॉ सुनील थुआ को कलीराम राष्ट्रीय देकर सम्मानित किया गया। उन्हें यह पुरस्कार शिक्षा व सामाजिक जागरूकता के प्रचार प्रसार करने के लिए दिया गया है। खासतौर पर जरूरतमंद लोगों व दिव्यांगजनों के उत्थान के लिए पिछले कई सालों से कार्यरत हैं। इस कार्यक्रम में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी हरियाणा चंडीगढ़ के महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल मुख्यातिथि रहे और अध्यक्षता डीईओ कुरुक्षेत्र रोहतास वर्मा ने की। रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव कुलबीर सिंह मलिक विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।



# दिल्ली सरकार की अनदेखी का दंश झेल रहे हैं लोग: आदेश भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार की अनदेखी का दंश झेल रहा है मुकुंदपुर, यह कहना है करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज का।





मुकुंदपुर दौरे पर रहे आदेश भारद्वाज ने न सिर्फ अपने कार्यकर्ताओं से मीटिंग की बल्कि आम लोगों से भी मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुन उनके निदान के हर संभव प्रयास का वादा भी किया।

उन्होंने कहा कि पूरी दिल्ली में पिछले लगभग 10 वर्षों में विकास को लेकर जितना नुकसान मुकुंदपुर गांव व आस पास की कॉलोनियों का हुआ है उतना किसी और क्षेत्र का नहीं हुआ होगा। क्योंकि यहां निगम पार्षद भाजपा और विधायक आम आदमी पार्टी का है और इन दोनों ही की खींचातानी के चलते पूरा क्षेत्र बेबसी के आंसू रो रहा है। कांग्रेस की शीला दीक्षित जी की सरकार के समय मुकुंदपुर से डीटीसी की 98 नंबर की बस चला करती थी, लेकिन केजरीवाल जी की सरकार ने उस बस सेवा को बंद कर दिया। जिसके चलते फिलहाल यहां से किसी किस्म की कोई परिवहन सेवा नहीं है। लोगों को मजबूरीवश ओवर लोडेड फटफट या बैटरी रिक्शाओं से आना जाना करना पड़ता है और यही नहीं शीला दीक्षित जी के समय यहां एक डिस्पेंसरी भी खोली गई थी जो आज ढंग से देखभाल ना होने के कारण बुरे हालात में हैं, न वहां ढंग से डॉक्टर हैं, ना दवाइयां मिल रही हैं, यहां तक कि मरीजों के लिए बने शौचालय की भी बहुत बुरी स्थिति है। कांग्रेस सरकार के समय यहां बनी भलस्वा लेक को पर्यटक स्थल के रूप में डेवलप कर इस क्षेत्र को एक नया रूप देने का प्रयास किया गया था लेकिन केजरीवाल जी ने कूड़े के पहाड़ बनाकर और इस क्षेत्र को सुविधाओं से वंचित कर इस क्षेत्र को स्लम एरिया बनने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि जहांगीरपुरी और बाईपास के बीच बने कूड़े के डंपिंग पहाड़ के नजदीक होने के कारण मुकुंदपुर को प्रदूषण की मार भी औरों से ज्यादा सहनी पड़ रही है।

इन कूड़े के पहाड़ों से निकलने वाली जहरीली गैसों और बदबू के चलते यहां बच्चों और बुजुर्गों को सांस की तकलीफ, फेफड़ों के इन्फेक्शन, त्वचा रोगों का सामना करना पड़ रहा है और यही नहीं इसी कूड़े के पहाड़ के कारण दूषित हो चुकी जमीन से बोरिंग करके पानी पीना लोगों की मजबूरी हो चुका है क्योंकि इस पूरे इलाके में ढंग से पीने के पानी की सप्लाई नहीं है। आबादी घनत्व ज्यादा होने के कारण यहां समस्याएं दिनों दिन बढ़ती ही जा रही हैं। लेकिन न तो आम आदमी पार्टी और ना भाजपा किसी ने भी आज तक इस समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया और अगर दिल्ली में फिर एक बार कांग्रेस की सरकार बनी तो हम इस पूरे क्षेत्र का कायाकल्प कर नया रूप देने का कार्य करेंगे। इस मौके पर मुन्ना लाल, घमंडी लाल, रामवीर सिंह, कैलाश यादव, राज कुमार, देवेंद्र सिंह, रेखा रानी, मनोज कुमार धीमान, विजय जोर्ज, एडवोकेट अजय कुमार, अरविंद साहू, माथुर, मनोज शर्मा, बीर सिंह, बलजीत शर्मा, आशीष कुमार, पी एस रावत और क्षेत्र के अनेकों लोग उपस्थित थे।

## श्री गुरू तेगबहादुर साहब के स्मारक की बदहाली को लेकर एलजी को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर उनका ध्यान सिंघु बार्डर स्थित श्री गुरू तेगबहादुर साहब स्मारक की दुर्दशा की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कर उसके सुधार एवं उचित रख-रखाव की मांग की है। पत्र में कहा गया है की 2011 में दिल्ली के सिंघु बार्डर के पास तत्कालीन दिल्ली सरकार द्वारा सिखों के नवम गुरू श्री तेगबहादुर साहब की स्मृति में 12 एकड़ भूमि में एक स्मारक बनाया था जिसकी



विशेषता थी कि गुरू महाराज के जीवन से जुड़ा लेजर शो। खेदपूर्ण है की आज यह स्मारक स्थल उपेक्षा एवं दुर्दशा का शिकार है। लेजर शो अब वहां होता नहीं, स्मारक पर लगे स्मृति पत्थर टूट रहे हैं, बाउंड्री वाल टूट रही है, टायलेट बदहाल है और घास अव्यवस्थित है। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है कि खेदपूर्ण है की दिल्ली में उस पार्टी की सरकार है जिसकी पंजाब में भी सरकार है और वह सिख सम्मान को बढ़ाने का दावा करते हैं पर उनके शासन में सिखों के महान बलिदानी गुरू श्री तेगबहादुर का स्मारक बदहाल है।

## कलावती हॉस्पिटल वर्कर्स यूनियन ने नेगी और चौरसिया का किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कलावती हॉस्पिटल वर्कर्स यूनियन ने अपने कार्यालय में AIUTUC के नव निर्वाचित अध्यक्ष एस एस नेगी और सचिव मैनेजर चौरसिया के सम्मान में एक आम सभा की और फूलों से उनका स्वागत भी किया।





जैसा कि हम सभी जानते है कि एस एस नेगी बहुत लम्बे समय से कलावती हॉस्पिटल वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष रहे और जॉइंट प्लेटफार्म आफ एक्शन (JPA) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ,डिपार्टमेंटल काउंसिल, हेल्थ सेक्टर के मेंबर भी हैं। श्री नेगी जी ने बड़ी ईमानदारी और निष्ठा से कर्मचारियों का कंधे से कंधा मिला कर निस्वार्थ व निष्पक्ष भाव से कर्मचारी हित में काम किया। यूनियन का मानना है कि नेगी जी एक छोटे से संस्थान से चलकर आज एक राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया यूनाईटेड ट्रेड यूनियन सेंटर (AIUTUC) के दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष मनोनीत हुए हैं यह कलावती हॉस्पिटल वर्कर्स यूनियन के लिए एक गौरव का विषय है। इस सम्मान समारोह में अस्पताल कर्मचारी शामिल हुए साथ ही AIU-TUC के पूर्व अध्यक्ष हरीश त्यागी, AIUTUC के राष्ट्रीय सचिव मंडल के सदस्य कामरेड आर.के .शर्मा, नेशनल पब्लिक हेल्थ एलाइंस दिल्ली के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार, महामंत्री भारत वीर, JPA के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह दहिया सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। ऑल इंडिया यूनाइटेड यूनियन सेंटर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एस .एस नेगी ने ऑर्गेनाइजर और अन-ऑर्गेनाइज्ड मजदूर कर्मचारियों की मांगों को लेकर 6 दिसंबर को उपराज्यपाल कार्यालय पर प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की। सभी नेताओं ने नेगी जी के संघर्ष को सराहते हुए नेगी जी को पूर्ण रूप से साथ देने का भरोसा दिया।

## स्वच्छ जल को तरस रहे है वजीरपुर क्षेत्र के लोग: नागपाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के वजीरपुर क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल ने कहा कि वजीरपुर क्षेत्र की जनता विकास को तरस रही है, लेकिन आप राज में विकास नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र में जनता ने पानी की खाली बोतल लेकर प्रदर्शन किया। क्योंकि वहां की जनता स्वच्छ जल को तरस रही है। उन्होंने कहा कि वजीरपुर क्षेत्र की जनता आम आदमी पार्टी के राज में खुश नहीं है। क्योंकि आप राज में न तो जनता को स्वच्छ जल ही मिल पा रहा है,



न ही जनता को अन्य सुविधाएं ही मिल पा रही है। वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र में जनता को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल ने कहा कि वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र के लोग आप राज में नारकीय जीवन जी रहे है, लेकिन विधायक द्वारा सुविधाएं नहीं दी जा रही है। वजीरपुर क्षेत्र में जहां सड़को की दशा खराब है, वहीं बिजली के बिल बढ़कर आ रहे है। दूषित जल आ रहा है, जिसे न तो पीया जा सकता है और न ही उससे कपड़े ही धोये जा सकते है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को केवल गुमराह करने का कार्य किया है। जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह एक भी पूरे नहीं हुए है, जिस कारण से लोग मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे है। उन्होंने कहा कि वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र में बनाये गये शौचालय की दशा खराब है, जनता को कई परेशानियों से जूझना पड़ रहा है, लेकिन क्षेत्रीय विधायक जनता की समस्याओं पर ध्यान न देकर टीवी पर केवल डिबेट करते हुए ज्यादातर दिखाई देते है। इस मौके पर पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## झुग्गी बस्तियों की बदहाली को देख महसूस हुआ की लोग नारकीय जीवन जी रहे है: देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि 8 नवम्बर, 2024 से शुरु दिल्ली न्याय यात्रा के पहले तीन चरणों के पड़ाव को पार करने में दिल्ली कांग्रेस के न्याय योद्धाओं ने पिछले 20 दिनों में 50 विधानसभाओं में 450 किलोमीटर की दूरी तय की। दिल्ली सड़कों पर अपनी अजीविका चला रहे गरीब, मजदूरों, रेहड़ी पटरीवालों, सब्जी वाला, मोची, नाई, पकोड़े वाला, खाने बेचने वालों से सीधा संवाद करके प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली न्याय यात्रा के दौरान लोगों



की पीड़ा, परेशानियों और दर्द को महसूस करके दिल्ली के गरीब, वंचित, मजदूर, श्रमिक, पीड़ित, बेरोजगार, युवा, महिलाओं, वृद्धों को न्याय दिलाने की प्रतिबद्धता जनता के सहयोग से 2025 के चुनाव में विजय हासिल करके निभाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने महसूस किया कि केजरीवाल सरकार के कुशासन दिल्ली मॉडल और भाजपा के भ्रष्टाचार राजधानी के विकास की गिरावट के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार है। दोनों पार्टियों ने स्वार्थ और राजनीतिक लाभ के चलते लोगों के कल्याण और अजीविका सुनिश्चित करने में अनदेखी की है। पिछले 20 दिनों में दिल्ली न्याय यात्रा में क्षेत्रीय लोगों की भारी उपस्थिति ने साबित कर दिया है कि लोग 2025 में कांग्रेस को सत्ता में वापस लाने के लिए बदलाव चाहते हैं। देवेन्द्र यादव ने कहा कि यात्रा के दौरान उन्होंने विभिन्न व्यवसायों, व्यापारों और गतिविधियों से जुड़े हजारों लोगों से चर्चा की, जिनमें रेहड़ी-पटरी वाले, छोटे दुकानदार, छोटे व्यापारी, कबाड़ीवाले, दर्जी, मोची, पेशेवर, शिक्षक, सफाई कर्मचारी, कार्यकर्ता और अन्य सभी वर्ग शामिल थे।

लोगों ने अपने दुख और जीवन की कठिनाईयों को देवेन्द्र यादव के साझा किया, जिसके बाद सामने आया कि आम आदमी पार्टी और भाजपा ने केवल रेवड़ियों का लालच देकर दिल्ली की जनता जीवन में संघर्ष के लिए बेसहारा छोड़कर इनकी परेशानियों और दर्द को बढ़ाने का काम किया है।

## गांव देहात के सभी बच्चों को उनकी भूमि पर बने स्कूलों में मिले दाखिला: यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पंचायत संघ ने पब्लिक स्कूलों में नर्सरी दाखिले को लेकर दिल्ली सरकार से मांग की कि गांवों के बच्चों को गांवों की जमीन पर बने पब्लिक स्कूलों में सौ फीसद आरक्षण के साथ दाखिला मिले। जिस कॉलोनी व सेक्टर के अंदर स्कूल है उनके सभी बच्चों को दाखिला मिलना चाहिए। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की जिन पब्लिक स्कूलों ने स्कूल से लेकर 12 किलोमीटर दूरी तक दाखिले की प्रक्रिया में शामिल किया है। दिल्ली सरकार व शिक्षा विभाग इस दूरी को तुरंत कम करें। इसके साथ ही स्कूल से 3



किलोमीटर और उसके बाद 5 किलोमीटर तक की दूरी तक ही दाखिले को प्राथमिकता पहले मिलनी चाहिए। दिल्ली के बिगड़ते हालात बढ़ता जाम और प्रदूषण से सरकार व शिक्षा विभाग को छोटे मासूम बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। सभी छोटे बच्चों के दाखिले 0 से 3 किलोमीटर की परिधि में होने चाहिए। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की दिल्ली की वर्तमान सरकार जहां शिक्षा मॉडल की बात करती है। वहीं पिछले 10 वर्षों में छोटे मासूम बच्चो को उनके घर के नजदीक जिसमें स्कूल से तीन किलोमीटर की दूरी तक दाखिले की व्यवस्था नहीं करा पाई और उनके खेलने के लिए मैदान उपलब्ध कराने में नाकाम रही है। बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा। सरकार को तुरंत इस पर एक्शन लेना चाहिए।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने बनाई 43 समितियां

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तैयारियां तेज कर दी है। गुरुवार को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने गुरुवार को दिल्ली विधान सभा चुनाव प्रबंधन हेतु 43 समितियों की घोषणा की है। इससे पहले दिल्ली भाजपा ने चुनाव संचालन समिति, चुनाव घोषणापत्र समिति एवं दिल्ली सरकार पर आरोप लगाने संबंधी समिति की थी। दिल्ली भाजपा द्वारा जारी सूची के अनुसार नेरेटिव समिति के संयोजक बांसुरी स्वराज को बनाया गया है। प्रदीप भंडारी, कपिल मिश्रा, राजीव बब्बर इस समिति के सदस्य होंगे। डिजिटल विभाग समिति के लिए भी बांसुरी स्वराज को संयोजक बनाया गया है। महिला अभियान समिति की जिम्मेदारी कमलजीत सहरावत को दी गई है।

इस समिति में श्याम बाला, प्रियल भारद्वाज, ऋचा पांडे भी शामिल हैं। मीडिया समिति का संयोजक प्रवीण शंकर कपूर को बनाया गया है। अनुसूचित जाति अभियान के लिए सांसद योगेन्द्र चांदोलिया को संयोजक बनाया गया है। ओबीसी समाज समिति की कमान कुलजीत सिंह चहल को दी गई है। इसके साथ झुग्गी-झोपड़ी समिति का संयोजक विष्णु मित्तल को बनाया गया है।

## बुराड़ी में समस्याओं का अंबार, कांग्रेस करेगी बेड़ा पार: श्याम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली का बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र पिछले कई सालों से स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सड़क, पानी सहित ऐसी कई तरह की सुविधाओं से वंचित होने के कारण बीमार पड़ा हुआ है।



बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 से कांग्रेस के पूर्व निगम प्रत्याशी श्याम सिंह ने कहा कि इतना की नहीं आप सरकार की अनदेखी व विधायक संजीव झा की कामचोरी के नतीजन स्वरूप नर्क से भी बदतर हालातों में जीने को मजबूर है बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के लोग। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता को अब यह मालूम चल चुका है कि दिल्ली का विकास केवल कांग्रेस की सरकार ही कर सकती है। श्याम सिंह ने कहा कि बुराड़ी से अगर इस बार कांग्रेस का विधायक चुना जाता है तो सबसे पहले पिछले कई सालों से बुराड़ी क्षेत्र में जो समस्याओं का अंबार लगा हुआ है उन सभी समस्याओं को निपटाया जाएगा और क्षेत्र में चहुं ओर विकास की ब्यार आएगी तथा चहूं ओर विकास ही विकास होगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा पार्षद गुलाब सिंह राठौर द्वारा क्षेत्र में कोई काम नहीं करवाया जा रहा है। क्षेत्र की नालियां चोक पड़ी है तथा गलियों व सड़कों पर महीनों तक झाडू तक नहीं लगाई जाती है जिसके चलते सड़कों पर पड़ा हुआ कूड़ा लोगों के घरों व दुकानों में घूस रहा है। तो वहीं कूड़े करकट से चोक पड़ी नालियों का पानी सड़कों पर बह रहा है।

## विधायक संजीव झा की फैलाई गई गंदगी को समेटने में लगे हैं निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में पिछले दस सालों से आप विधायक संजीव झा द्वारा की गई कामचोरी व फैलाई गई गंदगी को साफ करके खत्म करने में सालों से जुटे पड़े है मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 से निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर। इसी कड़ी में क्षेत्र स्थित 60 फूटा रोड़ अथॉरिटी मुकुंदपुर पार्ट-2 में पार्षद राठौर द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान उनके साथ पार्टी के कई कार्यकर्ताओं सहित संबंधित विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। इस बीच पार्षद ने लोगों की समस्या सुनीं तथा अधिकारियों को आदेश देकर उनका निदान भी किया गया। सफाई के दौरान वैक्ट्र मशीन द्वारा नालियों की सफाई भी करवाई गई। निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने बताया कि आप विधायक संजीव झा पिछले दस सालों से निरंतर विधायक है, बावजूद इसके उन्होंने क्षेत्र में एक कार्य तक नहीं करवाया है, जिसके चलते लोगों को दैनिक जीवन में कई सारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले इस विधानसभा चुनाव से केजरीवाल सरकार को दिल्ली की सत्ता से हमेशा के लिए उखाड़ फैंकना है, केजरीवाल सरकार सत्ता में इतना मगरूर हो गए है जिससे उनकी की समस्याएं भी नहीं दिखाई दे रही है। तो वहीं विधायक संजीव झा ने भी क्षेत्र की जनता को विभिन्न समस्याओं की आग में झोंक रखा है।

# बागेश्वर धामः धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के समर्थन में वृंदावन से रवाना हुए संत

**हिंदू एकता यात्रा**

**इस यात्रा में विशेष रूप सेनीलकंठ दास, लव सक्सेना, आदि बड़ी संख्या में बृजवासी भक्त गए**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के द्वारा बागेश्वर धाम से ओरछा श्री राम राजा सरकार मंदिर तक निकाली जा रही सनातन हिंदू एकता यात्रा में सम्मिलित होने के लिए बृजवासियों का एक दल वृंदावन से रवाना हुआ। इस दल में संपूर्ण ब्रजमंडल के सेवायत गोस्वामी, संत ,कथा प्रवक्ता तथा तीर्थ पुरोहित आदि सम्मिलित होकर ब्रजमंडल से प्रेम का संदेश लेकर ओरछा धाम गए हैं। इस यात्रा के संयोजक आचार्य मृदुलकांत शास्त्री ने बताया कि आज आवश्यकता है। सभी सनातनियों को एकजुट करने की, जाति पाती वर्ग भेदभाव से ऊपर उठकर सभी सनातनियों को एकजुट होना पड़ेगा अन्यथा धीरे धीरे सभी समाप्त हो जाएंगे। इस हेतु यह पवन संकल्प लेकर बागेश्वर धाम सरकार द्वारा जो भव्य दिव्य पदयात्रा लगभग 160 किलोमीटर की निकल जा रही है। उसमें सम्मिलित होना हमारा परम दायित्व है। महामंडलेश्वर स्वामी चित प्रकाशानंद महाराज और स्वामी नील मणि दास तथा भागवत आचार्य सुमंत कृष्ण शास्त्री, पंडित बनवारी महाराजने कहा जिस तरह पूरे विश्व में सनातनियों पर अत्याचार हो रहा है ,बांग्लादेश में प्रतिदिन हिंदुओं को मारने, मंदिरों को तोड़ने और बहन वीडियो पर अत्याचार की खबरें आ रही है अत्यंत भयावह है। इस यात्रा में विशेष रूप सेनीलकंठ दास, लव सक्सेना, श्री कृष्णा शर्मा, राहुल तिवारी, गोपाल दास, गुजन शर्मा, सुशील गौतम आदि बड़ी संख्या में बृजवासी भक्त गए।

# यमुना एक्सप्रेस वे पर हादसे में पुलिस कर्मी बाल बाल बचे, एक की मौत

**सड़क हादसा**

**-एक्सप्रेस वे पर ट्रक के टायर चेक कर रहे क्लीनर में अनियंत्रित गाड़ी ने मारी टक्कर**




**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
नौहझील क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे पर आगरा से नोएडा की ओर माइल स्टोन 62 पर हुए सड़क हादसे में पुलिस की पीआरवी पर तैनात पुलिसकर्मी बाल बाल बच गये। जबकि ट्रक के क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई। सड़क हादसा उस समय हुआ जब यमुना एक्सप्रेस वे पर एक ट्रक को खडा कर क्लीनर ट्रक के टायर को देख रहा था। इसी बीच पीछे से आए एक अनियंत्रित गाड़ी ने ट्रक के क्लीनर को रौंद दिया। इसी दौरान इस गाडी का भी टायर फट गया और आगे खडी पुलिस की पीआरवी से जा टकराई। गनीमत रहीं कि पुलिसकर्मी हादसे में बच गये।
हालांकि पीआरवी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रक परिचालक सुमित (24) वर्ष पुत्र बन्टू सिंह निवासी चिमरापुर थाना जैथरा जनपद एटा की मौके पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह के मुताबिक शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
गाड़ी व चालक को हिरासत में ले लिया है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। एक्सयूवी गाड़ी की टक्कर से ट्रक परिचालक की मौत हुई है व पीआरवी गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### सरकार ने अमेजन की प्रतिधि छात्रवृत्ति को दी मान्यता

**गुरुग्राम।** अमेजन इंडिया ने आज अपने तीसरे वार्षिक प्रतिधि छात्रवृत्ति कार्यक्रम के लिए छात्रों को सम्मानित करने की घोषणा की। यह कंपनी के डिलीवरी सहयोगियों के बच्चों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई पहल है। इस साल के कार्यक्रम के तहत लगभग 1200 छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, जिससे उन्हें वित्तीय मुश्किलों को दूर कर अपनी शैक्षणिक आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। प्रतिधि छात्रवृत्ति ट्यूशन फीस, स्कूल की आपूर्ति और अन्य शैक्षिक खर्चों को कवर करने के लिए 6000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त, विकलांग छात्रों को चिकित्सकीय खर्चों, स्कूल की आपूर्ति और पुस्तकों का समर्थन करने के लिए 10,000 रुपये की छात्रवृत्ति मिलती है। अमेजन ने योग्य उम्मीदवारों की पहचान करने के लिए कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया आयोजित करने के संबंध में बडी4स्टडी इंडिया फाउंडेशन के साथ भागीदारी की है। यह छात्रवृत्ति शैक्षणिक योग्यता, वित्तीय आवश्यकता और नेतृत्व क्षमता के आधार पर प्रदान की जाती है। हर योग्य ड्राइवर के अधिकतम दो बच्चे छात्रवृत्ति प्राप्त कर सकते हैं। अमेजन इंडिया के लास्ट माइल ऑपरेशंस के उपाध्यक्ष, डॉ. करुणा शंकर पांडे ने कहा अमेजन के लास्ट-माइल डिलीवरी परिचालन के अंग के रूप में, ड्राइवरों की कंपनी के व्यवसाय के उल्लेखनीय भूमिका है। प्रतिधि छात्रवृत्ति कार्यक्रम ड्राइवरों के कल्याण के लिए अमेजन की व्यापक प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जो यह सुनिश्चित करता है कि उनके परिवार को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। अमेजन अगली पीढ़ी के नेताओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमें छात्रवृत्ति पाने वाले इन बच्चों की उपलब्धियों का जश्न मनाने और उज्जवल भविष्य की उनकी यात्रा का समर्थन करने की खुशी है।

### डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के माध्यम से समावेशी विकास को गति दे रहा है फ्लिपकार्ट

**गुरुग्राम।** मदरहब, ग्रॉसरी, लार्ज व नॉन-लार्ज और डिलीवरी हब समेत 65 से ज्यादा केंद्रों के माध्यम से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष तौर पर 7 लाख से ज्यादा रोजगार सृजित करते हुए फ्लिपकार्ट ने उत्तर प्रदेश में रोजगार एवं आर्थिक बदलाव को गति दी है। राज्य की सांस्कृतिक विरासत, विकास की राह पर बढ़ता एमएसएमई सेक्टर और उद्यमिता को लेकर यहां के उत्साह का लाभ लेते हुए फ्लिपकार्ट ने कंपनियों को डिजिटल-फर्स्ट इकोनॉमी में आगे बढ़ने में सक्षम बनाया है।एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) जैसी राज्य की महत्वाकांक्षी पहल ने पारंपरिक उद्योगों को पुनर्जीवित किया है, स्थानीय शिल्पकला को



प्रोत्साहित किया है और रोजगार के अवसर सृजित किए हैं। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं ने कौशल विकास, आत्म निर्भरता और समावेशी विकास के लिए उत्प्रेरक का काम किया है।
इस पहल को लेकर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा, ह्यसरकार द्वारा अनुकूल कारोबारी माहौल बनाने और नवाचार को बढ़ावा देने पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने से उत्तर प्रदेश उद्यमशीलता के विकास और उद्यमों की सफलता के लिए अपार संभावनाएं प्रदान कर रहा है। वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश ई-कॉमर्स को अपनाने और विक्रेताओं के सशक्तीकरण के मामले में अग्रणी राज्यों में से एक बन गया है। हमारे रणनीतिक निवेश और विस्तृत मार्केटप्लेस इकोसिस्टम के साथ हमारा लक्ष्य उत्तर प्रदेश में स्थानीय समुदायों, एमएसएमई, किसानों एवं संबद्ध व्यवसायों को डिजिटल इकोसिस्टम में कदम रखने के उनके सफर में समर्थन प्रदान करते हुए सशक्त करना है।

## थाना बरसाना पुलिस न दो हत्यारोपी किये गिरफ्तार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना बरसाना पुलिस ने हत्या के अपराध में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। घटना में प्रयुक्त देशी राइफल को पुलिस ने बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना बरसाना अरविन्द कुमार निर्वाल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर भडाना मोड वहद ग्राम राकौली से थाना बरसाना मथुरा में वांछित अभियुक्त महेशचन्द पुत्र चेती उर्फ चेतराम, नेत्रपाल पुत्र रामप्रसाद निवासीगण नगला बोला राकौली थाना बरसाना मथुरा को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# पूरे परिवार पर पड़ता है किसी व्यक्ति के नशा करने का प्रभाव : राहुल शर्मा

**जागरूकता**

**उन्होंने नशा के कारण परिवार पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया**




**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
नवी चेतना-केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत की ओर से नशा के कारण बढ़ रहे महिला अपराध रोकथाम जागरूकता अभियान के तहत जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार नागरिक अस्पताल में स्थापित सुकून केंद्र में कॉउंसलर राहुल शर्मा ने महर्षि दयानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग चौधरीवास की नर्सिंग छात्राओं को जागरूक किया। उन्होंने नर्सिंग छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति भी जागरूक किया।
काउंसलर राहुल शर्मा ने गुरुवार को बताया कि नशा करने के कारण व्यक्ति को केवल शारीरिक, आर्थिक, मानसिक नुकसान ही नहीं होता बल्कि नशे का दुष्प्रभाव उसके परिवार व परिवार के सदस्यों पर भी बहुत पड़ता है। काफी संख्या में बच्चे बीच में ही पढ़ाई को छोड़कर कम उम्र में कामकाज में लग जाते हैं, जिससे उसके परिवार का पालन पोषण नहीं हो पाता और तनाव के कारण बच्चे भी नशा करना सीख जाते हैं। नशे की पूर्ति के लिए बच्चे कानूनी जानकारी के अभाव के कारण अपराध करना सीख जाते हैं, जैसे चोरी करना, झगड़ा करना, लूटपाट करना आदि, जिससे बच्चे का भविष्य अंधकार में चला जाता है। इसके चलते बच्चा बाल अपराधी होने के कारण सलाखों के पीछे चला जाता है। इतना ही नहीं, घर की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण बच्चा पढ़ भी नहीं पाता और अपना उज्जवल भविष्य नहीं बना पाता। उन्होंने नशा के कारण परिवार पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया और सुकून केंद्र में मिलने वाली सहायताओं की जानकारियां प्रदान की। इस मौके पर अध्यापिका स्नेहा, बीएससी नर्सिंग फोर्थ सेमेस्टर के छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे।

# पंचकूला सेक्टर 5 में जया किशोरी की भागवत कथा में सिक्योरिटी व्यवस्था सुदृढ़

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला,:** यहां चल रही जया किशोरी की भागवत कथा में सुरक्षा व्यवस्था पर खास ध्यान दिया गया है। सुरक्षा का जिम्मा संभाल रही कंपनी बिग बॉस ने अपनी टीम में 25 सिक्योरिटी गाड्र्स को तैनात किया है, जिनमें महिला और पुरुष दोनों शामिल हैं।
यह कंपनी मोहाली स्थित अपने दफ्तर से संचालन करती है और ट्राई सिटी क्षेत्र में होने वाले बड़े आयोजनों के लिए सुरक्षा




सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी के मालिक बबलू ने बताया कि ट्राई सिटी के आसपास जितने भी बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन होते हैं, उन सभी में उनकी कंपनी की सेवाएं ली जाती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस भागवत कथा में आने वाले भक्तों से कंपनी के कर्मचारी अत्यंत सम्मानजनक तरीके से पेश आ रहे हैं, ताकि आयोजन का माहौल शांतिपूर्ण और सुरक्षित बना रहे। इस दौरान, आयोजन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था की चाक-चौबंद निगरानी से भक्तों को पूरा भरोसा है कि वे धार्मिक कार्यक्रम का आनंद शांति और सुरक्षा में ले सकते हैं।

## हर्ष फायरिंग में दुल्हन को लगी गोली

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
हर्ष फायरिंग के दौरान एक गोली जयमाला लिए खडी दुल्हन के हाथ को चीर कर निगल गई। गोली लगने से दुल्हन लहूलुहान हो गई। घटना से शादी समारोह में विघ्न पड गया।
घटना से घराती और बरातियों के हाथ पांव फूल गए और अफरा तफरी का माहौल बन गया।
परिजन दुल्हन को मथुरा जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे और उपचार के लिए भर्ती कराया। इस बीच बरात भी वापस चली गई। कोतवाली प्रभारी सुरीर निरीक्षक संजीव कांत मिश्र का कहना है कि युवती के हाथ में गोली लगने की सूचना मिली थी। जिसकी जांच पड़ताल की जा रही है।

## हॉर्नबिल फेस्टिवल 2024 में एशिया के पहले कंसेंट कैफे को पेश करने के लिए ड्यूरेक्स द बड्र्स एंड बी टॉक ने पूरी की अपनी तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम।** स्वास्थ्य और सफाई में वैश्विक नेता रेकिट द्वारा शुरू किए गए एक प्रभावशाली लाइफ स्किल प्रोग्राम, ड्यूरेक्स द बड्र्स एंड बी टॉक (टीबीबीटी), पूर्वोत्तर भारत के सबसे प्रतिष्ठित सांस्कृतिक उत्सव- द हॉर्नबिल फेस्टिवल में लगातार तीसरे साल आधिकारिक हेल्थ पार्टनर के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहा है।
फेस्टिवल अपने 25वें संस्करण की उपलब्धि का जश्न मना रहा है, ऐसे में टीबीबीटी एशिया का पहला कंसेंट कैफे लॉन्च करने के लिए तैयार है, जो एक अपनी तरह की पहल है, जिसे सहमति, बराबरी और स्वस्थ संबंधों के आसपास सार्थक बातचीत शुरू करने के लिए डिजाइन किया गया है।
कोहिमा के किसामा हेरिटेज विलेज में 1 से 10 दिसंबर तक आयोजित होने वाला हॉर्नबिल फेस्टिवल में 150,000 से अधिक दर्शकों के आने की उम्मीद है, जो आधुनिक मूल्यों के साथ पारंपरिक विरासत को मिश्रित करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करता है।
वेयेलो डुओलो, निदेशक, पर्यटन विभाग, ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, 25वां हॉर्नबिल फेस्टिवल सांस्कृति गौरव का एक प्रतीक है, और हम ड्यूरेक्स के द बड्र्स एंड बी टॉक को रेकिट और प्लान इंडिया द्वारा हमारा आधिकारिक हेल्थ पार्टनर बनाने को लेकर हम काफी रोमांचित हैं। यह उल्लेखनीय पहल किशोरों को महत्वपूर्ण जीवन कौशल के साथ सशक्त बनाती है, जो उन्हें जानकार




और जिम्मेदार व्यक्ति के रूप में विकसित होने में मदद करती है। इसके अलावा, हम समावेश, जागरूकता और बराबरी का जश्न मनाते हैं, जो प्रगति और कल्याण के लिए मील का पत्थर हैं। गौरव जैन, एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, रेकिट- साउथ एशिया ने कहा, रेकिट में, हमारा मानना है कि सशक्त बनने के लिए ज्ञान जरूरी है।
हॉर्नबिल फेस्टिवल के साथ हमारी निरंतर भागीदारी हमारे इसी भरोसे का एक मजबूत उदाहरण है, क्योंकि हम सहमति और समावेश जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों को संबोधित करते हुए पूर्वोत्तर भारत की सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करते हैं। साथ मिलकर, हम जागरूक, समावेशी और सशक्त युवाओं की एक नई पीढ़ी को आकर देने का काम करेंगे। रवि भटनागर, डायरेक्टर, एक्सटर्नल अफेयर्स और पार्टनरशिप, रेकिट-साउथ एशिया, ने कहा, हॉर्नबिल फेस्टिवल के साथ ड्यूरेक्स टीबीबीटी की भागीदारी सांस्कृतिक समारोहों में महत्वपूर्ण बातचीत को एकीकृत करने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

# पुलिस ने 52 वांछित, वारंटी किये गिरफ्तार

**अभियान**

**वारंटियों के खिलाफ अभियान चला कर आधा सैकड़ा से अधिक ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया है**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने विभिन्न आपराधिक मामलों में वांछित चल रहे एवं वारंटियों के खिलाफ अभियान चला कर आधा सैकड़ा से अधिक ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को एसएसपी शैलेश पांडेय के निर्देशन में गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया गया। गुरूवार को जनपद के समस्त थानों द्वारा कुल 52 वांछित एवं वारंटियों को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।
प्रभारी निरीक्षक थाना राया अजय कौशल के मुताबिक हरिपाल सिंह पुत्र सूरजमल निवासी ग्राम नगला सहसू थाना राया को कैनाल एक्ट, बनी सिह पुत्र हरी सिह निवासी ग्राम खरवा थाना राया कापीराइट एक्ट, सुरेश पुत्र कढेरू, नीतेश पुत्र सौदान सिंह निवासीगण सरूआ थाना राया, रामसनेही पुत्र रुपराम निवासी ग्राम सुथरिया थाना रायां को उसके घर के बाहर से गिरफ्तार किया गया है। वहीं थाना छाता पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। शंकर पुत्र पुरुषोत्तम निवासी भदावल थाना छाता कैनाल एक्ट में वांछित चल रहा था। भूषण उर्फ बृजभूषण पुत्र स्व छिद्दी सिंह निवासी रनवारी थाना छाता विस्फोटक पदार्थ अधिनियाम में दर्ज हुए अभियोग में वांछित चल रहा था। प्रभारी निरीक्षक थाना छाता संजय कुमार त्यागी ने बताया कि अभियुक्त शंकर व भूषण उर्फ बृजभूषण को उनके मकान से गिरफ्तार किया गया।
थाना रिफाइनरी पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बाद व गेट नम्बर एक से शुक्रवार को दो वारण्टी मुकेश पुत्र बांके बिहारी निवासी पीलुआ थाना फरह को रेलवे एक्ट में जबकि पूरन पुत्र भूचा निवासी ग्राम बाद थाना रिफाइनरी को गिरफ्तार किया।

# हिसारः गुजवि कुशल कार्यबल तैयार करने के लिए प्रतिबद्धः नरसी राम बिश्नोई

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से नई दिल्ली आधारित डायनोटेक इंस्ट्रूमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के ऑन-कैंपस भर्ती अभियान में विश्वविद्यालय के तीन विद्यार्थियों का चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने गुरुवार को चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि गुजवि प्रौ विवि अपने अत्याधुनिक पाठ्यक्रमों और आधुनिक बुनियादी ढांचे के माध्यम से एक कुशल कार्यबल तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का फोकस हमेशा अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा




देने, उद्योग संबंधों को बढ़ाने और विद्यार्थियों का समग्र विकास सुनिश्चित करने, उन्हें कॉर्पोरेट जगत की गतिशील मांगों को पूरा करने के लिए तैयार करने पर रहता है। कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने भी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।प्री-प्लेसमेंट टॉक के दौरान कंपनी के प्रबंध निदेशक सुधीर शर्मा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि डायनोटेक इंस्ट्रूमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड वैज्ञानिक व औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए लेजर फोटोनिक्स के क्षेत्र में एक अग्रणी वितरक है। कंपनी एनकेटी फोटोनिक्स (डेनमार्क), फोटोनिक्स इंडस्ट्रीज इंक. (यूएसए) और क्लार्क एमएक्सआर इंक. (यूएसए) जैसे वैश्विक नेताओं के साथ विशेष रूप से सहयोग करती है।प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग (ईसीई) के 32 विद्यार्थियों ने भाग लिया। भर्ती प्रक्रिया में प्री-प्लेसमेंट टॉक, ऑफलाइन एप्टीट्यूड टेस्ट, संचार मूल्यांकन, तकनीकी साक्षात्कार व एचआर साक्षात्कार शामिल रहे। डॉ. सिंह ने गुजविप्रौवि में ड्राइव के आयोजन के लिए डायनोटेक इंस्ट्रूमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों सुधीर शर्मा, बीनू व गौरव का आभार व्यक्त किया।सहायक निदेशक प्लेसमेंट डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि बीटेक ईसीई की वैष्णवी सिंह, सुधांशु शेखर व ललित कुमार का चयन हुआ है। प्लेसमेंट अभियान का कुशल समन्वयन बीटेक ईसीई की छात्रा वैशाली मेहता ने किया। यह सफल सहयोग उद्योग के लिए तैयार पेशेवरों को तैयार करने और अग्रणी कंपनियों के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए गुजविप्रौवि के निरंतर प्रयासों को दशार्ता है।

## रॉयल एनफील्ड ने गोअन क्लासिक 350 लॉन्च की ; सत्तर के दशक की गोवा मोटो-संस्कृति से प्रेरित एक मोटरसाइकिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र : 70** और 80 के दशक की गोवा की अनोखी मोटो-संस्कृति से प्रेरित, रॉयल एनफील्ड ने गोअन क्लासिक 350 लॉन्च की है। यह बॉबर-स्टाइल मोटरसाइकिल आजादी, मस्ती और खुली सोच वाले लाइफस्टाइल की पहचान है। गोअन क्लासिक 350 सिर्फ एक बाइक नहीं, बल्कि खुद को अपने अंदाज में जताने का जरिया है। यह भारत की खास गोअन मोटो-संस्कृति से जुड़ी है, जिसने 70-80 के दशक में गोवा की आजाद और रंगीन लाइफस्टाइल को जन्म दिया। इसका दमदार फोर-स्ट्रोक इंजन और स्टाइलिश लुक इसे हर सफर के लिए परफेक्ट बनाते हैं। यह बाइक उन लोगों के लिए है जो हमेशा नई राहें खोजने और जिंदगी को अपने अंदाज में जीने की चाहत रखते हैं।हर कर्व और कंटूर के साथ, गोअन क्लासिक गोवा के कस्टम बिल्डर्स की स्ट्रिप्ड-डाउन और ट्रिप्ड-अप क्रिएशन से प्रेरित है, जो बॉबर और गोवा की जिंदादिल लाइफस्टाइल के जोश का संगम है। चॉप्ड फेंडर्स, मिड-एप हैंडलबार्स, एर्गोनॉमिक रूप फिट की गईं लो-स्लंग सीटें और रियर सिलहॉटे उन दिनों की याद दिलाती हैं जब राइडर्स अपनी मशीनों को केवल जरूरी चीजों तक सीमित कर देते थे और उनमें उनका व्यक्तित्व नजर आता था। इंजन का हर रेव गोवा के सुनहरे ग्रूव की भावना के साथ गूंजता है, ठीक वैसे ही जैसे सूरज की किरणों से भीगे दिन आपको हर पल का आनंद लेने के लिए प्रेरित करते हैं। सच्चे बॉबर-प्रेरित डीएनए के साथ, मोटरसाइकिल की विशेषता सिंगल-सीट डिजाइन, फ्लोटिंग राइडर सीट और ट्यूबलेस स्पोक व्हील्स पर व्हाइटवॉल टायर हैं जो बॉबर संस्कृति के जाने-माने कस्टमाइजेशन को दर्शाते हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 29 नवंबर 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# छवि सुधारने में जुटी हिमाचल सरकार

## कैबिनेट मंत्रियों के लिए दो-दो सोशल मीडिया समन्वयक होंगे नियुक्त

**जिम्मेवारी**

**सरकार का उद्देश्य अपनी छवि को बेहतर बनाना और योजनाओं व फैसलों को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना**



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने राज्य के सभी कैबिनेट मंत्रियों के लिए दो-दो सोशल मीडिया समन्वयकों की नियुक्ति का निर्णय लिया है। सरकार का उद्देश्य अपनी छवि को बेहतर बनाना और सरकारी योजनाओं व फैसलों को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना है। इसके तहत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक ने सभी कैबिनेट मंत्रियों के वरिष्ठ निजी सचिवों को एक पत्र जारी किया है, जिसमें हर मंत्री के लिए दो सोशल मीडिया समन्वयक नियुक्त करने का निर्देश दिया गया है।

**सोशल मीडिया समन्वयकों की जिम्मेदारी**

नियुक्त किए जाने वाले सोशल मीडिया समन्वयकों पर संबंधित मंत्री के सोशल मीडिया अकाउंट्स को संभालना का जिम्मा होगा। वे न केवल मंत्री के व्यक्तिगत और सरकारी सोशल मीडिया अकाउंट्स की देखरेख करेंगे, बल्कि उनके कार्यों, योजनाओं व उपलब्धियों को व्यापक स्तर पर प्रचारित भी करेंगे।सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक द्वारा जारी किए गए पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि सोशल मीडिया समन्वयकों की नियुक्ति आउटसोर्स आधार पर की जाएगी। नियुक्ति प्रक्रिया को नोमिनेशन और कोटर्मिनस आधार पर किया जाएगा।

**कुल 18 सोशल मीडिया समन्वयक नियुक्त होंगे**

सुक्खू सरकार में मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के अलावा नौ कैबिनेट मंत्री हैं। इस प्रकार कुल 18 सोशल मीडिया समन्वयकों की भर्ती की जाएगी जो इन मंत्रियों के साथ काम करेंगे। यह कदम सरकार की सोशल मीडिया रणनीति को एक नया रूप देने और डिजिटल माध्यम से जनता से सीधे जुड़ने के उद्देश्य से उठाया गया है। गौरतलब है कि हाल ही में प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री के विभागों द्वारा फोटो जारी करने पर रोक लगाई है। सरकार का तर्क है कि विभिन्न विभागों के कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री के शामिल होने के समय विभागों द्वारा जारी की गईं फोटो अक्सर सही नहीं होतीं, जिससे मुख्यमंत्री की छवि पर प्रतिकूल असर पड़ता है।

## किसान बागवानी अपनाकर बढ़ाएं आय: मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुर:** बागवानी, राजस्व और जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने जिला के किसानों से आग्रह किया है कि वे पारंपरिक फसलों के अलावा आधुनिक सुविधाओं के साथ बागवानी को भी अपनाएं, जिससे उनकी आय में काफी वृद्धि होगी। गुरुवार सुबह हमीरपुर के निकटवर्ती गांव बकारटी और बरंडा में एचपीशिवा परियोजना के तहत लगाए गए मौसम्बी के बागीचों के निरीक्षण किया तथा बकारटी में स्थानीय बागवानों के साथ संवाद के दौरान जगत सिंह नेगी ने यह अपील की।उन्होंने कहा कि प्रदेश के कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी फल उत्पादन, विशेषकर नींबू प्रजाति के फलों को बढ़ावा देने तथा बागवानों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार एचपीशिवा परियोजना के माध्यम से प्रदेश सरकार बागवानों के लिए बागीचे तैयार करके उन्हें सौंप रही है। इन क्षेत्रों के हर किसान-बागवान को इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाना चाहिए। बकारटी और बरंडा के क्लस्टरों में लगाए गए मौसम्बी के बागीचों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए जगत सिंह नेगी ने कहा कि शुरूआती दौर में ही यहां अच्छी पैदावार हुई है।

# रामायण में सीता और महाभारत में गीता हमारी मार्गदर्शक : राज्यपाल

**सर्वधर्म सद्भाव**

**रामायण और गीता को विश्व के प्राचीनतम ग्रंथ बताते हुए कहा कि यही भारत की संस्कृति और धर्म है**



**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि** रामायण में सीता और महाभारत में गीता हमारी मार्गदर्शक है। सीता माई ने जो कठिनाई झेली वह जीवन पथ का आलोक है। उन्होंने रामायण और गीता को विश्व के प्राचीनतम ग्रंथ बताते हुए कहा कि यही भारत की संस्कृति और धर्म है। बागडे गुरुवार को अखिल भारतीय यादव महासभा "अहीर" द्वारा भगवान श्री कृष्ण विचार एवं जनमानस विषयक आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यादव महासभा द्वारा श्री कृष्ण के सर्वधर्म सद्भाव की संस्कृति का सर्वत्र प्रसार करने का आह्वान किया। उन्होंने श्री कृष्ण के फल की इच्छा के बगैर कर्म करने के गीता के संदेश से प्रेरणा लेकर जीवन जीने पर जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण कभी इतिहास नहीं हो सकते। वह जनमानस में गहरे से रचे-बसे हैं। श्री कृष्ण की बांसुरी और राधा से उसकी डाह की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि उनके बगैर जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण को युगप्रवर्तक बताते हुए कहा कि जहां अन्याय-अत्याचार हुआ उसका विरोध किया। संस्कृति की हानि हुई तो भगवान ने आगे आकर उसका संरक्षण किया। राज्यपाल ने श्री कृष्ण- सुदामा की मित्रता की चर्चा करते हुए कहा कि उनकी मित्रता निभाने के संस्कार से सीख लेनी चाहिए। उन्होंने माखनचोर के उनके स्वरूप की कथा सुनाते हुए कहा कि वह इसलिए आकर्षित करते हैं कि हमेशा ईश्वर होते हुए भी मनुष्य की भांति रहे।

# गोचर भूमि का शत प्रतिशत उपयोग कर रही योगी सरकार



**गोवंश संरक्षण**

**प्रदेश में 6708 ग्रामीण गो-आश्रय स्थल का संचालन कर रही है योगी सरकार**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ की सरकार ने गोसंरक्षण और गोपालन के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए प्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों में ला खड़ा किया है। प्रदेश में गोवंश संरक्षण और उनकी देखरेख के लिए व्यापक स्तर पर योजनाओं को लागू किया जा रहा है, जिनसे न केवल गोवंश का कल्याण हो रहा है बल्कि किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। उत्तर प्रदेश में कुल 6708 ग्रामीण गो-आश्रय स्थल संचालित किए जा रहे हैं। इन सभी स्थलों पर गोवंश की देखभाल के लिए 100% टैग्ड गोचर भूमि का उपयोग किया गया है, जो 9091.21 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैली हुई है। इस भूमि में हरित चारा उत्पादन को प्राथमिकता दी गई है, जिससे गोवंश के पोषण की समस्या को दूर किया जा सके। हरित चारा उत्पादन में वृद्धि

टैग्ड गोचर भूमि में से 5465.93 हेक्टेयर क्षेत्रफल पर हरित चारा बोया गया है, जो कुल क्षेत्रफल का 60.12% है। इसमें, 1007.99 हेक्टेयर क्षेत्र में नेपियर घास की खेती की गई है, जबकि 4457.93 हेक्टेयर क्षेत्रफल पर बरसीम और ज्वारी चारे का उत्पादन हुआ है। यह प्रयास गोवंश के लिए पौष्टिक आहार सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

**इन जिलों में सर्वाधिक गो-आश्रय स्थल**

प्रदेश में सर्वाधिक गो-आश्रय स्थल जनपद जालौन (396), हरदोई (357), हमीरपुर (319), बांदा (309) चित्रकूट (306), बदायूं (297) उन्नाव (291), महोबा (266) में हैं, बड़े पैमाने पर हरे चारे का उत्पादन किया जा रहा है।

# गंगा की सहायक नदियों की स्वच्छता की हुई समीक्षा



**कार्य योजना**

**कर्णप्रयाग में निर्मित एसटीपी के हस्तांतरण को लेकर जल संस्थान की ओर से सहमति प्रदान की जा चुकी है।**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोपेश्वर: जिला** प्रशासन चमोली की ओर से गुरुवार को जिला गंगा संरक्षण समिति की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में गंगा संरक्षण के लिए सहायक नदियों की स्वच्छता को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में परियोजना निदेशक आनंद सिंह भाकुनी और बदरीनाथ वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी सर्वेश दुबे ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में परियोजना अधिकारी ने कर्णप्रयाग में निर्मित एसटीपी को शीघ्र हस्तांतरित करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने नगर क्षेत्रों में किए जा रहे डोर-टू-डोर कलेक्शन को सोर्स सेग्रिगेट करने साथ ही कूड़ा वाहनों में भी जैविक और अजैविक कचरे को अलग-अलग रखने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान एंटी लिटरिंग एंड एंटी स्पिटिंग और प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के तहत नियमित निरीक्षण करने के बात कही। बदरीनाथ वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी और वन विभाग के नोडल अधिकारी सर्वेश दुबे ने जिले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से होटलों को एसटीपी निर्माण के लिए दिए नोटिस के क्रम में पत्राचार कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने नगर पालिका, पेयजल निगम, जल संस्थान, कृषि, सिंचाई, वन विभाग, मनरेगा और स्वजल के अधिकारियों को जिला गंगा प्लान के तहत आगामी पांच वर्षों में किए जाने वाले कार्यों की प्राथमिकता के आधार पर कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को एक माह के भीतर कार्य योजना बनाने की बात कही। साथ ही उन्होंने पेयजल निगम के अधिकारियों को हल्दापानी भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र में स्थित आवासीय क्षेत्र में सीवर निकासी की कार्य योजना तैयार करने के भी निर्देश दिए।

इस मौके पर नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी गोविंद सिंह ने बताया कि कर्णप्रयाग में निर्मित एसटीपी के हस्तांतरण को लेकर जल संस्थान की ओर से सहमति प्रदान की जा चुकी है। सभी एसटीपी जल्द जल संस्थान को हस्तांतरित किए जाएंगे, वहीं उन्होंने बताया कि जनपद में एंटी लिटरिंग एंड स्पिंटिंग एक्ट में कुल 54 सामने आए हैं।

# सरकारी स्कूल की दीवार गिरी, तीन की मौत

**जालोर**। सायला थाना इलाके में पोषाणा गांव में सरकारी स्कूल की दीवार गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई। एक गंभीर घायल को अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। थानाधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि पोषाणा गांव की राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में भवन निर्माण का काम चल रहा था। यहां नींव भरने के लिए जेसीबी से पुरानी चारदीवारी के पास चार फीट का गड्ढा खोदा गया।

# राजस्थान में सभी स्कूलों का एक समय होगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** शिक्षा विभाग ने राजस्थान के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूल (राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध) को एक साथ संचालित करने के आदेश दिए हैं। सभी स्कूल एक साथ शुरू होंगे और एक ही समय पर सबकी छुट्टी होगी। अगर कोई स्कूल इन आदेशों की अवहेलना करेगा, तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। यहां तक कि मान्यता भी रद्द की जा सकती है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने बुधवार देर रात यह आदेश जारी किए हैं। माध्यमिक शिक्षा निदेशक की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि सर्दी के समय में एकल पारी स्कूल सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक ही चलेंगे। इसके अलावा दो पारी वाले स्कूल सुबह साढ़े सात से शाम साढ़े पांच बजे तक चलेंगे। दो पारी वाले स्कूल की प्रत्येक पारी सर्दी में पांच घंटे की ही रहेगी। गर्मी में सभी एक पारी के स्कूल सुबह साढ़े सात से दोपहर एक बजे तक संचालित होंगे। दो पारी वाले स्कूल सुबह सात से शाम छह बजे तक संचालित होंगे।



केदारनाथ क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक आशा नौटियाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से की भेंट।

## हिमाचल प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ रही

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पहाड़ों से लेकर मैदानों तक लोग भीषण सर्दी से कांप रहे हैं। जनजातीय जिलों लाहौल-स्पीति और किन्नौर में जहां रात का पारा माइनस में चल रहा है, वहीं हिल्स स्टेशनों मनाली, कुफरी व नारकंडा में दो डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। हालांकि शिमला की रातें मैदानी इलाकों से गर्म हैं। आने वाले दिनों में सर्दी का असर और बढ़ जाएगा। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, अगले 24 घंटों के दौरान पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में बदलाव आएगा।

**हब** गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ 800 एकड़ में औद्योगिक गलियारा विकसित कर रहा गीडा

# पूर्वांचल के इंडस्ट्रियल हब बनने की ओर बढ़े गोरखपुर के कदम



**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर:** बमुश्किल सात-आठ पहले तक औद्योगिक पहचान के संकट से जूझ रहे गोरखपुर ने अब पूर्वांचल के इंडस्ट्रियल हब बनने की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। बीते कुछ सालों से गीडा को केंद्र में रखकर गोरखपुर निवेशकों के पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभर रहा है। इंडस्ट्री लगाने के लिए उद्यमियों की तरफ से बढ़ रही मांग के मद्देनजर गीडा (गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण) द्वारा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ 800 एकड़ में औद्योगिक गलियारा (इंडस्ट्रियल कॉरिडोर) विकसित किया जा रहा है। इसके साथ ही धुरियापार में भी 5500 एकड़ में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनाने की कार्ययोजना मूर्त रूप ले रही है। 30 नवंबर को गीडा का 35वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा। 35 वर्षों के सफर में करीब 28 वर्ष गीडा की चाल काफी सुस्त रही। उद्यमियों के लिए ढांचागत सुविधाओं का अभाव, कानून व्यवस्था, निवेशकों के प्रोत्साहन के लिए कारगर नीतियों के न होने के कारण निवेशक गीडा क्षेत्र के प्रति उस गति से उत्साहित नहीं हो रहे थे जिसकी अपेक्षा गीडा की स्थापना के वक्त 1989 में की गई थी। पर, योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद 2017 से हालात पूरी तरह से बदलते गए हैं। निवेशकों और उद्यमियों को सरकार की तरफ से काम लायक माहौल और प्रोत्साहन मिला तो उनका रुझान भी गीडा के प्रति तेजी से बढ़ा। निवेशकों के रुझान को देखते हुए सीएम योगी की मंशा के अनुरूप गीडा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित कर रहा है। इस औद्योगिक गलियारा को 800 एकड़ में बसाया जा रहा है। इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में उद्योग लगने भी लगे हैं।

